राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 261, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली गुरुवार 04 अप्रैल 2024, मूल्य : 2 /-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

## मुख्य अपडेट

संजय सिंह की जमानत के बाद शराब घोटाले का सच सामने आया : गोपाल राय
.... पेज 03

बिल्डर रमेश गंगवार के कई ठिकानों पर आईटी का छापा, टैक्स हेराफेरी मामले
.... पेज 05

बंगाल क्रिकेट संघ जून में आयोजित करेगा पुरुष और महिला बंगाल प्रो टी-20 टूर्नामेंट
.... पेज 07

नामांकन पत्र



कांग्रेस उम्मीदवार राहुल गांधी ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए वायनाड जिले में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

## राहुल गांधी ने वायनाड से नामांकन भरा

वायनाड। राहुल गांधी ने बहन प्रियंका के साथ मिलकर वायनाड के कलपेट्टा में रोड शो किया। इसके बाद लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को केरल की वायनाड सीट से नामांकन दाखिल किया। इससे पहले उन्होंने बहन प्रियंका गांधी के साथ एक घंटे का रोड शो किया। इस दौरान राहुल ने क्षेत्र की जनता से कहा कि आपका सांसद होना सौभाग्य की बात है। वायनाड सीट में राहुल के खिलाफ I.N.D.I.A. में शामिल CPI की एनी राजा चुनाव लड़ रही हैं। एनी राजा ने भी बुधवार को रोड शो करने के बाद अपना नामांकन दाखिल कर दिया।

# संजय सिंह तिहाड़ से रिहा

### बोले- आप आंदोलन की कोख से जन्मी, किसी से डरने वाले नहीं

नयी दिल्ली। दिल्ली शराब नीति कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले में आरोपी राज्यसभा सांसद व आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह को उच्चतम न्यायालय के आदेश पर एक विशेष अदालत के बुधवार को कई शर्तों के साथ जेल से रिहा करने का आदेश दिया।

इसके बाद उन्हें करीब छह माह बाद तिहाड़ जेल से रिहा कर दिया गया।

शीर्ष अदालत ने मंगलवार को सिंह को जमानत देते हुए कहा था,ट्रायल कोर्ट द्वारा निर्धारित नियमों और शर्तों पर मुकदमे के लंबित रहने के दौरान जमानत पर रिहा किया जाए।

इस आदेश के मद्देनजर राऊज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने (बुधवार को) दो लाख रुपये का मुचलके की शर्त के अलावा सिंह को अपना पासपोर्ट अदालत में जमा करने, देश छोड़कर बाहर नहीं जाने और इस मुकदमे में अपनी भूमिका को लेकर कोई बात नहीं करने का निर्देश दिया।

इसके अलावा अदालत ने उन्हें दिल्ली के बाहर जाने की स्थिति में अपना कार्यक्रम इस मुकदमे के जाँच अधिकारी से साझा करने की शर्त लगाई।



न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले की (शीर्ष अदालत की) पीठ ने दो अप्रैल को आम आदमी पार्टी नेता सिंह की जमानत अर्जी मंजूर की थी।

दूसरी बार दिल्ली से राज्यसभा के सांसद बने सिंह ने दिल्ली उच्च न्यायालय से राहत नहीं मिलने पर (उच्च न्यायालय के उस आदेश को) शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी।

न्यायमूर्ति खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा था, हम संजय सिंह को जमानत दे रहे हैं।

मुकदमे के लंबित रहने के दौरान उन्हें रिहा किया जाएगा। वह अपनी राजनीतिक गतिविधियां जारी रख सकते हैं।

अदालत ने हालाँकि, आरोपी सिंह को सावधान करते हुए कहा था कि वह अपनी भूमिका या दिल्ली शराब नीति कथित घोटाले से जुड़ी किसी भी चीज़ के बारे में कोई टिप्पणी न करें।

शीर्ष अदालत के समक्ष प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का पक्ष रखते हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल वी एस राजू ने अपना (केंद्रीय जांच एजेंसी का) रुख नरम करते हुए कहा कि आप नेता सिंह को जमानत दी जाती है तो उसे कोई आपत्ति नहीं है।

पीठ ने अपने आदेश में कहा था,बयान (ईडी के) के मद्देनजर हम वर्तमान अपील (जमानत मामला) को स्वीकार करते हैं और निर्देश देते हैं कि संजय सिंह को ट्रायल कोर्ट द्वारा निर्धारित नियमों और शर्तों पर मुकदमे के लंबित रहने के दौरान जमानत पर रिहा किया जाए।

पीठ ने आप नेता की अपील स्वीकार करते हुए यह भी कहा, छह महीने से वह (संजय सिंह) हिरासत में है, लेकिन कुछ भी बरामद नहीं हुआ है। कोई पैसा बरामद नहीं हुआ है। पैसों का नामोनिशान नहीं है।

इसके बाद अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल श्री राजू ने 'पैसे के निशान न होने' की बात की व्याख्या करने की कोशिश की।

पीठ ने हालाँकि, स्पष्ट किया कि अदालत इस स्तर पर उस प्रश्न पर विचार नहीं कर रही है, लेकिन मामले का तथ्य यह है कि पैसा बरामद नहीं किया गया है।

सुनवाई के दौरान ईडी ने यह भी दावा किया था कि आरोपी सिंह के सहयोगियों, विवेक त्यागी, अजीत त्यागी और सर्वेश मिश्रा के मुख्य आरोपी दिनेश अरोड़ा के साथ (इस मामले में) घनिष्ठ संबंध थे।

केंद्रीय जांच एजेंसी ने यह भी आरोप लगाया गया है कि सिंह को कथित तौर पर दो मौकों पर (कथित शराब घोटाले में) दो करोड़ रुपये गलत तरीके से प्राप्त हुए थे।

शीर्ष अदालत ने दिल्ली उच्च न्यायालय के 20 अक्टूबर 2023 के फैसले के खिलाफ उनकी याचिका पर 21 नवंबर 2023 को ईडी को नोटिस जारी किया।

उच्च न्यायालय ने आप सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी के इस मामले में यह कहते हुए हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया था कि इसके लिए (जमानत के लिए) कोई 'आधार' नहीं है।

# कोर्ट ने केजरीवाल की याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा

### केजरीवाल को 21 मार्च को ईडी ने गिरफ्तार किया था



नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका पर बुधवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया जिसमें उन्होंने कथित शराब नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी और अंतरिम राहत की मांग की थी।

न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की एकल पीठ ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी )की ओर पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू और केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

केजरीवाल को 21 मार्च को ईडी ने गिरफ्तार किया था।

सोमवार को (एक अप्रैल) यहां की एक विशेष अदालत ने मुख्यमंत्री को 15 अप्रैल तक के लिए न्यायिक में भेज दिया था। वह दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं।

इससे पहले राऊज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने एक अप्रैल को संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद केजरीवाल को न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश पारित किया था।

केजरीवाल पहले नेता हैं, जिन्हें मुख्यमंत्री के पद पर रहते गिरफ्तार किया गया, जांच एजेंसी की हिरासत में भेजा गया और जेल भेजा गया।

केंद्रीय एजेंसी ने केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार करके उन्हें अगले दिन (22 मार्च) विशेष विशेष अदालत में पेश किया था, जहां 28 मार्च तक ईडी की हिरासत में पूछताछ के लिए भेजने का आदेश पारित किया गया। अदालत ने ईडी के दूसरी बार 28 मार्च को अनुरोध करने पर एक अप्रैल तक केजरीवाल की हिरासत अवधि बढ़ाई थी।

# बीजापुर मुठभेड़ में 13 माओवादियों के शव बरामद

### 18 घंटे चला एनकाउंटर; गृहमंत्री बोले- सरकार नक्सलियों से चर्चा के लिए तैयार

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर में हुई मुठभेड़ में 13 नक्सलियों के शव बरामद हो गए हैं।

मंगलवार देर रात तक 10 ही शव मिलने की सूचना थी। बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव के मुताबिक करीब 18 घंटे चले एनकाउंटर में कुल 13 नक्सलियों के शव बरामद किए जा चुके हैं। इनमें महिला नक्सली भी हैं।

मंगलवार सुबह 6 बजे से शुरू हुई मुठभेड़ रात करीब 11 बजे खत्म हुई।

जवानों ने नक्सलियों के पास से एके-47, एलएमजी जैसे ऑटोमैटिक हथियार भी बरामद किए हैं।

टेकलगुड़ेम मुठभेड़ की आज तीसरी



बरसी है। 3 अप्रैल 2021 में इस मुठभेड़ में 22 जवानों को नक्सलियों ने मारा था।

वहीं, 3 साल बाद उसी इलाके में पुलिस ने एक साथ 13 माओवादियों को ढेर किया है।

मुठभेड़ पर छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम और गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि सरकार नक्सलियों से चर्चा के लिए तैयार है।

#### नक्सलियों के कोर इलाके में मुठभेड़

पुलिस को सूचना मिली थी कि कोरचोली और लेंड्रा के जंगल में भारी संख्या में गंगालूर एरिया कमेटी के नक्सली मौजूद हैं। इस पर बीजापुर से DRG, CRPF, कोबरा, बस्तर फाइटर्स, बस्तरिया बटालियन और सीएएफ के जवानों को सोमवार रात संयुक्त ऑपरेशन पर रवाना किया गया था।

मंगलवार सुबह करीब 6 बजे जवान जब गंगालूर थाना क्षेत्र में नक्सलियों के कोर इलाके में पहुंचे तो मुठभेड़ हो गई। नक्सलियों ने जवानों को निशाना बनाते हुए फायरिंग शुरू कर दी। इस पर जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की।

#### 45 से 50 मिनट तक दोनों ओर से लगातार फायरिंग

सुबह 45 से 50 मिनट तक दोनों ओर से लगातार फायरिंग हुई। इसके बाद फायरिंग रुकी तो जवानों ने सर्चिंग शुरू की।

सुबह जवानों ने 4 नक्सलियों के शव और हथियार बरामद किए थे। दोपहर तक 4 और नक्सलियों के शव मिले हैं। शाम करीब 6 बजे 2 और शव बरामद किए गए। बाद में शवों की संख्या 13 हो गई।

## वरिष्ठ भाजपा नेता सुशील कुमार मोदी कैंसर से पीड़ित

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी कैंसर से पीड़ित हैं और यहां एम्स में उनका उपचार चल रहा है। पिछले छह महीने से कैंसर की बीमारी से जूझ रहे सुशील ने सोशल मीडिया एक्स पर स्वयं यह जानकारी साझा की है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा अब वह लोगों को अपनी बीमारी के बारे में बताने का सही समय समझते हैं। लोकसभा चुनाव में वह ज्यादा कुछ नहीं कर पाएंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी इस बारे में सब कुछ बता दिया है। उन्होंने आगे कहा कि वह देश, बिहार और पार्टी के प्रति समर्पित हैं।

# तेलंगाना की फैक्ट्री में रिएक्टर फटा, 5 की मौत



### मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है, हादसे के वक्त 50 लोग मौजूद थे

**एजेंसी**

संगारेड्डी। तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में एक केमिकल फैक्ट्री में रिएक्टर फटने से पांच लोगों की मौत हो गई। 10 अन्य घायल हो गए। घटना बुधवार (3 अप्रैल) की शाम 5 बजे की है। अधिकारियों ने मीडिया को बताया कि कई अन्य लोग अभी भी फंसे हुए हैं। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। स्थानीय लोगों और मीडिया के मुताबिक, विस्फोट के समय इमारत में 50 लोग थे।

जिस फैक्ट्री में ब्लास्ट हुआ है उसका नाम एसबी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड है। जो सांगरेड्डी जिले के चंदुर गांव में हैं। धमाके के बाद फैक्ट्री से काला धुआं उठने लगा। स्थानीय लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। मौके पर फायर ब्रिगेड और एंबुलेंस बुलाई गई। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से कुछ ही हालत गंभीर है।

#### घटना पर तेलंगाना सीएम ने दुख जताया

तेलंगाना सीएम रेवंत रेड्डी ने फैक्ट्री ब्लास्ट पर दुख जताया है। उन्होंने X पर पोस्ट में कहा कि एसबी ऑर्गेनिक्स के रिएक्टर में विस्फोट की घटना में कई लोगों की मौत चौंकाने वाली है।मैंने घायलों को बेहतर इलाज के लिए निर्देश दिए हैं। पीड़ित परिवारों को मेरी संवेदनाएं हैं।

## बॉक्सिंग खिलाड़ी विजेंदर सिंह भाजपा में शामिल



नयी दिल्ली। पूर्व कांग्रेस नेता एवं बॉक्सिंग खिलाड़ी विजेंदर सिंह बुधवार को यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए । पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, राष्ट्रीय मीडिया के सह-प्रमुख डॉ. संजय मयूख, विधायक एवं लोकसभा प्रत्याशी रामवीर सिंह बिधूड़ी और दिल्ली भाजपा प्रदेश के वरिष्ठ नेता राजीव बब्बर की उपस्थिति में वह भाजपा में शामिल हुए। तावड़े ने भाजपा परिवार में उनका स्वागत करते हुए कहा कि श्री सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प में अपना योगदान देने के लिए भाजपा में शामिल होने का निर्णय लिया है। उन्होंने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वायनाड में राहुल गांधी एसडीपीआई का समर्थन ले रहे हैं, जो प्रतिबंधित संगठन पीएफआई की राजनीतिक सहयोगी मानी जाती है। टुकड़े-टुकड़े गैंग के प्रति कांग्रेस का प्रेम जारी है।

# दम घुटने से परिवार के 7 लोगों की मौत

### मरने वालों में दो बच्चे भी शामिल; महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर की घटना

**एजेंसी**

मुंबई। महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में एक कपड़े की दुकान में आग लगने से ऊपरी मंजिल पर रहने वाले एक ही परिवार के सात लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में तीन महिलाएं, दो पुरुष और दो बच्चे शामिल हैं। हादसा बुधवार सुबह 3 बजे हुआ। आग लगने से इलाके में धुएं का बड़ा गुबार पैदा हो गया। जब आग लगी तो ऊपरी मंजिल पर लोग सो रहे थे। उन्हें नीचे आने का मौका ही नहीं मिला। नतीजतन सातों लोगों की दम घुटने से मौत हो गई। आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और उन्होंने आग पर काबू पाया।

#### इमारत में कुल 16 लोग थे, सात की जान गई



छत्रपति संभाजीनगर के पुलिस कमिश्नर मनोज लोहिया ने बताया कि जिस इमारत में आग लगी उसमें कुल 16 लोग मौजूद थे। पहली मंजिल पर 7 लोग थे, तो दूसरी मंजिल पर 7 लोग और तीसरी मंजिल पर 2 लोग थे। इसमें पहली मंजिल पर मौजूद सभी लोगों की मौत हो गई है। शवों को अस्पताल भेज दिया गया है। उनका पोस्टमॉर्टम किया जा रहा है।

# दवाओं की कीमतों नहीं होगी वृद्धि

नयी दिल्ली। सरकार ने कहा है कि दवाओं की कीमतों में वृद्धि नहीं होगी और इस संबंध में सभी समाचार भाम्रक और गलत हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि दवाओं की कीमतों में उल्लेखनीय वृद्धि का दावा करने वाली रिपोर्टें असत्य और भ्रामक हैं।

मंत्रालय ने कहा है कि कैलेंडर वर्ष 2023 के दौरान आधार वर्ष 2011-12 के साथ थोक मूल्य सूचकांक में वार्षिक वृद्धि 0.00551 प्रतिशत थी। इसके अनुरुप राष्ट्रीय फार्मास्युटिकल मूल्य निर्धारण प्राधिकरण ने 20.03.2024 को आयोजित अपनी बैठक में अनुसूचित दवाओं की कीमतों में 0.00551 प्रतिशत की वृद्धि को मंजूरी दे दी है। इसके अलावा गैर



अनुसूचित दवाओं की कीमतों में कोई भी विनिर्माता एक वर्ष में 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि नहीं कर सकता है।

मंत्रालय के अनुसार 923 दवाओं पर अधिकतम कीमतों में 0.00551 प्रतिशत की वृद्धि होगी। इसके अलावा 782 दवाओं की अधिकतम कीमतों में कोई बदलाव नहीं होगा। मौजूदा कीमतें 31.03.2025 तक लागू रहेंगी। इस प्रकार उन 54 दवाओं की कीमतों में 001 पैसे की वृद्धि होगी जिनकी कीमतें 90 रुपए से 261 रुपये के बीच हैं। इस प्रकार, वर्ष 2024-25 में दवाओं की अधिकतम कीमत में लगभग कोई बदलाव नहीं होगा।

कुछ रिपोर्टों में कहा गया है कि अप्रैल, 2024 से दवा की कीमतों में 12 प्रतिशत तक की उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी और इस वृद्धि से 500 से अधिक दवाएं प्रभावित होंगी।

औषधि मूल्य नियंत्रण आदेश (डीपीसीओ) 2013 के प्रावधानों के अनुसार, दवाओं को अनुसूचित और गैर-अनुसूचितके रूप में वर्गीकृत किया गया है। फार्मास्युटिकल विभाग के अंतर्गत राष्ट्रीय फार्मास्युटिकल मूल्य निर्धारण प्राधिकरण वार्षिक थोक मूल्य सूचकांक के आधार पर अनुसूचित दवाओं की अधिकतम कीमतों को संशोधित करता है।

मास्टरमाइंड अरेस्ट

### एसटीएफ ने नोएडा से राजीव मिश्रा को पकड़ा; रीवा के रिसॉर्ट में 300 को पढ़वाया था पेपर

# यूपी पुलिस पेपर लीक का मास्टरमाइंड नोएडा से अरेस्ट

मेरठ। यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में मास्टरमाइंड राजीव नयन मिश्रा को अरेस्ट कर लिया गया है। मेरठ एसटीएफ राजीव नयन को 2 अप्रैल की रात नोएडा से गिरफ्तार कर कंकरखेड़ा थाने लाई है। राजीव ने एसटीएफ को बताया, रीवा के महादेव शिव शक्ति रिसॉर्ट में 300 कैंडिडेट्स को एक साथ बैठाकर पुलिस का पेपर पढ़वाया था।

हर कैंडिडेट से 7 लाख रुपए में डील हुई थी। कुछ कैंडिडेट्स ने रुपए दे दिए थे, जो नहीं दे पाए थे। उनके ओरिजिनल डॉक्यूमेंट रख लिए थे। राजीव पहले भी एनएचएम घोटाले में ग्वालियर और यूपी टेट पेपर लीक में कौशांबी से जेल जा चुका है।

एसटीएफ एएसपी बृजेश कुमार सिंह ने बताया, 2 अप्रैल की शाम एसटीएफ को इनपुट मिला था कि पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक कराने वाला राजीव नयन मिश्रा नोएडा में है। इसके बाद टीमें अलर्ट हुईं और नोएडा पहुंचीं। नोएडा के परी चौक से एसटीएफ ने राजीव को अरेस्ट कर लिया।

#### रवि अत्रि ने राजीव को दिया था भर्ती पेपर

एएसपी के मुताबिक, राजीव ने बताया, रवि अत्रि ने ही उसे फोन पर ऑफर दिया था कि यूपी पुलिस भर्ती



का पेपर पढ़वाना है। मैं तुम्हें पेपर दूंगा तुम मध्य प्रदेश में इसे पढ़वाना और पैसा कमाना। कैंडिडेट्स से 5 से 7 लाख रुपया लेना है। जो पैसा मिलेगा उसे दोनों बांटेंगे।

#### इंजीनियरिंग पास जॉब कंसल्टेंट है राजीव नयन

राजीव नयन मूल रूप से प्रयागराज के थाना मेजा के अमोरा गांव का रहने वाला है। इन दिनों भरत नगर जेके रोड भोपाल में रहता है। उसके खिलाफ मेरठ के कंकरखेड़ा थाने में मुकदमा दर्ज है। राजीव ने भोपाल से इंजीनियरिंग की है। इसके बाद उसने जॉब नहीं किया और करियर एंड प्लेसमेंट कंसलटेंसी का ऑफिस खोल लिया। करियर कंसल्टेंट बनकर वो युवाओं के बीच बैठता।

युवाओं को नौकरी दिलाने के बहाने ठगने लगा। यही उसने अपना धंधा बना लिया। पहले एनएनएम और यूपी टेट पेपर लीक में शामिल हुआ और पैसा कमाया। इन दोनों कांड में राजीव जेल भी गया। जेल से छूटकर आया तो रवि अत्रि के जरिए पुलिस पेपर लीक में शामिल हो गया।

#### पत्नी को छोड़ भोपाल में अफेयर

राजीव की एक बहन की शादी प्रयागराज में हुई है। राजीव खुद भी शादीशुदा है। उसकी पत्नी गांव में रहती है। राजीव पिछले 10 सालों से भोपाल में अकेला रहता है। यहीं पढ़ने आया और यहीं ऑफिस खोल लिया। भोपाल में एक रेलवे अधिकारी की बेटी उसकी गर्लफ्रेंड है, जिससे उसका अफेयर चल रहा है। एसटीएफ पुलिस पेपर लीक मामले में अब राजीव के साथ रहने वाली गर्लफ्रेंड से भी पूछताछ करेगी।

## शार्ट न्यूज

### मनाली-लेह हाईवे पर सिस्सू के पास दरार

शिमला। हिमाचल प्रदेश के मनाली-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर सिस्सू के पास दरार आने से सड़क को खतरा हो गया है। पिछले सप्ताह हुए ताजा हिमपात के बाद यहां एकाएक दरार आ गई जो सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के लिए चुनौती बन गया है। अब स्थानीय लोगों ने वाया तेलिंग-शुरतंग-नर्सरी सड़क के विस्तारीकरण की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि सिस्सू के पास आई दरार से आने वाले पर्यटन सीजन पर असर पड़ सकता है। ऐसे में ग्रामीणों ने प्रशासन से वैकल्पिक मार्ग तेलिंग वाया शुरतंग से नर्सरी तक जोड़ने वाली सड़क को बीआरओ के अधीन कर इसका विस्तारीकरण किया जा सकता है। ग्रामीण जगदीश चंद, जगत सिंह, अनिल, कर्म सिंह, ओम प्रकाश, मनोज व विशाल ने कहा कि अगर लोक निर्माण विभाग तेलिंग-शुरतंग-नर्सरी तक आठ किलोमीटर सड़क को बीआरओ के अधीन करता है तो ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यटन कारोबार तो बढ़ेगा ही, इसके अलावा यात्रा भी सुरक्षित होगी। सिस्सू पंचायत के प्रधान राजीव ने बताया कि बुधवार को बीआरओ के कमांडर और उनकी टीम ने क्षतिग्रस्त सड़क का जायजा लिया है। इसमें पंचायत, वन विभाग और जलशक्ति विभाग से चर्चा कर सड़क को दुरुस्त करने के उपाय के बारे में बातचीत की। राजीव ने बताया कि गुरुवार से बीआरओ की मशीन सेल्फी प्वाइंट में सुरक्षा दीवार लगाने के लिए खोदाई करेगी और चंद्रा नदी की तरफ से भी डंगे लगाने का कार्य शुरू किया जाएगा।

### नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी 20 साल कैद

भिवानी। हरियाणा में भिवानी की अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट पोक्सो की अदालत ने बुधवार एक नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने, दुष्कर्म करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में दोषी करार देते हुए 20 साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 40 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना राशि नहीं भरने पर आरोपी को अतिरिक्त कारावास की सजा काटनी पड़ेगी। इस मामले में थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने वर्ष 2023 में अभियोग दर्ज किया था। मामले की न्यायालय में हुई सुनवाई के दौरान न्यायालय ने मामले को बहुत ही संगीन माना और दोषी की सजा में कोई नरमी नहीं बरती। मामले के अनुसार वर्ष 2023 में थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस को एक शिकायत दर्ज करवाई थी, जिसमें नाबालिग लडक़ी की मां ने आरोपी द्वारा नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और दुष्कर्म करने के मामले में अभियोग दर्ज किया गया था। नाबालिग के मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान करवाये गये तथा जांच इकाई के द्वारा महत्वपूर्ण साक्ष्यों का आकलन कर अभियोग में प्रभावी कार्यवाही करते हुये आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के सम्मुख पेश किया गया था। न्यायालय ने अभियोग में सुनवाई करते हुये आरोपी विशाल (भिवानी) को 20 साल कैद की सजा सुनाई।

### जोरदार धमाके से सहम उठे कुल्लू वासी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के जिला कुल्लू में अपराह्न करीब 2:00 बजे के आसपास एक जोरदार धमाका हुआ। धमाका जिला मुख्यालय के साथ भुंतर, मौहल, खराहल सहित पूरे इलाके में सुनाई दिया। धमाका इतना तेज था कि लोगों के घर तक हिल गए। ऐसे में कई लोग अपने घर से भी बाहर निकल आए। दहशत के बीच लोगों को इस धमाके का कोई पता नहीं लग पाया। घाटी के लोग इधर-उधर फोन कर इस बारे एक-दूसरे से जानकारी लेते रहे। वहीं सुरक्षा एजेंसियां भी इसका पता लगाने में जुट गई हैं। चर्चा है कि जब धमाका किसी सुपरसोनिक लड़ाकू विमान की वजह से हुआ। सुपरसोनिक लड़ाकू विमान जब ध्वनि की गति से तेज उड़ता है तो उसकी अधिकतम गति से हवा में विस्फोट होता है। कुल्लू के सहायक पुलिस अधीक्षक (एएसपी) संजीव चौहान ने कहा कि एयरफोर्स का अभ्यास चल रहा है। इस कारण फाइटर जेट के उड़ने से यह धमाका हुआ है। दरअसल, जब कोई चीज आवाज की रफ्तार से तेज गति से गुजरती है तो विस्फोट जैसी आवाज आती है। इस आवाज को ही 'सोनिक बूम' कहा जाता है। 'सोनिक बूम' से बड़ी मात्रा में ध्वनि ऊर्जा पैदा होती है। दरअसल, जब हवाई जहाज आवाज से भी तेज रफ्तार से चलते हैं। इसे सुपरसोनिक स्पीड कहा जाता है। विमान हवा में चलते समय ध्वनि तरंगें पैदा करता है।

### चिराग पासवान की पार्टी लोजपा रामविलास के कई नेताओं ने दिया इस्तीफा

पटना। लोकसभा चुनाव से पहले आज राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा-रामविलास) के कई नोताओं ने आज पार्टी से इस्तीफा दे दिया। लोजपा-रामविलास के प्रदेश संगठन सचिव ई. रविंद्र सिंह, पूर्व मंत्री, पूर्व लोकसभा सदस्य एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेणु कुशवाहा, पूर्व विधायक एवं राष्ट्रीय महासचिव सतीश कुमार, मुख्य विस्तारक अजय कुशवाहा समेत कई नेताओं ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। इन नेताओं ने पार्टी अध्यक्ष चिराग पासवान पर लोकसभा चुनाव के दौरान टिकट बेचने का आरोप भी लगाया और कहा कि जब उनके परिवार से लेकर पार्टी और सहयोगी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आपका साथ छोड़ दिया था, तब हम लोगों जैसे सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने खून-पसीने से इस पार्टी को सींचा। हमने चिराग पासवान के विजन पर भरोसा कर दिन-रात अपनी पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए काम किया। नेताओं ने कहा कि पार्टी के हजारों कार्यकर्ताओं की ही मेहनत का फल था कि राजग को सीटों के तालमेल के तहत लोजपा (आर) को पांच लोकसभा सीट देने पर मजबूर होना पड़ा। लेकिन, टिकट वितरण में जिस तरह से पार्टी के कार्यकर्ताओं की भावनाओं, उनकी मेहनत को रौंद दिया गया, वह हतप्रभ कर देने वाला है।

### दरभंगा : 40 हजार रिश्वत लेते कार्यपालक अभियंता समेत दो गिरफ्तार

दरभंगा। बिहार में निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, पटना की टीम ने नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कारपोरेशन लिमिटेड (एनबीडीसीएल) के कार्यपालक अभियंता (दरभंगा ग्रामीण) अजीत कुमार एवं उनकी सहयोगी एक महिला लाइनमैन रिंकू कुमारी को आज 40 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के पुलिस उपाध्यक्ष पवन कुमार ने बुधवार को बताया कि 13 सदस्यीय टीम ने आज अललपट्टी स्थित एनबीडीसीएल के दरभंगा ग्रामीण के कार्यपालक अभियंता अजीत कुमार एवं उनकी एक सहयोगी रिंकू कुमारी को आटा चक्की मलिक अनिल कुमार से 40 हजार रुपये रिश्वत लेते कार्यालय से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि ब्यूरो को 01 मार्च 2024 को समस्तीपुर जिला के खानपुर गांव निवासी अनिल कुमार ने दरभंगा जिला के डिलाही गांव में आटा चक्की के लिए बिजली का कनेक्शन देने के नाम पर कार्यपालक अभियंता अजीत कुमार द्वारा 40 हजार रुपये रिश्वत मांगे जाने की शिकायत की थी। कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला सही पाए जाने बाद कार्रवाई के लिए उनके नेतृत्व में 13 सदस्यीय टीम का गठन किया गया। टीम ने कार्यपालक अभियंता एवं उनकी सहयोगी को उनके कार्यालय में रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है।

### शाहाबाद के जंगलों में लगी आग हुई बेकाबू

बारां। मध्यप्रदेश के कूनो नेशनल पार्क से सटे राजस्थान के बारां जिले के शाहाबाद के जंगलों में सोमवार दोपहर से लगी आग पर बुधवार को भी काबू नहीं पाया जा सका। जंगल के अलग-अलग इलाकों में आग फैलती जा रही है। जिला प्रशासन, पुलिस के अलावा जिले के वनकर्मी और 100 से अधिक ग्रामीण समेत करीब 500 लोगों की अलग-अलग टीमे जंगल में उतरी हुई है। जिले भर से दमकल भी बुलाई जा रही है, लेकिन पठारी एवं पहाड़ी क्षेत्र में आग लगी होने से दमकल भी वहां तक नहीं पहुंच रही। वन विभाग शाहबाद के क्षेत्रीय वन अधिकारी हफीज मोहम्मद ने बताया कि आग पर काबू करने का पूरा प्रयास टीम कर रही है। नब्बे फ़ीसदी सफलता मिल गयी है। 10 प्रतिशत और बची आग को काबू में किया जा रहा है। वन कर्मियों को इसलिये भी अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है कि एकतरफा आग को बुझाया जाता है, तो दूसरी ओर आग भभक जाती है। बताया जा रहा है कि आग से जमीन पर अंडे देने वाले पक्षियों और जमीन पर रेंगने वाले वन्य जीव को काफी नुकसान हुआ है। आग बारां जिले के शाहाबाद उपखंड में राजपुर, तेलनी माता और हीराखोह के जंगल में लगी हुई है। इस क्षेत्र में भयानव तथा बियाबान जंगल है।

# चुनाव को लेकर अलर्ट मोड में पुलिस

## गौतमबुद्ध नगर में लगी धारा-144, पुलिस, पैरामिलट्री, पीएसी, बम-डॉग स्क्वायड ने किया पैदल मार्च



**गौतमबुद्ध नगर में लगी धारा-144**

आगामी त्योहारों जिसमें 5 अप्रैल को अलविदा जुमा की नमाज, 9 को नवरात्रि, 11 को ईद, 14 को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती, 17 को राम नवमी के अलावा 26 अप्रैल को मतदान होने के चलते 26 अप्रैल तक धारा-144 को लागू किया जा रहा है। इसके तहत बिना अनुमति के कोई जुलूस नहीं निकाला जा सकता। सार्वजनिक स्थानों पर 5 या इससे अधिक व्यक्ति एक साथ समूह नहीं बना सकते। ड्रोन शूटिंग पर पूर्णता प्रतिबंध रहेगा। धार्मिक स्थलों, सार्वजनिक स्थल और जुलूस में लाउड स्पीकर की आवाज उच्च न्यायालय द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार होगी। इसके अलावा अन्य गाइडलाइन का पालन शहर वासियों को करना होगा।

**नोएडा।** लोकसभा चुनाव, आगामी त्योहारों को देखते हुए नोएडा पुलिस अलर्ट मोड में है।

ऐसे में अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था के नेतृत्व में सभी जोन के डीसीपी, एडीसीपी व एसीपी द्वारा समस्त पुलिस बल, पैरामिलट्री, पीएसी, बम स्क्वायड, डॉग स्क्वायड टीम एवं एलआईयू टीम के साथ अपने-अपने क्षेत्रों में पैदल मार्च किया गया। यहां मिश्रित आबादी वाले क्षेत्र, धार्मिक स्थल, महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के आसपास पैदल मार्च किया गया।

पैदल मार्च के जरिए भीड़ व यातायात प्रबंधन व अन्य सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित किया जा रहा है।

एडीसीपी नोएडा मनीष कुमार मिश्र व एसीपी प्रथम प्रवीण सिंह ने नोएडा द्वारा थाना सेक्टर 39 क्षेत्र के अंतर्गत पैदल मार्च किया गया। पैदल मार्च के दौरान सम्बन्धित क्षेत्र में पड़ने वाले हिस्ट्रीशीटर व असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखते हुए उन्हे कठोर चेतावनी दी गयी। संभ्रात व्यक्तियों से मिलकर सामान्य लोकसभा निर्वाचन 2024 के सकुशल सम्पन्न कराने के लिए वार्तालाप किया गया। इसके अतिरिक्त इसमें पुलिस द्वारा सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर भी लगातार नजर रखी जा रही है। किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वाले असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।

# 4 अप्रैल से हर दिन नोएडा में चलेगा सफाई अभियान



**नोएडा।** सफाई व्यवस्था को बेहतर करने के लिए नोएडा प्राधिकरण की टीमें 4 अप्रैल से हर दिन सड़कों पर उतरेंगी। अधिकारी फील्ड में जाकर काम का जायजा लेंगे। महाप्रबंधक जल, उप महाप्रबंधक सिविल, विद्युत यांत्रिक से लेकर 8 वरिष्ठ प्रबंधक को इस निरीक्षण के लिए चुना गया है। इसके साथ ही शहर का क्षेत्र भी बांट दिया गया है। यह अधिकारी निरीक्षण कर जो समस्याएं या शिकायतें बताएंगे उनके निपटारा के लिए विभागों की समय-सीमा भी तय कर दी गई है।

तय समय में निपटारा न करने वाले विभागों के जिम्मेदारों पर कार्रवाई होगी। नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ संजय खत्री की तरफ से जारी आदेश में कहा गया है कि महाप्रबंधक, उप महाप्रबंधक, वरिष्ठ प्रबंधक सफाई व्यवस्था के लिए नियमित निरीक्षण करेंगे। एसीईओ भी हर 3 दिन में निरीक्षण करेंगे।

निरीक्षण सुबह 7 बजकर 30 मिनट पर शुरू हो जाएगा। जिम्मेदारी निरीक्षण में मिलने वाली उस क्षेत्र की समस्याओं को सूचीबद्ध कर रिपोर्ट तैयार करने की अधिकारी की होगी। फिर समस्याओं के निपटारा की फोटो के साथ विभागों को दिखाकर रिपोर्ट तैयार करनी होगी।

# 3 दिन से लापता बच्चे को परिजनों से मिलाया

## पुलिस ने गूगल सर्च कर पता किया गांव

नोएडा। 3 दिन पहले संदिग्ध परिस्थितियों में लापता 5 साल के बच्चे को पुलिस ने परिजनों से मिला दिया है। बच्चे को सूरजपुर पुलिस ने शेल्टर होम में दाखिल किया गया था। लापता और गुमशुदा बच्चों की सकुशल बरामदगी के लिए एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम द्वारा शेल्टर होम में बच्चों की काउंसिलिंग की जाती है। लावारिस हालत में मिले बच्चे को सेक्टर 12/22 स्थित साईं कृपा बाल आश्रम में रखा जाता है।

डीसीपी महिला सुरक्षा प्रीति यादव ने बताया, बीते दिनों लावारिस हालत में मिले बच्चे को पुलिस ने साईं कृपा आश्रम में दाखिल कराया था। एएचटीयू द्वारा बच्चे की जब काउंसिलिंग की गई तो उसने अपना नाम वंश बताया। बालक ने बताया की उसके दादा सूरजपुर में रहते और किसी बड़े स्कूल में काम करते हैं।

इसके बाद टीम के सदस्य बच्चे को लेकर सूरजपुर और नॉलेज पार्क पहुंचे और लोगों से उसके बारे में पूछा। काफी प्रयास के बाद भी बच्चे के परिजनों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी।

इसके बाद बच्चे द्वारा बताए गए गांव बड़ौदा को गूगल पर सर्च किया गया तो पता चला कि संबंधित गांव बुलंदशहर के थाना कोतवाली देहात के अंतर्गत आता है। इसके बाद टीम ने कोतवाली देहात बुलंदशहर से बड़ौदा गांव के बारे में पूछा व प्रधान का नंबर लेकर बातचीत की। प्रधान ने बताया कि उसके गांव का लाला उर्फ जगत प्रसाद वर्तमान में अपने परिवार के साथ नोएडा में रहता है। वंश उन्हीं का बेटा है।

टीम ने दादा चन्द्र प्रकाश उर्फ गुडडू को बालक वंश के बारे में जानकारी दी तो वे बहुत खुश हुए। मंगलवार को वंश के दादा चन्द्र प्रकाश व उसकी दादी राजकुमारी उसे लेने शेल्टर होम आए।

# ग्रेटर नोएडा में चौकीदार की मौत का खुलासा

## रिटायर्ड सीओ के बेटे ने मारा था, टोका टोकी करने से था नाराज

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा की नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने दो दिन पहले हुई चौकीदार की हत्या का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में जेपी अमन सोसाइटी में रहने वाले रिटायर्ड सीओ के बेटे को गिरफ्तार किया है। वह रात को इधर-उधर घूमा करता था। जिस पर चौकीदार ने उसे टोक दिया था। इसी बात से क्षुब्ध होकर उसने चाकू ईंट और पत्थर से वार करके निर्मम तरीके से उसकी हत्या कर दी थी।

### निर्मम तरीके से हत्या की गई थी

ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में 1 अप्रैल की सुबह सेक्टर 150 में जेपी अमन सोसाइटी के पास एक बुजुर्ग का शव मिला था। जो की लहूलुहान अवस्था में था। पुलिस द्वारा जब जांच पड़ताल की गई तो मृतक की पहचान नंदराम के रूप में हुई जो कि वहां पर चौकीदारी का काम किया करता था।



उसकी किसी अज्ञात के द्वारा निर्मम तरीके से हत्या की गई थी। चाकू से वार करके उसका गला काटा गया था। साथ ही ईट और पत्थर से भी उसके शरीर पर कई बार किए गए थे। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई।

### खुलासे के लिए टीमों का गठन किया गया

निर्मम तरीके से की गई हत्या के बाद इस घटना के खुलासे के लिए टीमों का गठन किया गया। पुलिस के द्वारा आसपास लगे हुए सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। साथ ही लोगों से भी पूछताछ की गई।

सीसीटीवी फुटेज इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस व साक्ष्यों के आधार पर जेपी अमन सोसायटी में रहने वाले एक युवक का नाम सामने आया। पुलिस के द्वारा जब उसके घर पर दबिश दी गई तो पता कि वह फरार है।

इसके बाद पुलिस ने गोपनीय सूचना और सर्विलांस के माध्यम से आरोपी को जेपी अमन सोसायटी के पीछे से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी का नाम शाश्वत सिंह है,जो की मूल रूप से शाहजहांपुर का रहने वाला है।

### शाश्वत आधी रात के बाद घूमा करता था

लेकिन फिलहाल वह अकेला जेपी अमन सोसायटी में रह रहा था। बताया जा रहा है कि वह एक रिटायर्ड सीओ का बेटा है। उसका अपने परिवार से भी कोई विवाद चल रहा है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर आला कत्ल भी बरामद कर लिया है।

ग्रेटर नोएडा के एडिशनल डीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि चौकीदार की हत्या का खुलासा कर दिया गया है। शाश्वत नाम के आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि जेपी सोसाइटी में रहने वाला शाश्वत आधी रात के बाद घूमा करता था।

### आला कत्ल व सामान भी बरामद किया गया

जिसको लेकर चौकीदार ने कई बार उससे रात में न घूमने की बात कही।

इस तरह की टोका टोकी से वह परेशान हो गया और 31 मार्च रात्रि को जब वह बाहर घूमने के लिए निकला तो उसे रास्ते में चौकीदार मिल गया।

उसने चौकीदार पर चाकू से वार कर दिया और उसके बाद ईंट और पत्थर से भी उसके शरीर पर वार किया। उसकी हत्या करने के बाद मौके से फरार हो गया। फिलहाल आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसकी निशान देही पर आला कत्ल व सामान भी बरामद किया गया है।

# जिले में धारा-144 अब 26 अप्रैल तक प्रभावी रहेगी

**नोएडा।** अलविदा जुमा, ईद, रामनवमी और मतदान से पहले गौतमबुद्धनगर में धारा 144 लगा दी गई है। जिले में 26 अप्रैल 2024 तक यह धारा प्रभावी रहेगी। इस दौरान कोई भी व्यक्ति बिना अनुमति जुलूस नहीं निकाल सकेगा।अपर पुलिस उपायुक्त कानून व्यवस्था हृदेश कठेरिया ने बताया कि धारा-144 का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पांच या इससे अधिक व्यक्तियों का समूह नहीं बनेगा। सरकारी दफ्तरों के ऊपर और आसपास एक किलोमीटर की परिधि में ड्रोन से शूटिंग करना पूरी तरह से प्रतिबंधित होगा। किसी भी धार्मिक स्थल, सार्वजनिक स्थल और जुलूसों समेत अन्य आयोजनों में लाउडस्पीकर की ध्वनि की तीव्रता उच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित किए गए मानक के अनुरूप होगी। सार्वजनिक स्थानों और मार्गों पर नमाज और पूजा अर्चना नहीं होगी। कोई भी व्यक्ति विवादित स्थलों पर पूजा और नमाज आदि करने का न तो प्रयास करेगा और न ही किसी को प्रेरित करेगा। कोई भी व्यक्ति जनपद की सीमा के अंदर लाठी, डंडा, तेज धार वाले चाकू या अन्य हथियार लेकर नहीं चलेगा।

हर्ष फायरिंग पर पूरी तरह से रोक रहेगी। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस की नजर रहेगी। कोई व्यक्ति किसी खुले स्थान अथवा मकानों की छतों पर ईंट, पत्थर, ज्वलनशील पदार्थ अथवा कोई विस्फोटक सामग्री जमा नहीं करेगा।

### महिला इंस्पेक्टर के घर का ताला तोड़कर चोरी

**ग्रेटर नोएडा।** बुलंदशहर में तैनात महिला इंस्पेक्टर के सूरजपुर स्थित घर का ताला तोड़कर चोरी करने का मामला सामने आया है। बदमाश मकान का ताला तोड़कर 50 हजार रुपये, गहने और घरेलू सामान चोरी कर ले गए। महिला इंस्पेक्टर ने सुरजपुर कोतवाली में मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस चोरों की तलाश में जुटी है। सूरजपुर पुलिस के मुताबिक देवला गांव स्थित पंछी विहार कॉलोनी में महिला इंस्पेक्टर रजनी वर्मा के पति अपने बेटे के साथ रहते हैं। महिला इंस्पेक्टर रजनी वर्मा फिलहाल बुलंदशहर के महिला थाने की प्रभारी हैं।

# मैनेजर को कुचलने वाले के खिलाफ केस दर्ज

एजेंसी

ग्रेटर नोएडा। पुलिस ने साकीपुर गोल चक्कर के समीप सोमवार की रात सड़क किनारे खड़े कंपनी के स्टोर मैनेजर को कार से कुचलने वाले आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। मृतक की पत्नी ने आरोपी के खिलाफ थाने में शिकायत दी। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।सेक्टर बीटा-2 में उधम सिंह नगर उत्तराखंड निवासी गोकुल शर्मा परिवार के साथ रहते थे। वह कंपनी में स्टोर मैनेजर थे। वह सोमवार देर रात साकीपुर के समीप सर्विस रोड पर खड़े थे। दोस्त भी उनके साथ थे। इसी दौरान स्कॉर्पियो कार ने उनको कुचल दिया। हादसे में गोकुल शर्मा की मौत हो गई। दोस्तों का आरोप है कि आरोपी चालक ने जानबूझकर कार चढ़ाई थी। इस मामले में गोकुल शर्मा की पत्नी भावना शर्मा ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज करवाया है।

सूरजपुर कोतवाली प्रभारी का कहना है कि कार और उसके चालक के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। इसके लिए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली जा रही है।

# नैनीताल में 44 बंदी एड्स ग्रस्त, सितारगंज शिफ्ट करने के निर्देश

**नैनीताल।** उत्तराखंड में कैदियों के मुकाबले जेलों की कम क्षमता एक बड़ी समस्या बनती जा रही है। जेलों में क्षमता के विपरीत कई गुना अधिक बंदी ठूंसे गये हैं।

खासकर लाइलाज और संक्रामक बीमारी से ग्रस्त बंदियों का रखरखाव एक चुनौती बन गयी है। इसको लेकर उच्च न्यायालय भी चिंतित है। उच्च न्यायालय ने एड्स (एचआईवी) रोग से ग्रसित 44 बंदियों को सितारगंज जेल में शिफ्ट करने के निर्देश दिये हैं। मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की युगलपीठ में प्रदेश की जेलों को लेकर दायर विभिन्न जनहित याचिकाओं पर सुनवाई हुई।

नैनीताल में जेल निर्माण को लेकर आज सरकार की ओर से जवाबी हलफनामा पेश किया गया। बताया गया कि नैनीताल शहर और उसके आसपास जेल निर्माण के लिये भूमि उपलब्ध नहीं है।

नयी जेल के निर्माण के लिये 10 एकड़ भूमि की आवश्यकता होगी। रामनगर और लालकुआं में भूमि उपलब्ध हो



सकती है। न्यायमित्र अधिवक्ता की ओर से यह भी बताया गया कि नैनीताल जेल में 44 बंदी एड्स जैसी लाइलाज बीमारी से ग्रसित हैं।

अदालत ने इसे गंभीरता से लिया और इन कैदियों को सितारगंज जेल में शिफ्ट करने के निर्देश दिये। साथ ही बंदियों की समय पूर्व रिहाई पर जोर दिया और जेल महानिरीक्षक को सरकार से अनुमति लेकर ऐसे बंदियों की रिहाई के निर्देश दिये।

अदालत ने नयी जेल के लिये 10 एकड़ भूमि की आवश्यकता पर भी सवाल खड़े किये। गौरतलब है कि नैनीताल जेल में 71 बंदियों की क्षमता के मुकाबले दोगुना बंदी ठूंसे हुए हैं। यही हाल पिथौरागढ़, अल्मोड़ा, ऊधमसिंह नगर, हरिद्वार और देहरादून की जेलों का भी है।

### उमर अब्दुल्ला ने आजाद पर बोला हमला

श्रीनगर। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि श्री गुलाम नबी आजाद के अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने में कुछ गड़बड़ है। डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आज़ाद पार्टी (जीपीएपी) ने मंगलवार को घोषणा की कि जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री आज़ाद अनंतनाग-राजौरी निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। अब्दुल्ला ने कहा, मैं काफी आश्चर्यचकित हूं कि आजाद साहब ने अनंतनाग-राजौरी-पुंछ से लड़ने का विकल्प चुना है। मैं सोचता हूं कि अगर वह संसद में जाने के इतने ही इच्छुक हैं, उन्हें अपने गढ़ से चुनाव लड़ना चाहिए था। उनकी ताकत चिनाब घाटी मानी जाती है, मैं सोचता था कि वह उधमपुर सीट से लड़ेंगे। उन्होंने श्रीनगर के बाहरी इलाके में मीडियाकर्मियों से कहा, तथ्य यह है कि वह उधमपुर से नहीं लड़ रहे हैं और वह राजौरी-पुंछ से चुनाव लड़ रहे हैं, स्पष्ट रूप से जो दिखता है उससे कहीं अधिक है। जैसा कि कहा जाता है दाल में कुछ काला है।

## जम्मू-कश्मीर में इंडिया समूह को लगा झटका

# पीडीपी सभी तीन लोकसभा सीटों पर लड़ेगी चुनाव

एजेंसी

श्रीनगर। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने जम्मू-कश्मीर में इंडिया समूह को करारा झटका देते हुए बुधवार को घोषणा की कि पार्टी घाटी में सभी तीन लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। मुफ्ती ने कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) ने पीडीपी के लिए उम्मीदवार उतारने और चुनाव लड़ने के अलावा कोई विकल्प नहीं छोड़ा है। उन्होंने श्रीनगर में संवाददाताओं से कहा कि पार्टी का संसदीय बोर्ड उम्मीदवारों पर अंतिम फैसला करेगा और आने वाले दिनों में नामों की घोषणा करेगा।

पूर्व मुख्यमंत्री की यह घोषणा नेकां उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला की ओर से पीडीपी को घाटी की तीन सीटों पर उनके खिलाफ उम्मीदवार खड़ा करने से परहेज करने का सुझाव देने के एक दिन बाद आयी है।

उन्होंने कहा कि विशेष रूप से अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद एकजुट रहना समय की मांग है, लेकिन नेकां



नेतृत्व का रवैया निराशाजनक था, जिसने पार्टी को कश्मीर से सभी सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए मजबूर किया है। मुफ्ती ने कहा, उमर साहब ने हाल ही में कहा था कि पीडीपी का कोई अस्तित्व नहीं है और महबूबा (2019 के चुनावों में) चौथे नंबर पर आयी थीं।

उसके बाद क्या हुआ कि कठिन समय में मेरे साथ रहे मेरे कार्यकर्ताओं ने अपमानित और निराश महसूस किया... पीडीपी ने 28 सीटें जीतीं और नेकां को कुछ वर्षों के दौरान दो बार सत्ता से बाहर रखा और अब वे (नेकां) कह रहे हैं कि पीडीपी का कोई अस्तित्व नहीं है।

उन्होंने कहा, उमर साहब की भाषा सख्त थी और जिससे मेरे कार्यकर्ताओं को ठेस पहुंची है। मैं किस मुंह से अपने कार्यकर्ताओं के पास जाऊंगी और कहूंगी कि उमर साहब कहते हैं कि पीडीपी को उम्मीदवार खड़ा करने से बचना चाहिए और उनका समर्थन करना चाहिए। क्या यह इतना आसान है? उन्होंने (नेकां ने) उम्मीदवारों को मैदान में उतारने और चुनाव लड़ने के अलावा हमारे लिए कोई दरवाजा खुला नहीं छोड़ा है।

मुफ्ती ने कहा कि उनकी पार्टी ने नेकां के लिए सभी सीटें छोड़ दी होती, लेकिन दुर्भाग्य से पीडीपी से कभी सलाह नहीं ली गयी। उन्होंने कहा, मुंबई में इंडिया समूह की बैठक के दौरान, मैंने फारूक (साहब) अब्दुल्ला, जो हमारे सबसे वरिष्ठ नेता हैं, से कहा कि उन्हें जम्मू-कश्मीर के बारे में निर्णय लेना होगा। मैंने सोचा था कि जब कोई न्यायाधीश बनता है, तो वह दलगत राजनीति से ऊपर उठेगा। पीडीपी अध्यक्ष ने कहा कि जिस तरह श्री उमर अब्दुल्ला ने कल बात की, नेकां नेता यह बात दो महीने पहले भी कह सकते थे।

# शार्ट न्यूज

## गाजियाबाद में कार शोरूम में लगी आग

गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना लिंक रोड क्षेत्र में साहिबाबाद इंडस्ट्रियल एरिया में कार शोरूम में आग लग गई। आग की सूचना पर चार फायर टैंकर रवाना किए गए। आग बहुत तेजी से फैल रही थी और धुंआ बहुत गहरा था। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाना शुरू किया। आग ऑफिस के हिस्से में लगी थी और शोरूम के वर्कशॉप के हिस्से में करीब दो दर्जन कार खड़ी थी। दमकल कर्मियों की कड़ी मशक्कत के चलते 1 घंटे में आग पर काबू पाया गया और गाड़ियों को जलने से बचाया गया। गाजियाबाद में दमकल विभाग के चीफ फायर ऑफिसर राहुल पाल ने बताया की फायर स्टेशन वैशाली को सूचना मिली कि हरप्रीत फोर्ड वर्कशॉप प्लांट में आग लग गई है। यह नंबर आठ 8/1 ए साइट-4 इंडस्ट्रियल एरिया साहिबाबाद में स्थित है। आग की सूचना पर फायर स्टेशन वैशाली से चार फायर टैंकर दमकल कर्मियों के साथ रवाना किए गए। मौके पर पहुंचकर दमकल कर्मियों ने देखा कि आग की लपटे बहुत तेज है और यह बहुत तेजी से फैल रही है। साथ ही धुंआ भी बहुत अधिक था जिसके चलते आग पर काबू पाना काफी मुश्किल था। दमकल कर्मियों ने होज पाइप फैला कर आग बुझाने का काम शुरू किया। आग ऑफिस की तरफ लगी थी और तेजी से फैलते हुए वर्कशॉप के हिस्से में जा रही थी। वर्कशॉप में करीब दो दर्जन गाड़ियां खड़ी थी। दमकल कर्मियों ने 1 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया साथ ही कारों को जलने से बचाया।

## मरीज को स्ट्रेचर पर लेकर थाने पहुंचे परिजन

नोएडा। नोएडा के सेक्टर-24 स्थित कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) अस्पताल प्रबंधन और डाक्टरों पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए परिजन मरीज को स्ट्रैचर पर लेकर सेक्टर-24 थाने पहुंच गए। परिजनों ने अस्पताल के डायरेक्टर व अन्य डाक्टरों के खिलाफ थाने में लिखित शिकायत दी। मामला बढ़ता देख सेक्टर-24 कोतवाली प्रभारी विवेक श्रीवास्तव मरीज के साथ अस्पताल पहुंचे। प्रबंधन से वार्ता कर मरीज को दिल्ली स्थित वेंकटेश्वर अस्पताल रेफर करवाया है। सेक्टर-10 के रिम थापा का कहना है कि 60 साल के पिता सीबी थापा का लिवर खराब है। डॉक्टरों ने लिवर ट्रांसप्लांट की आवश्यकता बताई है। बहन ट्रांसप्लांट के लिए लिवर देने को तैयार है। लेकिन पिछले ढाई माह से ईएसआईसी अस्पताल प्रबंधन से ट्रांसप्लांट की अनुमति के लिए चक्कर काट रहे हैं। विरोध और धरने के बाद लिवर ट्रांसप्लांट के नाम पर प्रबंधन की ओर से गुरुग्राम स्थित आर्टेमिस अस्पताल में आठ मार्च को रेफर किया गया था। आर्टेमिस अस्पताल प्रबंधन की ओर से कहा गया कि मरीज को ओपीडी में सिर्फ परामर्श के लिए भेजा गया है। तीन दिन बाद मरीज को आर्टेमिस अस्पताल ले गए थे, लेकिन आर्टेमिस अस्पताल ने ईएसआईसी अस्पताल के पैनल में नहीं होने की बात कही। जबकि ईएसआईसी अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि आर्टेमिस अस्पताल लिवर ट्रांसप्लांट के लिए पैनल में शामिल है। इस संबंध में प्रबंधन की मांग पर आर्टेमिस अस्पताल के खिलाफ लिखित शिकायत दी है। इसके बाद ईएसआईसी प्रबंधन ने मरीज को दिल्ली एम्स में सिर्फ ओपीडी के लिए रेफर किया है।

## तमंचे की बट व सरिये से परिवार को पीटा

गाजियाबाद/मसूरी। नाहल में बच्ची को ईंट फेंककर मारने का विरोध करने पर दबंगों ने घर में घुसकर परिवार को तमंचे की बट और सरिये से पीटा। मामले में पीड़ित ने पांच लोगों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। नाहल निवासी किसान उम्मेद ने बताया कि उनकी चार साल की पोती इल्मा घर के बाहर बैठी थी। तभी पड़ोसी सद्दाम के घर की तरफ से ईंट आकर उनकी पोती को लगी, जिससे वह घायल हो गई। उन्होंने इस बात पर आपत्ति जताई तो आरोपी भड़क गए। वह घर से तमंचा, सरिया निकालकर ले आए और उनके परिवार को घर में घुसकर पीटा। तमंचे की बट और सरिया लगने से परिवार के लोग घायल हो गए। उम्मेद ने फुरकान रिजवान, गुलफाम, सद्दाम और फरमान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। एसीपी रवि कुमार ने बताया कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मसूरी में मामूली बात पर हुई कहासुनी से नाराज पड़ोसियों ने घर में घुसकर महिलाओं को पीटा। विरोध करने पर घरेलू सामान को क्षतिग्रस्त कर दिया। शिकायतकर्ता ने महिलाओं से अभद्रता करने का भी आरोप लगाया है। मामले में पीड़ित ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। आरोपी पहले भी उन पर हमला कर चुके हैं। पुलिस ने मामले में जांच की बात कही है।

## महिला से 7.89 लाख की ठगी




गाजियाबाद। टास्क पूरा कर मोटी कमाई होने के नाम पर शातिरों ने महिला को 7.89 लाख की चपत लगा दी। मामले में पीड़िता ने साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। शक्तिखंड इंदिरापुरम निवासी अनीता कौल ने बताया कि उनके वाट्सएप नंबर पर कॉल आई। जिसमें आरोपियों ने दावा किया है कि पार्ट टाइम जॉब करके अच्छी कमाई की जा सकती है। यदि काम शुरू करना है तो दिए गए लिंक पर क्लिक किजिए। आरोपियों ने टास्क पूरा करने पर 150 रुपये उनके खाते में भेज दिए। इसके बाद उन्होंने दावा किया कि यदि वह इसमें कुछ पूंजी निवेश करेंगी तो और आमदनी बढ़ जाएगी। उनकी बातों में आकर उन्होंने पहले तीन हजार रुपये ट्रांसफर किए। फिर उनके कहने पर अलग अलग दिन 7.89 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। आरोपी उनसे और रकम भेजने को कह रहे थे, लेकिन तब तक वह सब कुछ समझ चुकी थीं। मामले में उन्होंने साइबर थाने में शिकायत दी। पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी। इस बारे में एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

# संजय सिंह की जमानत के बाद शराब घोटाले का सच सामने आया : गोपाल राय

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी( आप) के दिल्ली प्रदेश संयोजक एवं कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने बुधवार को कहा कि 'आप' सांसद संजय सिंह को जमानत मिलने के बाद एक बात स्पष्ट हो गई है कि बिना किसी सबूत और प्रमाण के डरा-धमकाकर, दबाव बनाकर, लोगों को सरकारी गवाह बनाकर, झूठे आरोप लगाकर सारी गिरफ्तारियां की गई हैं।

राय ने संवाददाताओं से आज कहा कि मोदी सरकार ने पिछले दो साल से दिल्ली में फर्जी शराब घोटाले का षड्यंत्र करके दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को खत्म करने का अभियान चलाया था। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की केंद्र सरकार ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को अपना हथियार बनाकर फर्जी आरोपों के आधार पर एक-एक कर 'आप' के नेताओं को गिरफ्तार कराया। पहले सत्येंद्र जैन, फिर मनीष सिसोदिया और श्री संजय सिंह को गिरफ्तार किया गया। केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया है। सुप्रीम कोर्ट से सिंह को जमानत मिलने के बाद एक बात स्पष्ट हो गई है कि बिना किसी सबूत और प्रमाण के डरा-धमकाकर, दबाव बनाकर, लोगों को सरकारी



गवाह बनाकर, झूठे आरोप लगाकर ये सारी गिरफ्तारियां की गई हैं। सुप्रीम कोर्ट में यह सारा सच सामने आ गया है। यह भाजपा के षड्यंत्र और तानाशाही की सबसे बड़ी हार है। उन्होंने कहा, भाजपा के नेता बार-बार कहते हैं कि केजरीवाल को नौ समन भेजा और वह पूछताछ के लिए नहीं आए इसलिए उनको गिरफ्तार किया गया। सुप्रीम कोर्ट में कल भाजपा के इस आरोप का भी जवाब मिल गया क्योंकिश्री सिंह को एक भी समन नहीं भेजा गया।

बिना समन भेजे ही ईडी सिंह के घर में घुसी थी और पांच-छह घंटे बाद गिरफ्तार कर लिया।

सिंह को छह महीने जेल में रखा गया, लेकिन कोई सबूत-कोई मनी ट्रेल नहीं मिला। ईडी को छह महीने में कुछ भी नहीं मिला। मंगलवार को कोर्ट के सामने बोलने के लिए ईडी के पास कुछ भी नहीं बचा था। यही तथाकथित शराब घोटाले की पूरी सच्चाई है। इसी तरह से षड्यंत्र करके 'आप' के नेताओं और दिल्ली के मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया गया।

राय ने कहा, इकतीस मार्च को रामलीला मैदान में हुई इंडिया समूह की महारैली के बाद से भाजपा की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। पूरी भाजपा अब दबाव में है, क्योंकि जनता के दिलों में एक ही आवाज उठ रही है कि मोदी सरकार अब सारी हदें पार कर रही है।

देश में तानाशाही की इंतहा हो रही है। इसके खिलाफ शुरू हुई लड़ाई जारी रहेगी और हम इस लड़ाई को लेकर पूरे देश में जाएंगे।

# ईडी-भाजपा में कोई अंतर नहीं : आप

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने सांसद संजय सिंह के मामले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रवक्ता एवं प्रत्याशी बांसुरी स्वराज के प्रर्वतन निदेशालय (ईडी) का प्रतिनिधित्व करने पर सवाल खड़ा करते हुए बुधवार को कहा कि ईडी और भाजपा एक ही हैं।

आप के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा उम्मीदवार सोमनाथ भारती ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा केंद्रीय जांच एजेंसियों को एक हथियार की तरह इस्तेमाल कर रही है। भाजपा ने भारत के संविधान और लोकतंत्र को तार-तार किया है। आप ने



शुरूआत से कहा है कि ईडी, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और चुनाव आयोग भाजपा की राजनीतिक इकाई बन गए हैं।

अब यह सिद्ध हो चुका है कि ईडी और भाजपा एक ही हैं। भाजपा ने आबकारी घोटाले के नाम पर आम आदमी पार्टी की सरकार गिराने की कोशिश की। सोमनाथ भारती ने बताया कि कैसे सरथ रेड्डी को छह महीने जेल में रखा गया।

उसके छह बार बयान लिए गए लेकिन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का उसमें कहीं नाम नहीं आया। इसके बाद भाजपा ने रेड्डी से डील की कि उसको दो शर्तों पर छोड़ा जाएगा। पहला, वह श्री केजरीवाल का नाम लेगा और दूसरा, भाजपा को 55 करोड़ रुपए वसूली के रूप में देगा। इसी डील के बाद रेड्डी से भाजपा की ईडी ने 7वां बयान लिया और उसने श्री केजरीवाल के खिलाफ बयान दिया।' आप' पहले भी सबूतों के साथ बता चुकी है केसे ओरोबिन्दो फार्मा कंपनी के अकाउंट से भाजपा को पैसे ट्रांसफर किए गए।

उन्होंने कहा कि पूरे देश ने देखा कि भाजपा ने किस तरह से इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से ईडी को एक नया काम दिया है।

भाजपा ने ईडी का इस्तेमाल कर वसूली करने का काम किया है। भाजपा ने 2,471 करोड़ रुपए ईडी, आईटी और सीबीआई के जरिए उन कंपनियों से अपने अकांउट में वसूली कराए। ये सभी चीजें इसी तरफ इशारा कर रही हैं कि भाजपा और ईडी में कोई फर्क नहीं है। दोनों एक ही है।

# गाजियाबाद में शराब के नशे में दोस्त की हत्या

गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना लिंक रोड क्षेत्र में एक युवक की उसके ही तीन दोस्तों ने लोहे की रोड से पीट कर हत्या कर दी। यह सभी दोस्त मंगलवार रात को एक साथ बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान नशे में हुई कहासुनी के दौरान एक दोस्त ने लोहे की रोड से दूसरे पर हमला कर दिया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां बुधवार की सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। एसीपी साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय ने बताया की गौरव, अंकित, राजू और मोमिन यह सभी एक साथ मंगलवार की रात को शराब पी रहे थे। इस दौरान मोमिन ने गौरव को कुछ अपशब्द कहे।

इसके बाद गौरव ने लोहे की रोड से मोमिन पर हमला कर दिया। भीड़ इकठ्ठी होता देख गौरव मौके से फरार हो गया। जबकि अंकित और राजू मोमिन को अस्पताल ले गए। साथ ही यह जानते हुए कि वह हत्या में शामिल हैं, यह दोनों आरोपी मोमिन के परिजनों के साथ गौरव को तलाश करने का नाटक करते रहे।

# पहले बेटी को दिया जहर, फिर खुद खाया, मौत

मोदीनगर। गाजियाबाद से बड़ी खबर है। यहां एक महिला ने पहले खुद जहर खाया, इसके बाद उसने अपनी दो साल की बेटी को जहर दे दिया। जिससे दोनों की मौत हो गई। मामला दो दिन पुराना बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार गृह कलेश कारण महिला ने यह कदम उठाया है। वहीं पत्नी और बेटी की मौत की सूचना मिलते ही पति ने खुद को आग लगाकर आत्महत्या कर ली।

परिजनों ने पुलिस को बिना सूचना दिए ही तीनों का अंतिम संस्कार कर दिया।

परिजनों में मामले में किसी भी कार्रवाई इंकार किया है। वहीं पुलिस जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कह रही है।

मुरादनगर थाना क्षेत्र के गांव रेवड़ा रेवड़ी गांव मे अंकुर (23), अपनी पत्नी निशा (22) एवं बेटी शालू (2) के साथ रहते थे। पुलिस ने बताया कि मंगलवार को तड़के करीब 2 बजे अंकुर ने खुद पर डीजल डालकर आग लगा ली। चीख पुकार सुन मकान से आग की लपटें उठती देखकर शोर मचा दिया गया। अंकुर को झुलसी अवस्था में मेरठ के सुभारती अस्पताल में भर्ती कराया। इस बीच अंकुर की पत्नी निशा और बेटी शालू की तलाश शुरू की गई। दोनों मां-बेटी अपने कमरे में बेहोशी की हालत में पड़ी मिलीं।

# संजय सिंह बनाम ईडी : बांसुरी स्वराज का नाम हटाने की गुहार पर सुप्रीम कोर्ट आवश्यक कार्यवाही करेगा

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने आम आदमी पार्टी (आप) के राज्य सभा सांसद संजय सिंह के जमानत आदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता बांसुरी स्वराज का नाम 'त्रुटिवश बतौर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अधिवक्ता अंकित होने से संबंधित केंद्रीय जांच एजेंसी की दलीलों का बुधवार को संज्ञान लिया और कहा कि इस मामले में आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली विशेष पीठ ने इस मामले में ईडी के अधिवक्ता ज़ोहेब हुसैन की उन दलीलों का संज्ञान लिया, जिसमें स्वाराज का नाम दो अप्रैल को



पारित एक आदेश ( संजय सिंह की जमानत आदेश) से हटाने का अनुरोध किया गया है। पीठ ने इस संबंध में हुसैन के विशेष उल्लेख करने पर कहा, इस मामले में आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

हुसैन ने पीठ से गुहार लगाते हुए कहा, उपस्थिति (अधिवक्ता की) में नाम दर्ज करने में अनजाने में त्रुटि हो गई। बांसुरी स्वराज को न तो इस मामले में पैरवी के लिए कोई करार दिया गया और न ही वह अदालती सुनवाई के दौरान उपस्थित हुईं।

केंद्रीय एजेंसी द्वारा यांत्रिक रूप से अधिवक्ताओं के नाम देने में त्रुटि हो सकती है। इसलिए उस ज़मानत आदेश में अधिवक्ता उपस्थिति को %ठीक% किया जा सकता है।

इससे पहले 'आप' नेता सौरभ भारद्वाज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म %एक्स% पर एक पोस्ट में उस आदेश का एक स्क्रीनशॉट साझा किया, जिसमें बांसुरी स्वराज का नाम था। उन्होंने इसे उद्धरित करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा और ईडी एक ही हैं। स्वराज को भाजपा ने नयी दिल्ली लोकसभा सीट से अपना उम्मीदवार घोषित किया है।

# आतिशी ने केजरीवाल के स्वास्थ्य को लेकर चिंता जताई

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के वजन में गिरावट को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए बुधवार को कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत के दौरान एक बार शुगर का स्तर 46 तक पहुँच गया जो किसी भी व्यक्ति के लिए जानलेवा साबित हो सकता है।

'आप' की वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने आज संवाददाताओं से कहा कि श्री केजरीवाल के स्वास्थ्य पर ख़तरा मंडरा रहा है। वह ईडी की हिरासत में थे तब ही तीन बार उनका शुगर स्तर गिरा और



एक बार यह 46 तक पहुँच गया जो किसी भी व्यक्ति के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। अरविंद केजरीवाल का पिछले 12 दिन में 4.5 किलो वजन घटा है। डायबटीज़ के मरीज़ के लिए इतने कम समय में इतना वजन घटना काफ़ी ख़तरनाक होता है।


आतिशी ने कहा कि गंभीर डायबटीज़ के बाद भी केजरीवाल ने अपने स्वास्थ्य को कभी भी देशसेवा में अड़चन नहीं बनने दिया। वह दिन रात दिल्लीवालों के हित में काम करते रहे लेकिन अब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित केंद्र सरकार की गिरफ़्तारी के बाद उनके स्वास्थ्य पर भारी ख़तरा है। केजरीवाल को कुचलने के लिए भाजपा किसी भी हद तक जा रही है। अगर हिरासत में केजरीवाल के स्वास्थ्य को कुछ हुआ तो ये देश भाजपा को कभी माफ़ नहीं करेगा।

'आप' नेता आतिशी ने कहा, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल गंभीर डायबटीज़ के मरीज़ है। इस कारण दिन में कई बार उनके ब्लड शुगर लेवल की जाँच होती है। जिस तरह उनका शुगर लेवल घटता-बढ़ता है और उसके अनुसार उन्हें दवाइयाँ लेनी होती है, इन्सुलिन के इंजेक्शन लेने होते है। उसी के अनुसार उनका खानपान और डाइट निर्धारित होता है।

उन्होंने बताया कि केजरीवाल का पिछले 12 दिन में 4.5 किलो वजन घटा है। डायबटीज़ के मरीज़ के लिए इतने कम समय में इतना वजन घटना काफ़ी ख़तरनाक होता है।

# 110वीं जयंती पर भारतीय सेना के प्रथम फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ को श्रद्धासुमन अर्पित

### जो कौमें शहीदों को स्मरण नहीं करती वो मिट जाती हैं : शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय



अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने आज संघ के मुख्यालय बरवाला में सेना के प्रथम फील्ड मार्शल पद्म विभूषण स्वर्गीय सैम मानेकशॉ की 110वीं जयंती पर उन्हें कृतज्ञ राष्ट्र की और से अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। वत्स ने कहा कि 1971 में फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ के नेतृत्व में लडे गये भारत पाकिस्तान युद्ध में भारत की शानदार विजय हुई और एक नये देश बांग्लादेश का जन्म हुआ। सैम मानेकशॉ उस युद्ध में महानायक बनकर उभरे। वत्स ने कहा कि हमारी युवा पीढी को सैनिकों के बलिदान की कहानियां याद रखनी चाहिएं। जो कौमें शहीदों को स्मरण नहीं करती वो मिट जाती हैं।

# शिक्षक को हर रोज समय की तुला पर तुलना होता है

## प्रो. अनिल राय द्वारा लिखित पुस्तक 'भक्ति संवेदना और मानव मूल्य' का डीयू में कुलपति ने किया विमोचन

दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि शिक्षक को हर रोज समय की तुला पर तुलना होता है। अगर आपको पढ़ाने में मजा आता है तो यही शिक्षक होने का सुख है। इसलिए शिक्षकों के चेहरे पर तनाव अच्छा नहीं लगता। प्रो. योगेश सिंह दिल्ली विश्वविद्यायल के कन्वेंशन हाल में आयोजित पुस्तक विमोचन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर प्रो. अनिल राय द्वारा लिखित पुस्तक 'भक्ति संवेदना और मानव मूल्य' का विधिवत विमोचन भी किया गया। विमोचन समारोह में दक्षिणी परिसर के निदेशक प्रो. श्रीप्रकाश सिंह, डीन ऑफ कॉलेजेज़ प्रो. बलराम पाणी और रजिस्ट्रार डॉ. विकास गुप्ता ने भी संबोधित किया।

कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने अपने संबोधन में पुस्तक की विषयवस्तु के संदर्भ में चर्चा करते हुए कहा कि लेखक ने हिन्दी साहित्य के मध्यकाल (भक्तिकाल) पर अधिक लेखन इस पुस्तक में किया है। यह काल भारत



की पराज्य का काल था, भारत की गुलामी का काल था और भारत में मुगलों के वैभव का काल था। उस काल में भी तुलसीदास, संत कबीर और सूरदास जैसे कवि भक्ति काव्य में रचनाएँ कर रहे थे। कुलपति ने कहा कि वह देश का विषम काल था, और जब परिस्थितियां विपरीत होती हैं तो व्यक्ति अपनी सर्वोत्तम प्रस्तुति देता है। यही कारण है कि उस काल में तुलसीदास कृत रामचरितमानस जैसी कालजयी रचनाओं का लेखन हुआ। उन्होंने कहा कि राम ने तुलसी को बनाया और तुलसीदास ने राम को भारत के घर-घर में स्थापित कर दिया।

प्रो. योगेश सिंह ने पुस्तक के शीर्षक भक्ति संवेदना और मानव मूल्य पर चर्चा करते हुए कहा कि मानव जीवन से संवेदना निकाल देने पर जीवन ऐसा हो जाता है जैसे बिना पानी के मिट्टी रेत बन जाती है। कुलपति ने शिक्षा जगत में श्रेष्ठता के भाव को लेकर कहा कि यह भाव करुणा के भाव को कम करता है। उन्होंने कहा कि तुलसी और कबीर ने बहुत ही सहज ढंग से जो बातें कही हैं, वे आज भी उतनी ही प्रासंगिक है। तुलसी और कबीर के करुणा और दया के भाव पर विश्वविद्यालयों में भी अमल किया जाना चाहिए। कुलपति ने कहा कि यदि विद्यार्थी किसी शिक्षक की तारीफ करते हैं तो यह उस शिक्षक के जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि होगी। यदि पीठ के पीछे तारीफ होती है तो उससे बड़ा कोई सुख नहीं हो सकता। अंत में उन्होंने पुस्तक के लेखक प्रो. अनिल राय को बधाई देते हुए कहा कि रिसर्च पेपर जब छपते हैं तो उनका पाठक दायरा सीमित होता है, लेकिन पुस्तक के रूप में वह व्यापक दायरे में आते हैं। निःसंदेह यह पुस्तक विद्यार्थियों के लिए भी लाभप्रद होगी। कार्यक्रम के आरंभ में प्रो. हरेन्द्र सिंह ने पुस्तक के बारे में विस्तार से जानकारी प्रस्तुत की। उसके पश्चात लेखक प्रो. अनिल राय ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रो. अनिल राय ने जानकारी देते हुए बताया कि इस पुस्तक में उनके कुछ रिसर्च पेपर और उनके कुछ भाषणों का संकलन है। कार्यक्रम के समापन पर दौलतराम कालेज की प्रिंसिपल प्रो. सविता रॉय ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# आम के पेड़ से लटका मिला युवक का शव

मोदीनगर। मोदीनगर के कस्बा निवाड़ी में गून मार्ग पर आम के बाग में पेड़ से लटका हुआ एक युवक का शव मिला। पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर शिनाख्त के प्रयास शुरु कर दिए हैं। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेंगा कि हत्या है या आत्महत्या। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि सुबह सूचना मिली कि कस्बा निवाड़ी में गून मार्ग पर रजनीश त्यागी के आम के बाग पर एक शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची ने देखा कि शव पेड़ से लटका हुआ है। पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शव में कीडे पडे हुए थे ,जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि शव कई दिन पुराना लग रहा है। दुपट्टे से शव लटका हुआ मिला था। उन्होंने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 30 साल है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेंगा कि मौत किन कारणों के चलते हुई है। जिस स्थान पर शव मिला है, वहां पर किसानों का काफी आवागमन रहता है।

# ताकि मरीजों के चेहरे पर आ सके मुस्कान

**नई दिल्ली।** मरीजों और उनके तीमारदारों के साथ आए बच्चों का ध्यान रखने के लिए राजधानी दिल्ली में कहीं बेहतर इंतजाम नहीं हैं। मरीज और तीमारदार अगर कमजोर तबके से हुए तो उनकी तरफ कम ही लोगों का ध्यान जाता है। लेकिन दिल्ली के एम्स के नजदीक स्थित रतिलाल धर्मशाला में रोगियों और तीमारदारों के बच्चों के लिए पिछले दिनों विद्या फाउंडेशन ने एक कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें बच्चों को हाल ही में बीते होली के त्योहार के बारे में बताया गया और इस पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों को स्वस्थ रहने के तरीके और बाजारू चीजों से बचने की सलाह दी गई। विद्या फाउंडेशन की कुसुम श्रीवास्तव का कहना है कि राजधानी में परेशानियों से जूझ रहे परिवारों के इन बच्चों के लिए यह अनूठा अनुभव रहा। इस कार्यक्रम में उन्होंने जमकर हिस्सा लिया। इस दौरान बच्चों को उपहार दिए गए। जिसमें उनके और उनके परिवार को काम आने वाली चीजें दी गईं।



रतिलाल धर्मशाला में रहने वाले ज्यादातर मरीज कैंसर जैसी असाध्य बीमारियों से जूझ रहे हैं। ऐसे में यहां का माहौल मायूसी भरा रहता है। इस माहौल में मरीजों और तीमारदारों के छोटे बच्चों के लिए हालात कम से कम मानसिक रूप से बेहतर नहीं होते। इसलिए विद्या फाउंडेशन अक्सर यहां के मरीजों को खाने-पीने की चीजों और कपड़े आदि के साथ ही बच्चों के लिए पढ़ाई आदि का सामान मुहैया कराता रहता है। विद्या फाउंडेशन के ऐसे आयोजनों में गीता चतुर्वेदी, डॉ. सुनीता गुलिया, नीरा धस्माना, मधु कपिल आदि महिलाएं हर बार शामिल होती हैं। विद्या फाउंडेशन की संस्थापक कुसुम श्रीवास्तव का कहना है कि इस सहयोग के लिए उनकी संस्था किसी से मदद नहीं लेती, बल्कि उनके साथ जुड़ी महिलाएं ही अपनी बचत से सामान जुटाती-खरीदती हैं और मरीजों और उनके तीमारदारों को नियमित रूप से सहयोग करती रहती हैं।

# संपादकीय

## टाइम पास बन गया है सोशल मीडिया

वर्ष 2010 में जो सोशल मीडिया आशाओं-उम्मीदों का प्रतीक बनकर उभर रहा था, वह 2020 आते-आते फेक न्यूज और लोगों के राजनीतिक विचारों को प्रभावित करने जैसे आरोपों का शिकार हो गया। महज दस साल में ही लोग अब सोशल मीडिया पर अपनी राय पोस्ट करने से परहेज करने लगे हैं। पोस्ट करने से आशय टेक्स्ट, इमेज फॉर्म में अपने आपको अभिव्यक्त करने से है। लोग लॉग इन तो करते हैं, पर बहुत कम लोग ही पोस्ट कर रहे हैं।

लोग प्रतिदिन लगभग दो घंटे इंस्टाग्राम, फेसबुक या एक्स जैसे सोशल मीडिया को स्क्रॉल करते हुए समय बिताते हैं, लेकिन उनकी आखिरी पोस्ट एक साल पहले की होती है। कभी-कभी लोग स्टोरी जरूर शेयर करते हैं, लेकिन वह चौबीस घंटे बाद गायब हो जाती है। किसी तरह के विवाद से बचने के लिए लोग अब यह सोचने पर मजबूर हो गए हैं कि इस बात पर झगड़ने की जरूरत नहीं है कि किसने किसे वोट दिया या कोई क्या सोचता है। अब वे आमने-सामने या समूह चैट को प्राथमिकता देते हैं, जिसे निजी नेटवर्किंग कहा जा रहा है।

उपयोगकर्ताओं के सर्वेक्षण और डाटा-एनालिटिक्स फर्मों के शोध के अनुसार, अरबों लोग सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं, पर वे कम पोस्ट कर रहे हैं और ज्यादातर निष्क्रिय अनुभव का आनंद ले रहे हैं। वे अब भी लोगों की सोशल मीडिया फीड देखने या रील देखने में समय बिता रहे हैं, लेकिन वे अब अपनी राय रखने में उतने सक्रिय नहीं रहे हैं। यानी यह टाइम पास करने का जरिया बन चुका है, डाटा-इंटेलिजेंस कंपनी मॉर्निंग कंसल्ट की अक्तूबर रिपोर्ट में, सोशल-मीडिया अकाउंट वाले 61 प्रतिशत वयस्क अमेरिकी उत्तरदाताओं ने कहा कि वे जो पोस्ट करते हैं, उसके बारे में ज्यादा चयनात्मक हो गए हैं, यानी अब लोग क्या पोस्ट करना है, उसके बारे में सोचने लग गए हैं।

भारत भी अपवाद नहीं है। भले ही अपने विशाल सोशल मीडिया यूजर बेस के कारण यहां ऐसा नहीं दिखता, पर अब लोग सोशल मीडिया पर कम पोस्ट शेयर कर रहे हैं। इसके कई कारण हैं। इस शोध के हिसाब से लोग मानने लगे हैं कि वे जो सामग्री देखते हैं, उसे नियंत्रित नहीं कर सकते। वे अपने जीवन को ऑनलाइन साझा करने के प्रति भी अधिक सुरक्षात्मक हो गए हैं और उन्हें अपनी निजता की भी चिंता होने लगी है। सोशल मीडिया पर ट्रोलर्स की बढ़ती संख्या के कारण भी लोगों का मजा किरकिरा हुआ है। यह सोशल मीडिया कंपनियों के व्यवसाय के लिए खतरा है। उपयोगकर्ताओं के ज्यादा से ज्यादा शेयर करने के कारण ही वे दुनिया की सबसे शक्तिशाली कंपनियों और प्लेटफार्मों में से एक बन गए हैं। मजेदार बात यह है कि इनमें से कोई भी कंपनी कोई उत्पाद नहीं बनाती है, फिर भी ये दुनिया की बड़ी और लाभकारी कंपनियां बन गई हैं। जाहिर है, लोगों के कुछ कहने की आदत के कारण यानी सिर्फ यूजर जेनरेटेड कंटेंट के कारण ये कंपनियां मुनाफा कमा रही हैं। भारत में बेशक अभी अमेरिका जैसी स्थिति नहीं है, पर लोग अपनी निजता की सुरक्षा के लिए सब कुछ सोशल मीडिया पर डालने की मानसिकता से किनारा कर रहे हैं। इसका एक बड़ा कारण सोशल मीडिया एकाउंट का उपयोग मार्केटिंग और ब्रांडिग के लिए किए जाने के अलावा मीडिया लिट्रेसी का प्रचार-प्रसार भी है।

## जांच-पड़ताल और निजता अधिकारों के बीच संतुलन जरूरी

प्रधान न्यायाधीश की इस नसीहत को जांच एजंसियां कितनी गंभीरता से लेंगी और उस पर कितना अमल करेंगी, कहना मुश्किल है।

पिछले कुछ वर्षों से केंद्रीय जांच एजंसियों की कार्यप्रणाली लगातार प्रश्नांकित होती रही है। कई मौकों पर अदालतें भी उनकी जिम्मेदारी और जवाबदेही याद दिला चुकी हैं। उसी क्रम में सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश ने भी कहा कि जांच एजंसियों को उन अपराधों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, जो देश की सुरक्षा, आर्थिक स्थिति और लोकव्यवस्था के लिए असल में खतरा पैदा करते हों। उन्होंने इस पक्ष को भी रेखांकित किया कि जांच अनिवार्यताओं और व्यक्तिगत गोपनीयता अधिकारों के बीच संतुलन बनाने की तत्काल आवश्यकता है।

प्रधान न्यायाधीश के इस कथन को प्रवर्तन निदेशालय, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो और आयकर विभाग की पिछले कुछ सालों में की गई छापेमारी और गिरफ्तारियों, जब्ती वगैरह के मद्देनजर देखें, तो स्थितियां स्वत-स्पष्ट हो जाती हैं।

हालांकि प्रधान न्यायाधीश की इस नसीहत को जांच एजंसियां कितनी गंभीरता से लेंगी और उस पर कितना अमल करेंगी, कहना मुश्किल है। बेशक प्रधान न्यायाधीश ने ये बातें सीबीआइ के ही एक आयोजन में कहीं। मगर जैसा कि अनेक मामलों में देखा जाता है, सार्वजनिक मंचों से कही बातों को अक्सर आदर्श वक्तव्य की तरह केवल सुन लिया जाता है, उन पर अमल करना जरूरी नहीं समझा जाता। सीबीआइ भी ऐसा ही करे, तो हैरानी की बात नहीं।

केंद्रीय जांच एजंसियों पर लंबे समय से आरोप लगते रहे हैं कि वे सरकार के इशारे और उसकी इच्छा के अनुरूप काम करती हैं। पिछले कुछ वर्षों में भ्रष्टाचार पर नकेल कसने के इरादे से लगातार की जा रही कार्रवाइयों के मद्देनजर ये आरोप निरंतर गाढ़े होते गए हैं। इसकी बड़ी वजह यह भी है कि अधिकतर कार्रवाइयां विपक्षी दलों के नेताओं के खिलाफ ही की गई हैं। उसमें कई नेताओं को सलाखों के पीछे भी डाला गया। अनेक मामलों में आरोप लगते रहे कि गलत तरीके से जब्ती की गई, पूछताछ के नाम पर लोगों को नाहक परेशान और प्रताड़ित किया गया।

यह सवाल भी लगातार पूछा जाता है कि जांच एजंसियां जितने छापे मारती और कार्रवाइयां करती हैं, उनमें से पांच फीसद मामलों में भी दोष सिद्ध नहीं हो पाते। धनशोधन निवारण कानून की धाराएं इतनी सख्त हैं कि उनके तहत गिरफ्तार किए गए लोगों को तब तक जमानत नहीं दी जाती, जब तक कि वे निर्दोष साबित नहीं हो जाते। इसलिए सर्वोच्च अदालत ने पहले भी कहा था कि इस कानून के तहत गिरफ्तारी से पहले जांच एजंसियों को पूरी तरह आश्वस्त होना चाहिए कि मामले में दोषसिद्धि की कितनी संभावना है। मगर इसे भी गंभीरता से नहीं लिया गया।

ताबड़तोड़ छापों से परेशान होकर विपक्षी दलों ने इन पर रोक लगाने के लिए सर्वोच्च न्यायालय से गुहार लगाई, तब अदालत ने कहा था कि धनशोधन का मामला आतंकवादी और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों से भी जुड़ा हो सकता है, इसलिए एजंसियों को इस काम से रोका नहीं जा सकता।

अब प्रधान न्यायाधीश ने जांच एजंसियों का दायरा स्पष्ट कर दिया है कि उन्हें उन्हीं मामलों पर अपना ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है, जिनसे राष्ट्र की सुरक्षा, आर्थिक स्थिति और लोकव्यवस्था को खतरा पैदा होता हो।

उसमें व्यक्ति के निजी अधिकारों की सुरक्षा का भी ध्यान रखने की जरूरत है। जांच एजंसियां जांच के नाम पर अक्सर व्यक्तियों के फोन, कंप्यूटर जैसे निजी उपकरण भी जब्त कर लेती हैं, जिनमें उनकी व्यक्तिगत सामग्री हो सकती है। इन नैतिक और कानूनी तकाजों का ध्यान एजंसियां तभी रख सकती हैं, जब उनमें वास्तव में स्वतंत्र रूप से काम करने की इच्छाशक्ति हो।

# नकली दवाओं से जीवन-रक्षा पर बढ़ते खतरे



-ललित गर्ग-

दवाओं में मिलावट एवं नकली दवाओं का व्यापार ऐसा कुत्सित एवं अमानवीय कृत है जिससे मानव जीवन खतरे में हैं। विडम्बना है कि दवा बनाने वाली कंपनियों के लिए गुणवत्ता नियंत्रण का कोई नियम नहीं है और स्वयं कंपनियां ही अपनी दवाओं की गुणवत्ता का सत्यापन करती हैं। यह ठीक नहीं और ऐसे समय तो बिल्कुल भी नहीं, जब दवाओं की गुणवत्ता को लेकर दुनिया भर में जागरूकता बढ़ रही है। चूंकि भारत एक बड़ा दवा निर्यातक देश है और उसे विश्व का औषधि कारखाना कहा जाता है, दुनियाभर में भारत की दवाओं का निर्यात होता है, ऐसे समय में बार-बार नकली दवाओं का भंडाफोड़ होना या कैंसर जैसी असाध्य बीमारी की नकली दवाओं का व्यापार करने वालो का पर्दाफाश होना, न केवल चिन्ता का विषय है, बल्कि एक जघन्य अपराध है। यह भारत की साख को भी आहत करता है। इसलिए सरकार के लिए यह आवश्यक है कि वह दवा कंपनियों के लिए क्वालिटी कंट्रोल का कोई भरोसेमंद नियम बनाए एवं नकली दवाओं का व्यापार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें।

कुछ दिन पहले ही कैंसर जैसी असाध्य बीमारी की नकली एलोपैथिक दवाओं की फैक्टरियां गाजियाबाद से हैदराबाद तक पकड़ी गईं? हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार ने 22 से अधिक नकली या मिलावटी आयुर्वेदिक दवाओं की बिक्री पर रोक लगाई है। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने कैंसर से जुड़े नकली दवाओं के एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया है। सुप्रीम कोर्ट में स्वामी रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण के खिलाफ दायर भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) की याचिका की सुनवाई करते हुए सख्त नाराजगी जाहिर की है। समय आ गया है, आयुर्वेदिक दवाओं के निर्माण से जुड़ी कंपनियों की दवा परीक्षण-प्रणाली की ठोस निगरानी सुनिश्चित की जाए। यह आवश्यक है कि दवा कंपनियों के लिए क्वालिटी कंट्रोल के भरोसेमंद एवं सख्त नियम बनाए जाये। इन नियमों के दायरे में निर्यात होने वाली दवाएं भी आनी चाहिए और देश में बिकने वाली दवाएं भी, क्योंकि जहां नकली और खराब गुणवत्ता वाली दवाएं निर्यात होने से भारत की प्रतिष्ठा धूमिल होती है, वहीं इनका उपयोग देश में होने से लोगों का जीवन खतरे में आ जाता है।

यह तय है कि हमारे देश में आयुर्वेद की बेहद समृद्ध चिकित्सा पद्धति है और करोड़ों लोग इस प्रणाली से लाभान्वित भी हुए हैं। इस बात से आधुनिक चिकित्सा पद्धति (एलोपैथी) या आईएमए का कोई झगड़ा या विरोध भी नहीं है, परेशानी प्रामाणिकता की कसौटी पर खरी आधुनिक चिकित्सा पद्धति को निराधार चुनौती देने और लोगों को गुमराह करने को लेकर है। इन दोनों पद्धतियों के पेशेवरों और दवाओं का





अंतिम उद्देश्य मरीजों को स्वस्थ करना है। मगर दुर्योग से दोनों पद्धतियों में कुछ लोभी कारोबारी नकली दवाओं के जरिये बेबस लोगों की सेहत से खिलवाड़ करते हैं। जीवन रक्षक दवाइयों के मामलों में दवा बदलने का मौका नहीं होता है, यहां मिलावट आपको सीधा मौत देती है। दवा व्यवसाय में चलने वाली यह अनैतिकता एवं अप्रामाणिकता बेचैन करने वाली है।

मिलावट व्यवसाय की एक बड़ी विसंगति एवं त्रासदी है। दूध में जल, शुद्ध घी में वनस्पति घी अथवा चर्बी, महँगे और श्रेष्ठतर अन्नों में सस्ते और घटिया अन्नों आदि के मिश्रण को साधारणत: मिलावट या अपमिश्रण कहते हैं। किंतु मिश्रण के बिना भी शुद्ध खाद्य को विकृत अथवा हानिकर किया जा सकता है और उसके पौष्टिक मान-फूड वैल्यू को गिराया जा सकता है। दूध से मक्खन का कुछ अंश निकालकर उसे शुद्ध दूध के रूप में बेचना, अथवा एक बार प्रयुक्त चाय की साररहित पत्तियों को सुखाकर पुन: बेचना मिश्रणरहित अपद्रव्यीकरण के उदाहरण हैं। इसी प्रकार बिना किसी मिलावट के घटिया वस्तु को शुद्ध एवं विशेष गुणकारी घोषित कर झूठे दावे सहित आकर्षक नाम देकर, लुभावने विज्ञापनों से जनता को ठगा जाना अपराध है। पतंजलि आयुर्वेद संस्थान ऐसा ही करते हुए मोटा मुनाफा कमाता रहा है। दरअसल, पतंजलि के भ्रामक विज्ञापनों का पूरा मसला ही अपने आप में एक बड़ा मामला है, खासकर दवाओं के मामले में इसके परिणामों की प्रकृति इसे और गंभीर बना देती है। ऐसे में, अदालत ने केंद्र व राज्य सरकारों के रवैये पर भी गंभीर टिप्पणी की है, विडंबना यह है कि जिस आईएमए ने पतंजलि आयुर्वेद के भ्रामक विज्ञापन और इसके ऊंचे ओहदेदारों के बड़बोलेपन के खिलाफ अदालत की शरण ली है। लेकिन प्रश्न है कि आईएमए ऐसे कितने मामलों में ऐसी जागरूकता बरतती है। अदालत ने अपनी टिप्पणियों में एक बार फिर जता दिया है कि कोई कितना भी रसूखदार क्यों न हो, कानून की महिमा सबसे ऊपर है।

दवा व्यवसाय में एक से बढ़कर एक घातक एवं विडम्बनापूर्ण स्थिति सामने आ रही है। अब आयुर्वेदिक औषधियों को तत्काल राहत देने वाली बनाने के लिए एलोपैथी दवाओं के रसायनों को अवैज्ञानिक तरीके से मिलाने का खतरनाक कारोबार चर्चा में है, जो गंभीर चिंता का विषय बन रहा है। मध्यप्रदेश में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने राजधानी सहित आसपास के नगरों की दवा दुकानों पर छापा मारकर आठ करोड़ 23 लाख रुपये मूल्य की ऐसी आयुर्वेदिक दवाएं जब्त की हैं जिनके बारे में दावा किया जा रहा था कि इनमें रोगों से लड़ने की चमत्कारी शक्ति है। जांच में तथ्य सामने आये हैं कि आयुर्वेदिक दवा वताहारी वटी तथा चंदा वटी में एलोपैथी दवा डाइक्लोफेनिक व एसिक्लोफेनिक को मिलाकर अवैध फार्मूला विकसित किया गया है जिसे दवा विक्रेता जादुई बताकर देश के विभिन्न् हिस्सों में बेच रहे थे। उक्त दोनों रसायनों का उपयोग एलोपैथी में दर्द निवारक के रूप में किया जाता है। चिकित्सकों के अनुसार इस फार्मूले का तात्कालिक प्रभाव भले ही चमत्कारी लगे किंतु दूरगामी परिणाम घातक हैं। इसका यकृत, गुर्दा तथा पेट के अन्य अंगों पर स्थाई दुष्प्रभाव हो सकता है।

पिछले दिनों विदेश व्यापार महानिदेशालय ने एक अधिसूचना जारी कर कहा कि एक जून से कफ सिरप निर्यातकों को विदेश भेजने के पहले अपने उत्पादों का निर्धारित सरकारी प्रयोगशालाओं में परीक्षण कराना आवश्यक होगा।

लेकिन यह दवाओं की मिलावट एवं नकली दवाओं के उत्पाद पर नियंत्रण के लिये पर्याप्त नहीं है। यह ठीक है कि विदेश व्यापार महानिदेशालय ने कफ सिरप के मामले में एक आवश्यक कदम उठाया, लेकिन ऐसा कदम तो निर्यात होने वाली सभी दवाओं के मामले में उठाया जाना चाहिए। बात केवल निर्यात होने वाली दवाओं का ही नहीं है, बल्कि देश में उपयोग में आने वाली नकली एवं मिलावटी दवाओं का भी है। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि कुछ समय पहले एक भारतीय फार्मा कंपनी की ओर से अमेरिका भेजी गई आई ड्राप में खामी मिलने की बात सामने आई थी। प्रश्न यह है कि यह नया नियम केवल खांसी के सिरप पर ही क्यों लागू हो रहा है? क्या इसलिए कि पिछले वर्ष गांबिया और उज्बेकिस्तान में भारतीय दवा कंपनियों की ओर भेजे गए कफ सिरप में खामी पाई गई? विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारतीय कंपनियों की ओर से इन देशों में निर्यात किए गए कफ सिरप से कुछ बच्चों की मौत का भी दावा किया। यद्यपि इस दावे को भारत-सरकार ने चुनौती दी, लेकिन देश से निर्यात होने वाले कफ सिरप की गुणवत्ता को लेकर विश्व के कुछ देशों में संशय पैदा होना स्वाभाविक है और दुखद भी है। स्पष्ट है कि भारत को अपने दवा उद्योग की साख को बचाने के लिए हरसंभव जतन करने होंगे।

जिस तरह विदेश व्यापार महानिदेशालय कफ सिरप के निर्यात के मामले में सक्रिय हुआ, उसी तरह औषधि महानियंत्रक को भी यह सुनिश्चित करना चाहिए कि देश में बनने वाली दवाओं की गुणवत्ता को लेकर कहीं कोई सवाल न उठने पाए। मिलावटी दवाओं के कारोबार पर नकेल कसने के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय ने देश में पहली बार बड़े पैमाने पर एक अभियान शुरू किया है, जल्द ही इसके नतीजे सामने आने की संभावना है। दवाओं की क्वालिटी को बरकरार रखने के लिए हाल ही में यूके के साथ स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक एमओयू भी साइन किया है।

## ड्रग से बृहद रूप से शारीरिक, आर्थिक क्षति

नशीले पदार्थ अपराधिक गतिविधियों के लिए शासन, प्रशासन तथा पुलिस के लिए एक गंभीर चुनौती बन हुआ है । देश में लगातार हो रही ड्रग्स की सप्लाई ने देशभर में अपराधों का इजाफा कर दिया है। नशीले पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय, अंतर राज्यीय तस्करी देश तथा विश्व के लिए एक बड़ा सिरदर्द बनी हुई है। यह चुनौती इसलिए भी है कि पिछले वर्ष में अपराधियों ने सूखे नशे का सेवन कर अपराध की वारदातें की हैं, नशे की लत में आकर अपराधियों में महानगरों मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद, दिल्ली, बेंगलुरु, चेन्नई में लगातार बलात्कार, लूट, डकैती,और राहगीरों की हत्या को जन्म दिया है। दूसरी तरफ सूखे नशे की लत में स्कूल और कॉलेज के युवा तथा बच्चे अपना भविष्य खराब करने पर आमादा है। पिछले कुछ माह में मुंबई नारकोटिक्स इकाई ने ताबड़तोड़ छापेमारी कर बड़ी मात्रा में चरस, कोकीन, गांजा, स्मैक की बड़ी तादाद में जप्त कर कई नामचीन अभिनेता, अभिनेत्रियों को गिरफ्तार कर प्रकरण न्यायालय के हवाले किया है। दूसरी तरफ दिल्ली,बेंगलुरु, कोलकाता में भी पुलिस प्रशासन द्वारा सीधे कड़ी कार्रवाई की हैं। वर्तमान में शराब तो सामाजिक बुराई बना ही हुआ है। साथ-साथ सूखा नशा भी समाज के लिए गंभीर चुनौती बना हुआ है, सुखे नशे के मामले में केंद्र के सर्वोच्च नेतृत्व में यानी प्रधानमंत्री ने भी गंभीरता पूर्वक इसे रोकने के लिए चिंता जताई है देश में न सिर्फ ड्रग्स के नशे का इस्तेमाल किया जा रहा है बल्कि बड़े पैमाने पर इसकी तस्करी कर अवैध कारोबार भी किया जा रहा है ड्रग्स का नशा सामाजिक विडंबना बना हुआ है। तब देश में नए वर्ष के आगमन के पूर्व बड़े-बड़े आलीशान होटलों मैं सूखे नशे की पार्टियां आयोजित करने की तैयारी कर ली है, ऐसे में पुलिस के केंद्र सरकार के तथा राज्य सरकार के आला अधिकारी इसे रोकने के लिए हर संभव प्रयास की रणनीति बनाने में जुट गए है और शासन तथा पुलिस प्रशासन अपना पूरा ध्यान सूखे नसे को प्रतिबंधित करने में लगे हुए हैं, मूलत: मुंबई गोवा और पाकिस्तानी सरहद से लगे क्षेत्र और राज्य से सूखे नशे पदार्थों की आवक सभी राज्यों में होती है। निसंदेह इसे गंभीर षड्यंत्र के रूप में लिया जाना चाहिए। मुंबई सूखे नशे का एक बड़ा केंद्र बन चुका है, सुशांत सिंह राजपूत के आत्महत्या प्रकरण को लेकर जब पुलिस के आला अधिकारी को नशीले पदार्थों रेकेट हाथ लगा तब राज्य तथा केंद्र के कान खड़े हो गए और तब से पूरे देश में ताबड़तोड़ नशे के विरोध में कार्रवाई की जाने लगी और इसी तारतम्य में देश को यह बात समझ में आई कि सूखे नशे की लत में बड़े शहरों के तमाम पूंजीपति नशे के आदी हो चुके परिस्थितियां बहुत गंभीर एवं चुनौतीपूर्ण है, नए वर्ष के आगमन की सेलिब्रेशन तमाम नशीले पदार्थ की सप्लाई करने वाले तस्कर अपनी तैयारी में जुट गए हैं। देश के सभी राज्यों में नशीले पदार्थों के विरोध में केंद्र के निर्देशन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है और युवा वर्ग बच्चों को सोशल मीडिया के द्वारा भी इसकी बुराई के संबंध में लगातार अवगत कराया जा रहा है एवं इस बुराई से दूर रहने का आह्वान किया गया है।




## सवाल महामहिम राष्ट्रपति के सम्मान का ?



निर्मल रानी

भारत के राष्ट्रपति देश के प्रथम नागरिक होते हैं। इस पद पर आसीन व्यक्ति भारतीय गणराज्य का प्रमुख भी होता है। कार्यपालिका का सर्वोच्च पद होने तथा तीनों सेनाओं के प्रमुख होने के नाते भी राष्ट्रपति को देश में सर्वोच्च सम्मान प्राप्त होता है। परन्तु विगत समय से ऐसी कई घटनायें सामने आईं जिन्हें देखकर यह कहा जा सकता है कि कई बार देश के इस सर्वोच्च पद पर बैठने वाले महामहिम राष्ट्रपति को भी अपमानित करने का दुस्साहस किया गया। जिन दो महामहिम राष्ट्रपति के अपमान या यथोचित उन्हें सम्मान न दिए जाने की चर्चा रही उनमें एक तो वर्तमान महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू हैं और दूसरे इनके पूर्ववर्ती राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद। यह भी एक अजीब संयोग है कि श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जिन्होंने 25 जुलाई, 2022 को भारत की 15वीं राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण की वह महिला होने के साथ साथ आदिवासी समाज से सम्बन्ध रखने वाली पहली राष्ट्रपति भी हैं जबकि इनके पूर्ववर्ती राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद का सम्बन्ध दलित समाज से था। राजनैतिक हल्क़ों में उपरोक्त दोनों व्यक्तियों के अपमान की चर्चा आदिवासी व दलित समुदाय के अपमान के रूप में भी रेखांकित की जा रही है। परन्तु यदि इस राजनैतिक पहलू को पीछे छोड़ भी दिया जाये तो भी एक राष्ट्रपति के रूप में इन विभूतियों के साथ जो घटनायें घटित हुई हैं वह निश्चित रूप से इस सर्वोच्च गरिमामयी पद पर आसीन व्यक्ति के सम्मान पर प्रश्न चिन्ह ज़रूर खड़ा करती हैं।

ताज़ातरीन घटना गत 31 मार्च की ही है जबकि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू लालकृष्ण आडवाणी को 'भारत रत्न' सम्मान देने उनके निवास पर पहुंचीं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित 10 अन्य विशिष्टजन तथा परिवार के सदस्य भी उपस्थित थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जिस समय लालकृष्ण आडवाणी को 'भारत रत्न' सम्मान से नवाज़ रही थीं उस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,गृह मंत्री अमित शाह,भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, बीजेपी के संगठन मंत्री बीएल संतोष तथा पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू भी इस कार्यक्रम में शामिल थे। इस अवसर पर लिये गये जो चार चित्र राष्ट्रपति भवन की ओर से एक्स पर पोस्ट किये गये उनमें से एक चित्र में साफ़ दिखाई दे रहा है कि जिस समय महामहिम राष्ट्रपति मुर्मू खड़े होकर ससम्मान लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न प्रदान कर रही हैं उस समय लालकृष्ण आडवाणी कुर्सी पर बैठे हैं और उनके बग़ल की कुर्सी पर प्रधानमंत्री मोदी भी बैठे हैं और ताली बजा रहे हैं। जबकि सामने की पंक्ति में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ सहित सभी लोग भी बैठे हुये हैं। 96 वर्षीय लालकृष्ण आडवाणी के न खड़े हो पाने का कारण तो उनकी आयु व उनका ख़राब स्वास्थ्य माना जा सकता है परन्तु प्रधानमंत्री मोदी व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा महामहिम राष्ट्रपति के सम्मान में न खड़ा होना आलोचकों के लिये चर्चा का विषय ज़रूर बना। कुछ लोगों ने तो यहाँ तक आरोप लगाया कि यह सामान्य शिष्टाचार के ख़िलाफ़ तो है ही साथ ही जानबूझकर देश की आधी आबादी के साथ ही आदिवासियों को भी अपमानित किये जाने वाली घटना है।

इसके पहले जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत वर्ष 28 मई को नवनिर्मित संसद भवन का उद्घाटन किया था उस समय भी विपक्ष सहित अनेक संगठनों ,राजनेताओं व बुद्धिजीवियों ने कहा था कि संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति द्वारा ही कराया जाना चाहिए था न कि प्रधानमंत्री द्वारा। राष्ट्रपति मुर्मू द्वारा नए संसद भवन का उद्घाटन करना ही लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक मर्यादा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक होता। इससे पूर्व जब नई संसद भवन का शिलान्यास समारोह हुआ था उसमें भी तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को आमंत्रित नहीं किया गया था।

नई संसद भवन के उद्घाटन समारोह को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सीधे तौर पर प्रधानमंत्री मोदी पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अपमान करने का आरोप लगाते हुये यहां तक कहा था कि ऐसा लग रहा है कि मोदी ने दलित और आदिवासी समुदायों से भारत के राष्ट्रपति का चुनाव केवल चुनावी कारणों से सुनिश्चित किया है। खड़गे ने यह भी कहा था कि भारत के राष्ट्रपति का कार्यालय भाजपा-आरएसएस सरकार के तहत प्रतीकवाद तक सिमट गया है। उस समय कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी कहा था कि नए संसद भवन का उद्घाटन प्रधानमंत्री को नहीं बल्कि राष्ट्रपति को करना चाहिए।

ऐसी ही एक घटना 23 जुलाई 2022 की है जबकि संसद में राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद का विदाई समारोह आयोजित हो रहा था। उस विदाई समारोह में प्रथम पंक्ति में बैठे सभी विशिष्ट जनों का अभिवादन करते हुये राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जब प्रधानमंत्री मोदी के पास पहुंचे तो वे राष्ट्रपति की ओर देखने के बजाये उनकी अनदेखी करते हुये कैमरे की तरफ़ देखने लगे जबकि राष्ट्रपति प्रधानमंत्री मोदी की ओर असहज होकर देखते हुये आगे निकल गये। इसी तरह 18 मार्च 2018 की उस घटना में भी राष्ट्रपति कोविंद व उनकी पत्नी का अनादर होते साफ़ दिखाई दिया था जब वे भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिये पुरी के प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर गए थे। महामहिम राष्ट्रपति जब प्रभु जगन्नाथ के विराजमान होने वाले रत्न सिंहासन पर माथा टेकने गए तो वहाँ उपस्थित मंदिर सेवकों ने उनके लिए रास्ता नहीं छोड़ा। आरोप यह भी था कि जब राष्ट्रपति और उनकी पत्नी दर्शन कर रहे थे उस समय कुछ सेवादारों ने कथित रूप से दोनों को कोहनी भी मारी। कुछ सेवक/पंडे महामहिम राष्ट्रपति के शरीर से भी चिपक रहे थे। यहाँ तक कि महामहिम राष्ट्रपति की पत्नी, जो भारत की 'फर्स्ट लेडी हैं जानबूझकर कुछ पंडे उनके सामने भी आ गए थे। इस घटना को लेकर राष्ट्रपति भवन की ओर से असंतोष भी व्यक्त किया गया था। उस समय भी राष्ट्रपति व उनकी पत्नी से दुर्व्यवहार करने वाले किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। उसी समय यह ख़बर भी आई थी कि राष्ट्रपति ने पुरी छोड़ने से पहले ही वहां के तत्कालीन ज़िलाधीश अरविंद अग्रवाल से इस घटना के बारे में अपना असंतोष भी ज़ाहिर कर दिया था। परन्तु राष्ट्रपति व उनकी पत्नी के निरादर की बात करना,दोषी के विरुद्ध कार्रवाई करना या उस पर खेद जताना तो दूर उल्टे उनके जाने के कुछ ही देर बाद एक सेवायत ने मीडिया के सामने इस बात को लेकर शिकायत ज़रूर दर्ज कराई कि राष्ट्रपति की ओर से उन्हें %एक रुपया% भी दक्षिणा नहीं दी गयी। इस तरह की शर्मानक घटनायें निश्चित रूप से महामहिम राष्ट्रपति के सम्मान को लेकर सवाल ज़रूर खड़ा करती हैं।महामहिम राष्ट्रपति के पद पर आसीन होने वाला व्यक्ति किसी भी धर्म जाति या लिंग का क्यों न हो,उसका सर्वोच्च सम्मान किया जाना चाहिये।

# शार्ट न्यूज

## शामली में दुकान में घुसा ट्रक, दो की मौत



**शामली।** शामली के कांधला थाना क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर हाईवे मार्ग पर सड़क हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई। दिल्ली से आ रहा एक ट्रक अनियंत्रित होकर दुकानों में जा घुसा। जहां बैठे दो लोग ट्रक की चपेट में आ गए। कई लोगों के मलबे के नीचे दबे होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस और स्थानीय लोग बचाव कार्य में जुटे हुए हैं। घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा है। सभी लोग ट्रक को हटाने का प्रयास कर रहे हैं। एक स्थानीय युवक ने बताया, हम लोग यहां पर खड़े हुए थे। तभी एक ट्रक दिल्ली की ओर से आता हुआ दिखाई पड़ा। उसका बैलेंस बिगड़ा हुआ था। जब तक हम लोग कुछ समझ पाते वो यहां 3 दुकानों और ठेलों को टक्कर मारते हुए पलट गया। इस हादसे में अभी 2 लोगों की मौत है। आशंका जताई जा रही है कई लोग ट्रक के मलबे के नीचे दबे होंगे। जेसीबी की मदद से ट्रक को हटाने का प्रयास किया जा रहा है।

## बागपत में ट्रक की टक्कर से ई रिक्शा सवार दो बच्चों की मौत, चार घायल

बागपत। उत्तर प्रदेश में बागपत जिले के कोतवाली क्षेत्र में बुधवार को तेज रफ्तार कैंटर की टक्कर से ई रिक्शा में सवार दो बच्चों की मौत हो गयी जबकि चार महिलायें गंभीर रुप से घायल हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अलावलपुर गांव निवासी मनीष के परिजन ज्योति, राजेश, सीमा अपने बेटे एडविक (3) और सात्विक (1) के साथ इंद्रपाल की ई रिक्शा में सवार होकर सरूरपुरकलां गांव में एक धार्मिक कार्य से जा रहे थे कि दिल्ली सहारनपुर हाइवे पर खेड़की गांव के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार कैंटर ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ई रिक्शा वहीं हाइवे पर पलट गई और एडविक और सात्विक दूर जाकर गिर पड़े, तभी कैंटर ने एक बच्चे को कुचल दिया। जिसमें एक बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद राहगीरों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां रास्ते में दूसरे बच्चे ने भी दम तोड़ दिया। उधर, चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल दो महिलाओं को हायर सेंटर रेफर कर दिया। हादसे के बाद चालक कैंटर छोड़कर फरार हो गया। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने कैंटर को कब्जे में ले लिया।

## 41 किलो गांजे के साथ 2 गिरफ्तार

कौशांबी। कौशांबी की महेवा घाट पुलिस ने बुधवार मोटर साइकिल से गांजा तस्करी कर ले जा रहे 2 युवकों को गिरफ्तार किया है। युवक चित्रकूट से गांजा तस्करी कर जनपद की सीमा महेवाघाट मे दाखिल हुए थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 41 किलो गांजा और 2 मोटर साइकिल बरामद की है। सर्किल अफसर अभिषेक सिंह के मुताबिक, पकड़े गए युवक मादक पदार्थो की तस्करी के अभ्यस्त अपराधी है। इन पर चित्रकूट कौशांबी व लखनऊ में मुकदमे दर्ज हैं। महेवा घाट पुलिस लोकसभा चुनाव के तहत जनपद की सीमा ने क्षेत्र में निगरानी कर रही थी। इसी बीच मुखबिर से जानकारी मिली कि 2 युवक अर्पित मिश्रा पुत्र उमेश चंद्र मिश्रा निवासी मिश्रपुर डहिया थाना सराय अकिल व शिव बोध मिश्रा पुत्र श्याम मिश्रा निवासी बसुहार थाना सराय अकिल 2 बाइक से बैरागीपुर पश्चिम शरीरा मार्ग पर गांजा की सप्लाई देने को ग्राहक का इंतजार कर रहे है। पुलिस ने घेरा बंदी कर आरोपियों को मौके से पकड़ लिया। बदमाशों को थाना परिसर मे लाकर पूछताछ की गई। शिव बोध मिश्रा व अर्पित मिश्रा ने अपने कब्जे से 41 किलो गांजा का पैकेट बरामद हुआ।

## सड़क निर्माण में धांधली को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन

बहराइच। बहराइच के बलहा इलाके में बन रही सड़क में धांधली का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया है। उनका आरोप है कि सड़क को बनाने में न तो पत्थर और न ही सही गिट्टी का प्रयोग हो रहा है। इसकी वजह से एक तरफ सड़क बन रही है तो वहीं दूसरी तरफ से उखड़ती जा रही है। बलहा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत लगदिहा के मजरा लोधनपुरवा में डामर रोड बन रही है। पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से साढ़े चार किलोमीटर सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। जिस पर सरकार की ओर से 32 लाख रुपए का बजट जारी किया गया है। लेकिन सड़क निर्माण में ठेकेदार और अधिकारियों की ओर से मानकों की जमकर अनदेखी जा रही है। गांव के लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण बिना पत्थर और बजड़ी के करवाया जा रहा है, जिससे एक तरफ सड़क बन रही है तो दूसरी तरफ उजड़ रही है। इसको लेकर ग्रामीणों ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। सभी का कहना है कि शिकायत के बाद भी अधिकारी ध्यान नहीं देते हैं। लोगों ने पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिशासी अभियंता और जिलाधिकारी द्वारा सड़क निर्माण की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## लखनऊ में जनसेवा केंद्र में सेंध लगाकर चोरी

**लखनऊ।** लखनऊ के नगराम थाना क्षेत्र में स्थित एक जन सेवा केंद्र पर मंगलवार की रात को चोर सेंध लगाकर हजारों रुपए की नकदी समेत अन्य सामान उठा ले गए। बुधवार की सुबह चोरी की जानकारी होने पर पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल कर चोरों की तलाश शुरू कर दी। नगराम थाना क्षेत्र के असलम नगर गांव निवासी परमजीत अपने दोस्त राजेंद्र प्रसाद के साथ मिलकर कनौजिया मार्केट में जन सेवा केंद्र चलाते हैं। प्रतिदिन की भांति वह मंगलवार की शाम जन सेवा केंद्र बंद करके अपने घर चले गए। बुधवार की सुबह पड़ोसी मेडिकल दुकानदार प्रमोद रही ने उन्हें दुकान में चोरी होने की जानकारी दी। जब वे सहज जन सेवा केंद्र पर पहुंचे तो देखा कि सहज जन सेवा केंद्र में पीछे की दीवार में सेंध लगा है। सारा सामान अस्त व्यस्त पड़ा था। चोर मेज की रैक में रखी 55 हजार रुपए की नकदी सहित अन्य सामान उठा ले गए। जिसके बाद उन्होंने चोरी की सूचना डायल 112 पर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर चोरों के खोजबीन में जुट गई है। नगराम थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर चोरी का मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है।

## 18 साल की लड़की ने किया सुसाइड

झांसी। झांसी में 18 साल की लड़की ने सुसाइड कर लिया। मरने से पहले उसने अपने मोबाइल का सिम तोड़ दिया। इसके बाद दुपट्टे से फंदा बनाकर लोहे के पाइप पर झूल गई। जब मां घर पर पहुंची तो बेटी फंदे पर लटकी हुई थी। फिलहाल मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस प्रेम संबंध समेत अन्य एंगलों पर जांच कर रही है। मृतका का नाम कंचन बरार (18) था। वह सीपरी बाजार थाना क्षेत्र के टपरियन स्थित खालसा स्कूल के पास रहती थी। मृतका के पिता ने बताया कि कंचन और उसकी मां कुसुम घरों में झाड़ू-पोछा का काम करती थी। मंगलवार को वह काम पर गई थी। जबकि पिता कबाड़ के गोदाम पर काम करने गए थे। दोपहर में कंचन काम करके लौटी तो पिता से चाबी लेकर घर चली गई। थोड़ी देर बाद मां घर पहुंची तो अंदर से कुंडी बंद थी। धक्का देकर दरवाजा खोला तो कंचन फंदे पर लटकी हुई थी। कंचन की मौत के बाद घर में मातम का माहौल है। 3 बहन और दो भाइयों में कंचन सबसे बड़ी थी। पिता ने बताया कि उसकी शादी के लिए राठ में लड़का देख लिया था। अब जल्द ही कंचन की शादी करने वाले थे। कंचन ने सुसाइड करने से पहले अपने मोबाइल की सिम तोड़ दी। जब शव को नीचे उतारा तो उसके हाथ में टूटी हुई सिम मिली है, जबकि मोबाइल अगल रखा था। बेटी कंचन ने सुसाइड क्यों किया ? इस बारे में जानकारी नहीं है। सीपरी बाजार थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह का कहना है कि कंचन ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। उसके सुसाइड के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

# मोदी को यूपी वाले 80 मनकों की माला पहनाएंगे

## इंडिया समूह को चुनावों के लिए प्रत्याशी तक नहीं मिल पा रहे हैं : योगी

आगरा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को दावा किया कि मौजूदा लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और सहयोगी दल उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर विजय पताका फहरायेंगे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 80 मनकों की माला पहनायेंगे।



जिले की दो लोकसभा सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में जन चौपाल और प्रबुद्धजन सम्मेलन करते हुए श्री योगी ने विपक्षी दलों पर तीखा तंज कसा। उन्होने कहा कि इंडिया समूह को चुनावों के लिए प्रत्याशी तक नहीं मिल पा रहे हैं।

सूरसदन प्रेक्षागृह में आगरा सुरक्षित सीट से पार्टी के प्रत्याशी प्रो एसपी सिंह बघेल के समर्थन में प्रबुद्धजन सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने प्रदेश की सभी अस्सी सीटों पर जीत का दावा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उत्तर प्रदेश से 80 मनकों की माला पहनाएंगे। इसमें आगरा का भी नेतृत्व होगा। समाज का हर तबका मोदी को तीसरे कार्यकाल का मौका देगा।

गौरतलब है कि जिले की आगरा सुरक्षित और फतेहपुर सीकरी सामान्य सीटों पर तीसरे चरण में सात मई को मतदान होना है।

प्रदेश में विकास कार्यों की चर्चा करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आगरा में सबसे स्पीड से मेट्रो ट्रेन का काम पूरा हुआ। सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाई लड़ने के बाद शहर में एयरपोर्ट के सिविल टर्मिनल का निर्माण हो रहा है। यह नया भारत है, जो केवल संकल्प ही नहीं देता, बल्कि संकल्पना भी देता है। योगी ने कहा, किसने सोचा था कि हर घर में शौचालय होगा। हर गरीब के पास घर होगा। सात सालों में यूपी ने मोदी के मार्गदर्शन में विकास किया है। सुरक्षा की बात करते हैं तो यूपी की बात करते हैं। जब देश के अंदर इतनी बड़ी आबादी के लिए बुनियादी सुविधा हर तबके तक पहुंचाने की बात होती है, तो यूपी एक लीड के रूप में देश में दिखता है। आज दो वर्गों में चुनाव है। परिवारवाद बनाम सबका साथ-सबका विकास..., भ्रष्टाचार बनाम जीरो टोलरेंस की नीति।

उन्होने कहा, दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। आज भारतीय दुनिया में कहीं भी जाकर गर्व से बोलता है कि मैं भारतवासी हूं। दुनिया पूछती है कि मोदी का भारत। विश्व योग दिवस पर 190 से अधिक देश जुड़ते हैं। कुंभ जैसे बड़े आयोजन यूनेस्को की सूची में आते हैं।

# महाकुंभ के लिए तैयार होगा रोपवे और डिजिटल कुंभ म्यूजियम

लखनऊ। प्रयागराज में अगले वर्ष होने जा रहे महाकुंभ 2025 के मद्देनजर योगी सरकार संगम स्थल और आसपास कई प्रमुख कार्यों के विकास को मूर्त रुप प्रदान करेगी।

महाकुंभ को खास बनाने के लिये हनुमान मंदिर स्थली का व्यापक पैमाने पर रेनोवेशन किया जा रहा है, जबकि रोपवे परियोजना की भी जल्द शुरुआत होने जा रही है। इसके साथ ही डिजिटल कुंभ म्यूजियम का भी निर्माण कार्य प्रस्तावित है। सरकार की ओर से इन सभी कार्यों को दिसंबर 2024 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए जा चुके हैं। महाकुंभ से पूर्व कार्य पूर्ण होने के बाद यह महाकुंभ के महाआयोजन को यहां आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए यादगार बना देंगे।

अधिकृत सूत्रों ने बुधवार को बताया कि 29 नवंबर 2023 को शीर्ष समिति की बैठक में हनुमान मंदिर स्थली के निर्माण कार्य की सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान की गई थी। इसकी कार्य की कार्यदायी संस्था प्रयागराज विकास प्राधिकरण है। कार्य की कुल लागत 45.71 करोड़ रुपए प्रस्तावित है। परियोजना के लिए पीएमए द्वारा पूर्व न्यायाधीश उच्च न्यायालय पी.के.एस. बघेल. से लीगल ओपिनियन भी ली गई है।

यही नहीं, सेना द्वारा कार्य स्थल की वर्किंग परमीशन भी प्रदान की जा चुकी है और भूमि हस्तांतरित किए जाने के लिए एमओयू हस्ताक्षर किए जाने की प्रक्रिया जल्द ही पूर्ण कर ली जाएगी, जिसके लिए लीगल वेटिंग की जा रही है। पीडीए द्वारा कार्य अप्रैल में प्रारंभ किया जाएगा और नवम्बर, 2024 में पूर्ण करने का लक्ष्य है।

# बिल्डर रमेश गंगवार के कई ठिकानों पर आईटी का छापा

**टैक्स हेराफेरी मामले में कार्रवाई**

एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ में बिल्डर रमेश गंगवार के यहां इनकम टैक्स(आईटी) का छापा पड़ा है। बताया जा रहा है ठेकों में लेनदेन के दौरान बड़े पैमाने पर टैक्स हेराफेरी की गई है। इसके इनपुट मिलने पर आईटी ने ये कार्रवाई की है। उनके लखनऊ और बरेली समेत कई अन्य ठिकानों पर इस समय छापेमारी चल रही है।

हालांकि अभी तक आईटी टीम की तरफ से अभी कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। काशीपुर में भी जांच टीम को उनका मकान बंद मिला है।

रमेश गंगवार के यूपी से लेकर दिल्ली तक कई आईएएस से कनेक्शन हैं। उन पर लाभ पहुंचकर बिड लेने के भी आरोप लगते रहे हैं।

### आयकर के अलावा जीएसटी में गड़बड़ी मिली है

कागजों में बड़ा हेरफेर मिलने की बात सामने आ रही है। आयकर के अलावा जीएसटी में गड़बड़ी मिली है। इसमें आय ज्यादा होने के बाद भी टैक्स कम दिया गया है।

अधिकारियों का कहना है कि टीम लखनऊ में पड़े ताले को खुलवाने के चक्कर में लगी है। क्योंकि माना जा रहा है कि यहां से विभाग को कई बड़े सुराग मिलेंगे। इससे करोड़ों रुपए टैक्स चोरी सामने आएगी। इस दौरान करोड़ों रुपए का खेल सामने आने की उम्मीद है।

## प्रयागराज में बिहारी भवन में आग,जनहानि नहीं

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के सिविल लाइंस क्षेत्र स्थित बिहारी भवन बहुमंजिली इमारत में बुधवार को आग लगने से हडकंप मच गया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि क्षेत्र के सरदार पटेल मार्ग स्थित बहुमंजिला बहारी भवन में आग लगने से लोगों में हडकंप मच गया। इसके दो फ्लोर पर दुकानें हैं, जबकि ऊपर लोग रहते हैं। लोगों ने इमारत से धुंआ निकलता देखा। उनके देखते देखते आग की तेज लपटें दिखने लगी। एक फ्लोर में कम्प्यूटर वर्कशाप थी जो आग में जलकर नष्ट हो गयी। उन्होंने बताया कि आग लगने की सूचना 10 बजे मिली। अग्निशमन दल की दो टीमें मौके पर पहुंचकर अथक प्रयास कर करीब डेढ़ घंटें में आग पर काबू पाया। उससे पहले इमारत में धुंए और आग में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया गया। इमारत में लगी आग से किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

# आगरा में नहर से मिला बच्चे का शव

## पुलिस ने गोताखोरों से कराई तलाश, पति ने की थी पत्नी और बेटे की हत्या

**आगरा।** आगरा में पति ने पत्नी और डेढ़ साल के बेटे की हत्या कर नहर में शव फेंक दिए। पत्नी का शव पुलिस ने मंगलवार को ही नहर से निकाल लिया था। बुधवार सुबह गोताखोरों की मदद से पुलिस ने बच्चे का शव भी नहर से निकाल लिया है। पुलिस आरोपी आशीष से पूछताछ कर रही है।

सिकंदरा के अरसैना में आशीष उर्फ आशिक नाम के व्यक्ति ने अपनी पत्नी जुमातन उर्फ मुन्नी और डेढ़ साल के बेटे की हत्या सोमवार शाम कर दी थी। दोनों के शवों को फतेहपुर सीकरी की गुड़ नहर में फेंक दिया था। मुन्नी की बड़ी बहन समीरन की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आशीष को अरेस्ट किया था। उसकी निशानदेही पर नहर से मुन्नी का शव बरामद हो गया था। लेकिन बेटे का शव नहीं मिला था। बुधवार सुबह थाना पुलिस ने गोताखोरों की मदद से नहर में शव की तलाश की। बच्चे का शव भी थोड़ी दूर पर ही मिल गया।



आशीष की शादी तीन साल पहले बिहार के किशनगंज में रहने वाली मुन्नी देवी के साथ हुई थी। पति पत्नी में छह महीने से विवाद चल रहा था। अनबन बहुत ज्यादा बढ़ गई थी। पत्नी नाराज होकर अपने मायके चली गई थी। वे अपने पति को भी बिहार बुला रही थी, लेकिन आशीष वहां जाना नहीं चाहता था।

आशीष यहां मजदूरी का काम करता है। इसी बीच उसने दूसरी शादी कर ली थी। जिसकी जानकारी मुन्नी को मिली। वो अपने घर वापस आकर आशीष के साथ रहना चाहती थी। आशीष ने उसे ट्रेन से टूंडला बुलाया। वहां से बाइक पर वो उसे लेकर भरतपुर जा रहा था। रास्ते में फतेहपुरसीकरी पर पति पत्नी के बीच झगड़ा हुआ। जिसके बाद आशीष ने अपनी पत्नी और बेटे की हत्या कर शवों को नहर में फेंक दिया।

### बहन ने दी पुलिस का सूचना

मृतका की बड़ी बहन समीरन अपनी बहन के संपर्क में थी। मुन्नी का फोन बंद आने पर वो मंगलवार सुबह थाने पहुंची। वहां पूरी घटना की जानकारी दी। समीरन ने बताया कि मुन्नी ने ट्रेन में बैठकर कहा था कि वो सोमवार शाम 6 बजे टूंडला उतरेगी। लेकिन उसके बाद उससे बात नहीं हो पाई।

टूंडला से ले जा रहा था भरतपुर प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र दहिया के अनुसार आशिक उर्फ आशीष उर्फ ओमेंद्र लोधी अपनी पत्नी को टूंडला स्टेशन से गाड़ी में बैठाकर भरतपुर की ओर जा रहा था। रास्ते में कहा सुनी एवं मारपीट होने पर पत्नी की हत्या कर दी। शव को नहर में डाल दिया। बुधवार सुबह बेटे का शव भी मिल गया है। आरोपी से पूछताछ जारी है।


# प्रेमी ने प्रेमिका की मां को मार डाला

## घर पर मिलने आया था, मां ने विरोध किया तो दबा दिया गला; गिरफ्तार

**बांदा।** बांदा में प्रेमी ने प्रेमिका की मां गला दबाकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच प्रेम संबंध का प्रेमिका की मां विरोध करती थी। मंगलवार रात को प्रेमी प्रेमिका से मिलने उसके घर आया था। इसका उसकी मां ने विरोध किया तो प्रेमी ने मां की गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद वहां से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए हत्यारे को गिरफ्तार कर लिया है।

पूरा मामला शहर कोतवाली अंतर्गत सिविल लाइन चौकी के काशीराम कॉलोनी का है।

जहां का रईस छतरा नाम का युवक पीली कोठी इलाके का रहने वाला है। वह काशीराम कॉलोनी में एक दिव्यांग युवती से प्रेम करता था। उसका युवती के घर लगातार 1 साल से आना जाना था।




दिव्यांग युवती की उम्र 18 साल है, जबकि प्रेमी रईस छतरा की शादीशुदा है। इसी बात को लेकर युवती की मां शिवप्यारी (40) दोनों के बीच प्रेम संबंध का विरोध करती थी।

मंगलवार की रात 9 बजे रईस छतरा प्रेमिका से मिलने उसके घर आया था। इस दौरान युवती की मां से उसका कुछ झगड़ा हो गया। गुस्से में आकर प्रेमी ने युवती की मां की गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद मौके से फरार हो गया। घटना के समय प्रेमिका का एक भाई और बहन घर पर मौजूद थे।

### मां की गला दबाकर हत्या कर दी : बेटी

मृतका की छोटी बेटी और छोटे बेटे ने बताया कि वह घर के बाहर थे। उस दौरान उसकी मेरी बड़ी बहन और रईस घर के अंदर थे। लाइट बंद थी। तभी कुछ झगड़ा होने लगा। इसके बाद रईस ने मेरी मां की गला दबा दिया। जिससे मां की मौत हो गई।

## जालौन में रेलवे ट्रैक पर मिला शव

जालौन। जालौन में संदिग्ध अवस्था में एक 52 वर्षीय ग्रामीण का शव रेलवे ट्रैक किनारे मिलने से इलाके में हड़कंप मचा गया। ग्रामीणों ने शव को देख परिजनों को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। जिन्होंने पुलिस को अवगत कराया। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जिन्होंने मामले की जांच करते हुए मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना उरई कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम रहिया की है। यहां के रहने वाले महावीर पाल (52) रोज की तरह अपनी भैंस चराने गांव के बाहर गया हुआ था। जब वह भैंस को रेल की पटरियों के पास लेकर गया, उसी दौरान उसकी संदिग्ध हालत में मौत हो गई।

# कानपुर में ई-रिक्शा में प्रतिबंधित मांस, हंगामा

**कानपुर।** कानपुर में बुधवार सुबह गोकशी की सूचना पर हंगामा खड़ा हो गया। मूलगंज क्षेत्र में रोटी वाली गली में बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित मांस बोरे में भरकर भेजा जा रहा था। इसकी सूचना बजरंग दल के सदस्यों को मिलने के बाद हंगामा हो गया। हंगामे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर मीट दुकान का मालिक और अन्य लोग मौके से भाग निकले। पुलिस ने सूचना के बाद अन्य गलियों में भी छानबीन शुरू की।

मूलगंज की रोटी वाली गली से लेकर नई सड़क रिजवी रोड तक इंस्पेक्टर समेत फोर्स ने पैदल जाकर गलियों में जांच की। इसके बाद एक ई-रिक्शा में बोरियों में भरा मांस भी बरामद किया गया। पुलिस ने बरामद मांस और खाल की जांच के लिए फोरेंसिक की टीम को बुलाया। खाल बाहर निकाल कर फॉरेंसिक ने सैंपल लिए। वहीं मौके पर बड़ी संख्या में बजरंग दल कार्यकर्ता भी पहुंच गए। उन्होंने हंगामा करते हुए कहा कि ये मिनी पाकिस्तान है। यहां आए दिन प्रतिबंधित जानवर काटे जाते हैं। बड़े पैमाने पर इनकी सप्लाई की जाती है। सूचना पर पूर्व राष्ट्रीय संयोजक बजरंग दल प्रकाश शर्मा भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि इसके पहले भी ग्वालटोली थाना क्षेत्र के अंतर्गत इस तरह की घटना सामने आई थी।

# वकीलों की हड़ताल से कचहरी में काम रहा ठप




गोंडा। गोंडा में ग्राम न्यायालय की स्थापना को लेकर वकील हड़ताल पर हैं। आज वकील अपनी मांगों को लेकर छठवें दिन पूरी कचहरी को बंद करके धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। लेकिन अभी तक धरने का कोई हल नहीं निकला है ना ही अधिवक्ताओं द्वारा अपना धरना समाप्त किया गया है। अधिवक्ताओं की मांग है जो ग्राम न्यायालय की स्थापना की जा रही है, वह मानक के विपरीत की जा रही है। वहां पर लोगों को न्याय नहीं मिलेगा। दो दौर की वार्ता भी अधिवक्ताओं और न्यायाधीशों के बीच हो चुकी है।

वहीं कचहरी में फरियाद लेकर आ रहे फरियादियों को काफी दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ा है। कई आरोपियों की तो वकीलों की हड़ताल के चलते जमानत भी नहीं हो पा रही है। उनके परिवार के सदस्य जिलों में बंद है और वकीलों की हड़ताल के चलते न्यायालय पर उनकी अर्जी पर सुनवाई नहीं हो पा रही है। दरअसल गोंडा जिले की करनैलगंज, मनकापुर और तरबगंज तहसील क्षेत्र में ग्राम न्यायालय की स्थापना की जा रही है। इन सभी जगह पर ग्राम न्यायालय की स्थापना न्यायालय प्रशासन द्वारा कर भी दी गई है। यहां पर स्थापित ग्राम न्यायालय में सुनने के लिए भरण पोषण सहित कई मुकदमे भी ट्रांसफर कर दिए गए।

# लखनऊ एयरपोर्ट से भागे 29 तस्कर

## 3.50 करोड़ का सोना-सिगरेट पकड़ा, दो दिन से हो रही थी पूछताछ

लखनऊ। लखनऊ एयरपोर्ट से सोना स्मगलिंग करने वाले 29 संदिग्धों के फरार होने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। एयरपोर्ट के सहायक आयुक्त एके सिंह ने सभी के खिलाफ बुधवार को सरोजनीनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

जानकारी के अनुसार 1 अप्रैल को राजस्व खुफिया निदेशालय को सूचना मिली थी कि शारजहा-लखनऊ की फ्लाइट से तस्करी का करीब 3.5 करोड़ रुपए का सोना और सिगरेट लाया जा रहा है। टीम ने फ्लाइट से उतरे 36 यात्रियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

इनमें से एक महिला यात्री समेत 6 ने बताया कि उनके पेट में सोना है। इसके बाद डीआरआई ने मंगलवार को यात्रियों को कस्टम विभाग को सौंप दिया। इस बीच कस्टम की कस्टडी से 29 संदिग्ध चकमा देकर फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि सीआईएसएफ और डीआरआई सहित अधिकारी उनकी तलाश कर रहे हैं।

लखनऊ पुलिस ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल और सीमा शुल्क अधिकारियों के साथ मिलकर उन सभी आरोपियों की बड़े पैमाने पर तलाश शुरू कर दी है, जिनका अभी तक पता नहीं चल सका है।



### 28 यात्रियों के पेट में सोना होने की बात स्वीकार की

कस्टम टीम ने बताया, पकड़े गए यात्रियों ने रोजा रखा था। इफ्तारी के बाद सोना निकालने का प्रयास करने वाले थे। इसी को लेकर यात्रियों को खाने-पीने का सामान दिया गया। सोमवार को सभी ने नमाज पढ़कर अपना रोजा खोला।

मंगलवार को 30 यात्रियों से पूछताछ की गई तो 28 ने बताया कि उनके पेट में भी सोना है। दोपहर बाद सभी रमजान का बहाना बनाकर हंगामा शुरू कर दिया। इस बीच 1 यात्री की तबीयत खराब हो गई। शाम को लगभग 7:15 बजे फ्लाइट 6ई-98 के यात्री भी हाल में आ गए। जिससे हाल में भीड़ हो गई।

तभी बीमार तस्कर बेहोश हो गया। उसके साथ आए बाकी के लोग तेज-तेज रोने और चिल्लाने लगे। बोले- जल्द डॉक्टर को बुलाएं नहीं तो कुछ भी हो सकता है। कस्टम ने इस बात की जानकारी एयरपोर्ट स्टाफ और सीआईएसएफ को दी।

### यात्रियों ने धमकी दी, सीआईएसएफ जवानों को धक्का देकर भागे

कस्टम के भी अधिकारियों ने अपोलो हॉस्पिटल के डॉक्टर बुला लिया। डॉक्टर आए और बेहोश यात्री की जांच की तो उसका पल्स और शुगर लेवल सब ठीक निकला। लेकिन वहां मौजूद दूसरे यात्री उसे उठाकर चिल्लाने लगे। धमकी देने लगे अगर कुछ हो गया तो तुम सबको छोड़ेंगे नहीं। इसके बाद सभी बाहर निकलने लगे। कस्टम की टीम ने हॉल में रोका तो बीमार यात्री को वहीं छोड़कर भाग निकले। एग्जिट गेट पर तैनात छ्द्बस्स्र के जवानों के रोका तो उन्हें भी धक्का देकर फरार हो गए।

यात्रियों के भागने की जानकारी डायल 100, चौकी प्रभारी अमौसी एयरपोर्ट और उप कमांडेंट छ्द्बस्स्र को दी गई। बीमार यात्री को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया। इलाज के बाद फिर एयरपोर्ट लाया गया, जहां बाकी बचे अन्य 6 यात्रियों से पूछताछ की गई।

29 यात्रियों के एयरपोर्ट से भागने के मामले में सुरक्षा पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं। एयरपोर्ट पर सबसे सख्त सुरक्षा रहती है। लखनऊ एयरपोर्ट से मेन रोड तक की दूरी करीब 1 किमी. है।

अगर कोई भागता भी है तो सुरक्षा में तैनात जवान दौड़ा कर पकड़ सकते हैं। लेकिन यहां हंगामा हुआ, दो दिन तक तस्कर हाल में रहे।

## शार्ट न्यूज

### अम्बर ग्रुप को एसी कल-पुर्जा पीएलआई योजना के तहत काम करने की मंजूरी

नयी दिल्ली। अंबर समूह को देश में विनिर्माण उद्योग को प्रोत्साहित करने की केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन की योजना - पीएलआई योजना के तहत एयर कंडीशनरों के कल पुर्जों को निर्मित करने की मंजूरी मिल गयी है। समूह की विज्ञप्ति में अंबर समूह के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जसबीर सिंह के हवाले से कहा गया है, पीएलआई योजना ने भारतीय उपभोक्ता उपकरण विनिर्माण उद्योग को तेजी से आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत की प्राप्ति में सहायक रही है। इसकी शुरुआत से ही यह योजना एयरकंडीशनर के घरेलू निर्माण क्षमता को बढ़ावा दिया है। कंपनी ने कहा कि पीएलआई योजना के आने के बाद भारत में एसी के कल पुर्जों की विनिर्माण क्षमता 2021 के 25 प्रतिशत की तुलना में बढ़ कर 45 प्रतिशत हो गयी है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस पीएलआई योजना के लिए मंजूरी के साथ, अंबर समूह अब वित्त वर्ष 2028 की निर्धारित समय सीमा के भीतर एयर कंडीशनर और इसके घटकों के उत्पादन में स्थानीय मूल्यवर्धन 75 प्रतिशत के स्तर तक पहुंचाने के लक्ष्य के साथ अपनी विनिर्माण क्षमता को वैश्विक स्तर पर ले जाने की अच्छी स्थिति में है। श्री सिंह ने इस मंजूरी के लिये अम्बर ग्रुप की ओर से केन्द्र सरकार, उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय का आभार व्यक्त किया है।

### एचपी ने लांच किया नया लैपटॉप

नयी दिल्ली। एचपी ने आज भारत में अपनी एआई-एनहांस्ड ओमेन ट्रांसेंड 14 लैपटॉप सीरीज पेश करने का ऐलान किया जिसकी शुरूआती कीमत 1.75 लाख रुपये है। कंपनी ने यहां कहा कि गेम खेलने और कंटेंट क्रिएट करने जैसे दोनों क्षेत्रों में रुचि रखने वाले गेमर्स के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए ओमेन ट्रांसेंड 14 लैपटॉप में एनवीडिया जीईफोर्स आरटीएक्स060 ग्राफिक्स दिया गया है, जो बेहतरीन गेमप्ले एक्सपीरियंस और ग्राफिक्स के लिए एआई फीचर्स उपलब्ध कराता है। नए ओमेन में प्रयोग किए गए इंटेल कोर अल्ट्रा प्रोसेसर्स की मदद से गेमर्स लेटेस्ट गेम्स से जुड़ने या बहुत कम्प्यूट-इंटेंसिव टास्क करने में सुगमता का अनुभव करेंगे। ओमेन ट्रांसेंड 14 में इंटेल और एनवीडिया के माध्यम से लोकल एआई क्षमता के साथ-साथ ओटर डॉट एआई के साथ बिल्ट-इन एआई सपोर्ट भी दिया गया है, जिससे मीटिंग या क्लास के दौरान लाइव ट्रांस्क्रिप्ट एवं रियल-टाइम कैप्शन, ऑडियो ट्रांस्क्राइब के लिए रिकॉर्ड फंक्शन और एआई-जनरेटेड नोट्स जैसे फीचर्स मिलते हैं। उसने कहा कि ओमेन ट्रांसेंड 14 की बेहतरीन परफॉर्मेंस में मदद के लिए इसमें इंटेल के साथ मिलकर तैयार किया गया नया कूलिंग सिस्टम लगाया गया है। इस सिस्टम के तहत इसका चेसिस हवा को अंदर खींचता है और एक वैपर चैंबर का प्रयोग करते हुए प्रेशर जोन बनाता है, जिससे रियर वेंट के माध्यम से गर्म हवा बाहर निकल जाती है। इस सिस्टम ने इसे दुनिया का सबसे कूल 14 इंच गेमिंग लैपटॉप बना दिया है।

### नीरज चोपड़ा ने एवरैडी को दी नई एनर्जी




मुंबई (अनिल बेदाग)। भारत का नंबर 1 बैटरी ब्राण्ड एवरैडी इंडस्ट्री इंडिया लिमिटेड जो पावर, परफोर्मेन्स और भरोसे का दूसरा नाम बन चुका है, उसने ओलम्पिक गोल्ड पदक विजेता और दुनिया के नंबर 1 मैन्स जैवलिन स्टार नीरज चोपड़ा को अपना नया ब्राण्ड अम्बेसडर नियुक्त किया है। यह साझेदारी एवरैडी की यात्रा में उल्लेखनीय कदम है, जो नई अल्टीमा एल्केलाईन बैटरी सीरीज़ के लॉन्च के साथ इनोवेशन एवं उत्कृष्टता की दिशा में ब्राण्ड की प्रतिबद्धता को और अधिक मजबूत बनाएगी। ब्राण्ड युवाओं के साथ जुड़ने तथा नव-भारत की हाई-ड्रेन डिवाइसेज़ के लिए लम्बे चलने वाले पैसा वसूल समाधान उपलब्ध कराने के लिए तत्पर है। बैटरी कैटेगरी में प्रतिष्ठित लीडर एवरैडी और एशियन ओलम्पिक्स चैम्पियन नीरज चोपड़ा दोनों अपने-अपने क्षेत्र में नंबर 1 पर हैं। नीरज चोपड़ा की सफलता की यात्रा ने दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रेरित किया है, ठीक इसी तरह अल्टीमा बैटरीज़ की नई एवं बेहतर एल्केलाईन रेंज 400 प्रतिशत अधिक पावर के साथ खिलौनों और गैजेट्स को लम्बे समय तक चलाने में मददगार होगी।

### नथिंग ने ऑफ्टर सेल्स सर्विस का विस्तार किया

मुंबई (अनिल बेदाग)। लंदन के कंज्यूमर टेक ब्रांड, नथिंग ने मुंबई में अपने तीसरे एक्सक्लूसिव कस्टमर सर्विस सेंटर के उद्घाटन की घोषणा की। नए सर्विस सेंटर के रूप में कंपनी का यह विस्तार भारतीय बाजार और इसके उपभोक्ताओं की बढ़ती संख्या के प्रति नथिंग के डेडीकेशन को दिखाता है। नई दिल्ली में ईएससी के उद्घाटन के थोड़े ही समय बाद, तीसरे एक्सक्लूसिव कस्टमर सर्विस सेंटर को खोलने की घोषणा की गई है। मुंबई में यह एक्सक्लूसिव कस्टमर सर्विस सेंटर 2 अप्रैल से काम करना शुरु कर देगा। कंपनी बेहतरीन कस्टमर सपोर्ट और उत्कृष्ट ऑफ्टर सेल्स सेवाएं प्रदान करने की योजना पर लगातार काम कर रही है। . नथिंग की योजना जुलाई 2024 तक अपने सर्विस सेंटरों की संख्या 300 से बढ़ाकर 350 से अधिक करने की है, जो देश भर में 18000+ पिन कोड में अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। अक्टूबर 2023 में बेंगलुरु में पहले एक्सक्लूसिव कस्टमर सर्विस सेंटर का उद्घाटन ब्रांड के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि थी, इससे भारतीय उपभोक्ताओं को शानदार सेवाएं प्रदान करने की कंपनी की प्रतिबद्धता को और मजबूती मिली। हाल ही में, नथिंग ने नथिंग फोन ( ) की अभूतपूर्व सफलता के बारे में गर्व से बताया। इस फोन के लॉन्च के केवल 60 मिनट के भीतर सभी चैनलों पर 60,000 फोन की बिक्री हुई। दिल्ली में एक्सक्लूसिव सर्विस सेंटर का शुभारंभ नथिंग और सीएमएफ के ग्राहकों की बढ़ती संख्या को विश्व स्तरीय सेवा प्रदान करने के लिए किया जा रहा है।

### कम नहीं हो रही विस्तारा एयरलाइंस की मुश्किलें, 25 उड़ानें रद्द




मुंबई। बीते कुछ दिनों से पायलट्स की कमी का असर विस्तारा एयरलाइंस पर दिखाई दे रहा है। विस्तारा ने पायलट्स की कमी के चलते बुधवार को 26 उड़ानें रद्द की हैं। हालांकि एयरलाइंस कंपनी के शीर्ष पदाधिकारियों ने पायलट्स के साथ आज बैठक की, जहां नए अनुबंधों और रोस्टरिंग के मुद्दे पर चर्चा हुई। गौरतलब है कि पिछले दो दिनों में विस्तारा एयरलाइंस द्वारा 100 से अधिक उड़ाने रद्द कर दी गई हैं। डीजीसीए ने उड़ाने के रद्द और देरी पर एक दैनिक रिपोर्ट देने के लिए कहा है। सीईओ विनोद कन्नन समेत विस्तारा के शीर्ष अधिकारियों ने पायलट्स के साथ उनकी समस्याओं पर एक चर्चा करने के लिए एक ऑनलाइन बैठक की। इस दौरान मानव संसाधन समेत अन्य विभागों के अधिकारी शामिल हुए। हालांकि पायलट्स के साथ बैठक पर विस्तारा की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया। सूत्रों की मानें तो एयरलाइंस लगातार उड़ाने रद्द करने की संख्या में कमी लाने की कोशिश कर रही है। रोस्टरिंग और काम के घंटों में बढ़ोतरी से संबंधित मुद्दों पर एयरलाइन पदाधिकारियों ने पायलटों को आश्वासन दिया है कि उन्हें मई तक सुलझा लिया जाएगा। यह भी दावा किया कि वर्तमान स्थिति मुख्य रूप से पायलट्स के उपलब्ध पूल के अधिक उपयोग के कारण है। गौरतलब है कि विस्तारा, जो एयर इंडिया के साथ विलय की प्रक्रिया में हैं, के पास लगभग 1000 पायलट हैं, जिनमें से लगभग 200 प्रशिक्षण के कई चरणों में है।

# आठ समूहों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार में गिरावट जारी

मुंबई। विश्व बाजार के कमजोर रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर रियल्टी, ऑटो, एफएमसीजी और सर्विसेज समेत आठ समूहों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार का फिसलना आज लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 27.09 अंक की गिरावट के साथ 73,876.82 अंक रह गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 18.65 अंक फिसलकर 22,434.65 अंक पर बंद हुआ। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में आज लगातार दूसरे दिन भी जबरदस्त तेजी रही, जिससे मिडकैप 0.61 प्रतिशत उछलकर 40,670.70 और स्मॉलकैप 1.18 प्रतिशत की छलांग लगाकर 45,556.08 अंक हो गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3965 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2798 में तेजी जबकि 1054 में गिरावट रही वहीं 113 में कोई बदलाव नहीं हुआ। निफ्टी की 30 कंपनियों में बिकवाली जबकि 20 में लिवली हुई। बीएसई के आठ समूहों पर बिकवाली का दबाव रहा। इससे रियल्टी 2.45, सीडी 0.13, एफएमसीजी 0.27, हेल्थकेयर 0.10, ऑटो 0.37, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.23, धातु 0.05 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.11 प्रतिशत गिर गए। वहीं, वित्तीय सेवाएं 0.45, इंडस्ट्रियल्स 0.48, आईटी 0.78, यूटिलिटीज 1.45, तेल एवं गैस 0.43, पावर 1.20 और टेक समूह 0.73 प्रतिशत मजबूत रहा।



विदेशी बाजारों में गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.40, जापान का निक्केई 0.97, हांगकांग का हैंगसेंग 1.22, दक्षिण कोरिया का कोस्पी 1.68 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.18 प्रतिशत लुढ़क गया। वहीं, जर्मनी के डैक्स में 0.32 प्रतिशत की गिरावट रही।

कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 147 अंक टूटकर 73,757.23 अंक पर खुला और बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 73,540.2 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवली होने से दोपहर बाद यह 74,151.21 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। अंत में पिछले दिवस के 73,903.91 अंक के मुकाबले 0.04 प्रतिशत उतरकर 73,876.82 अंक रह गया।

इसी तरह निफ्टी भी 68 अंक की गिरावट के साथ 22,385.70 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,346.50 अंक के निचले जबकि 22,521.10 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,453.30 अंक की तुलना में 0.08 प्रतिशत फिसलकर 22,434.65 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली प्रमुख कंपनियों में नेस्ले इंडिया 2.62, कोटक बैंक 1.43, जेएसडब्ल्यू स्टील 1.35, टाइटन 1.16, बजाज फिन सर्व 1.08, इंडसइंड बैंक 0.98, रिलायंस 0.97, मारुति 0.87, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.86, टाटा स्टील 0.64, एलटी 0.64, आईसीआईसीआई बैंक 0.39, अल्ट्रासिमको 0.34, सन फार्मा 0.20, इंफ़ोसिस 0.17 और आईटीसी 0.12 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, एनटीपीसी 1.97, टीसीएस 1.67, टेक महिंद्रा 1.56, एक्सिस बैंक 1.51, भारती एयरटेल 1.41, बजाज फाइनेंस 1.38, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.67, एचसीएल टेक 0.48, पावरग्रिड 0.48, एसबीआई 0.47, टाटा मोटर्स 0.47, विप्रो 0.45, एचडीएफसी बैंक 0.18 और एशियन पेंट के शेयर 0.01 प्रतिशत लाभ में रहे।

## अहमदाबाद में आईसीसी व जीसीसीआई के बीच हुआ एमओयू

अहमदाबाद। गुजरात के अहमदाबाद में इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईसीसी) और गुजरात चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (जीसीसीआई) के बीच बुधवार को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) हुआ। इस समझौते का लक्ष्य राज्य में सहयोगात्मक पहल को सुविधाजनक बनाना है जिससे बिजनेस ग्रोथ और डेवलपमेंट के लिए अनुकूल वातावरण को बढ़ावा दिया जा सकता है।

व्यापार के नए रास्ते तलाशने और देशों के बीच व्यापार संबंध मजबूत करने के लिए आज यहां, 'पारिवारिक व्यवसाय और बदलाव' नामक एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वृद्धि और भारत को दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए पारिवारिक व्यवसाय के योगदान पर व्यावहारिक चर्चाओं और नेटवर्किंग के अवसर के उद्देश्य से इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईसीसी) द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम एक प्रमुख प्लेटफार्म साबित हुआ ।

कार्यक्रम के मुख्य आकर्षणों में आईसीसी और जीसीसीआई के बीच हुआ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) भी शामिल था।

इस समझौते का लक्ष्य गुजरात राज्य में सहयोगात्मक पहल को सुविधाजनक बनाना है जिससे बिजनेस ग्रोथ और डेवलपमेंट के लिए अनुकूल वातावरण को बढ़ावा दिया जा सकता है। इसके अलावा नेक्सस ग्रुप के डायरेक्टर पाथिक एस. पटवारी को आईसीसी गुजरात स्टेट कॉउंसिल का नया अध्यक्ष भी नियुक्त किया गया है।

अपनी नई भूमिका में पटवारी गुजरात में आईसीसी पहल का नेतृत्व करेंगे जो इंटरनेशनल ट्रेड और इन्वेस्टमेंट को बढ़ावा देने के लिए संगठन के मिशन को आगे बढ़ाएगा। दुनियाभर में 12 से अधिक देशों में अपने प्रतिनिधियों के साथ, इंडियन चैम्बर ऑफ कॉमर्स अब वैश्विक व्यापार के लिए एक प्रमुख एडवोकेट के रूप में काम करना जारी रखेगा जो सीमाओं के पार साझेदारी और अवसरों को आसान बनाएगा। आईसीसी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में पारिवारिक व्यवसायों पर चर्चा हुई।

भारत अपनी समृद्ध संस्कृति और परंपराओं के साथ पारिवारिक व्यवसायों को बढ़ाने के लिए एक अनोखा वातावरण देने में सबसे आगे रहा है। ये कंपनियां न केवल आर्थिक विकास का स्तंभ रही हैं बल्कि मूल्यों को बनाए रखने, विरासत को संजोने और इनोवेशन को बढ़ावा देने में भी समान रूप से महत्वपूर्ण बनी हुई हैं। वर्तमान में भारत में लगभग 85 प्रतिशत पंजीकृत उद्यम, पारिवारिक व्यवसाय हैं।

देश की आर्थिक प्रगति पर उनका काफी प्रभाव है, क्योंकि वे राष्ट्रीय जीडीपी में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, साथ ही रोजगार पैदा करने और राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं।

इस कार्यक्रम में बिजनेस जगत की प्रमुख हस्तियां शामिल रहीं जिनमें खैतान एंड कंपनी, पीसीपी की पार्टनर और हेड सुश्री बिजल अजिंक्य और खैतान एंड कंपनी के पार्टनर सिद्धार्थ शाह शामिल थे। पैनल चर्चा का नेतृत्व हेस्टर बायोसाइंसेज के सीईओ और मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव गांधी, सुपरनोवा इंजीनियर्स लिमिटेड के चेयरमैन समीर मिस्त्री, मेघमानी ऑर्गेनिक्स के मैनेजिंग डायरेक्टर आशीष सोपारकर, रिद्धि सिद्धि ग्लूको बायोल्स के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर गणपतराज चौधरी और ऑनलाइन पीएसबी लोन के एमडी और सीईओ जिनंद शाह जैसे सम्मानित हस्तियों द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में इंडियन चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अमेया प्रभु और गुजरात चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (जीसीसीआई) के अध्यक्ष अजय एच. पटेल भी उपस्थित थे। यह कार्यक्रम उन व्यवसायों के लिए महत्वपूर्ण साबित हुआ जो आज के तेजी से बढ़ते आर्थिक परिदृश्य में अपने कारोबार को बढ़ाना चाहते हैं और पारिवारिक व्यवसायों तथा बदलाव की जटिलताओं को समझना चाहते हैं।

## अमेज का विराट कोहली के साथ नया अभियान

**यनयी दिल्ली।** ल्युमिनस पावर टेक्नोलॉजी के उर्जा समाधानों के ब्रांड अमेज़ ने आज अपने नए ब्राण्ड अभियान हमेशा रैडी टू परफोर्म को लॉन्च किया और इन्वर्टर, बैटरियों एवं सोलर उत्पादों की व्यापक रेंज का प्रदर्शन किया।

कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि यह लॉन्च उपभोक्ताओं को हमेशा अपने सपने साकार करने के लिए प्रेरित करते हुए उन्हें उर्जा क उत्कृष्ट समाधान उपलबध कराने की अमेज़ की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अमेज़ ऐसे उत्पाद लेकर आता है जिन्हें लम्बे एवं बार-पावर कट, मौसम की चरम परिस्थितियों और फास्ट चार्जिंग फीचर को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया है।

उसने यहां जारी बयान में कहा कि यह अभियान ब्रांड अंबेसडर विरोट कोहली के साथ शुरू किया गया है। यह निर्बाध विद्युत आपूर्ति के साथ भारत के सपनों एवं महत्वाकांक्षाओं को साकार करने तथा उत्कृष्ट उर्जा समाधानों की डिलीवरी के लिए गुणवत्ता एवं इनोवेशन की दिशा में अमेज़ के प्रयासों की पुष्टि करता है। अमेज की सीईओ एवं एमडी प्रीति बजाज ने कहा, अमेज़ ने उच्च गुणवत्ता के उर्जा प्रभावी उर्जा समाधान उपलब्ध कराकर अपने आप को भारत के भरोसेमंद ब्राण्ड के रूप में स्थापित कर लिया है। वर्तमान में तेज़ी से बढ़ते शहरीकरण और उपभोक्ताओं की बढ़ती खरीद क्षमता के चलते रीटेल एवं उर्जा सेक्टर उभरते नव भारत में विकास के नए दौर से गुज़र रहे हैं। सोलर दृष्टिकोण के साथ इनोवेशन, विस्तार पर ध्यान केन्द्रित करते हुए अमेज़ भारत के उर्जा परिवेश में बदलाव लाने के लिए तत्पर है। हमने अगले 3 सालों में अपने विकास एवं कस्टमर टचपॉइन्ट्स की संख्या को तीन गुना करने का लक्ष्य रखा है।

## मोटोरोला ने भारत में लॉन्च किया एज 50 प्रो फोन

नयी दिल्ली। स्मार्टफोन ब्रांड मोटोरोला ने आज अपने नए प्रीमियम स्मार्टफोन - मोटोरोला एज 50 प्रो के भारत में लाँच करने की घोषणा की जिसकी शुरूआती कीमत 27999 रुपये है।

कंपनी ने यहां कहा कि यह फोन मोटोरोला के एज फ्रेंचाइजी का सबसे नया एडिशन है। यह स्मार्टफोन बुद्धिमत्ता और कला के मिश्रण का बेहतर उदाहरण है और प्रीमियम स्मार्टफोन सेगमेंट में हलचल मचाने के लिए तैयार है।

इस स्मार्टफोन में दुनिया का पहला और एकमात्र एआई पावर्ड प्रो-ग्रेड कैमरा दिया गया है, जो पैनटोन एक द्वारा मान्य वास्तविक रंगों और मानव त्वचा टोन की रेंज के साथ आता है।

इस पैनटोन द्वारा मान्य स्मार्टफोन में ट्रू कलर डिस्प्ले भी दिया गया है। मोटोरोला एज 50 प्रो का इटली में बनाया गया डिजाइन फोन के पिछले हिस्से में देखने को मिलता है। इसके अलावा इस फोन में स्नैपड्रैगन 7 जेन 3 प्रोसेसर भी है जो जेनरेटिव एआई फीचरों और दूसरे नए फीचर प्रदान करता है।

इसमें 125वॉट टर्बोपावर चार्जिंग, 50 वॉट वायरलेस चार्जिंग, आईपी 682 अंडरवाटर प्रोटेक्शन और 256जीबी स्टोरेज के साथ 12जीबी रैम जैसे फीचर शामिल हैं।

कंपनी ने कहा कि मोटोरोला एज 50 प्रो का एडवांस कैमरा सिस्टम मोटो एआई की ताकत का इस्तेमाल करते हुए फोटो और वीडियो दोनों सेगमेंट शानदार प्रदर्शन करता है। इसका नया एआई फोटो एन्हांसमेंट इंजन हर शॉट के साथ परफेक्ट तस्वीरें खींचना आसान बनाता है।

## फोनपे ने की स्टार हेल्थ इंश्योरेंस के साथ साझेदारी

नयी दिल्ली। फोनपे ने आज ग्राहकों को मासिक और सालाना भुगतान के विकल्पों के साथ हेल्थ इंश्योरेंस उपलब्ध कराने के लिए हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी, स्टार हेल्थ एंड अलाइड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के साथ साझेदारी की घोषणा की ।

इस साझेदारी से, अब फोनपे ऐप पर यूजर एक करोड़ रुपये तक के कवरेज वाला 'स्टार कॉम्प्रिहेंसिव इंश्योरेंस पॉलिसी' ले सकेंगे। पहले अपने मोटर इंश्योरेंस प्रोडक्ट के साथ बाज़ार में खूब सफल होने के बाद, इस लॉन्च से फोनपे ने हेल्थ इंश्योरेंस केटेगरी में अपने यूजर के लिए नए विकल्प पेश किए हैं।

इस साझेदारी के ज़रिए, स्टार हेल्थ इंश्योरेंस के कॉम्प्रिहेंसिव हेल्थ इंश्योरेंस को ग्राहकों के लिए पहली बार मासिक प्रीमियम पेमेंट प्लान के साथ उपलब्ध कराया जाएगा। यह इस इंडस्ट्री में फोनपे की ओर से लाया गया




अपने तरह का पहला प्लान है। यूजर यूपीआई ऑटोपे मैंडेट के साथ अपने प्रीमियम के पेमेंट का विकल्प भी चुन सकते हैं और सुविधाजनक अनुभव का लुत्फ़ उठा सकते हैं।

यह कदम इस ज़रूरी विचार को ध्यान में रखकर लिया गया था कि हर महीने छोटे पेमेंट से यूजर का फाइनेंशियल बोझ कम किया जा सकता है और वे अपना खर्चा बढ़ाए बिना ज़्यादा बेहतर इंश्योरेंस कवरेज चुनने के लिए सशक्त और सक्षम बन सकते हैं।

स्टार कॉम्प्रिहेंसिव इंश्योरेंस पॉलिसी सबसे लोकप्रिय फायदों जैसे ओपीडी और मेटरनिटी कवरेज वाली एक पावर-पैक इंश्योरेंस प्लान है। फोनपे के यूजर बेस के साथ की गई मार्किट रिसर्च से पता चलता है कि हेल्थ इंश्योरेंस खरीदते समय ये दो सुविधाएँ ग्राहकों की पसंदीदा हैं। स्टार कॉम्प्रिहेंसिव हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी एक एंड-टू-एंड हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी है, जिसमें एक करोड़ रुपये तक की रकम इंश्योर्ड है।

यह पॉलिसी रोड एम्बुलेंस और एयर एम्बुलेंस के खर्च, इंश्योरेंस की सीमा तक बाह्य रोगी मेडिकल कंसल्टेंसी, डेंटल और आफ्थैल्मिक ट्रीटमेंट के लिए आउटपेशेंट कवरेज, डीलीवरी खर्च, ऑगर्न डोनर खर्च को कवर करती है।

साथ ही, नवजात शिशुओं के लिए कवरेज देती है, जिसमें जन्म के समय की किसी भी बीमारी के इलाज का खर्च भी शामिल है । इसमें नवजात शिशु के जन्म से लेकर उसके एक साल का हो जाने तक टीकाकरण का खर्च भी शामिल है।

इसके अलावा, मानसिक स्वास्थ्य को इंश्योर्ड रकम तक के लिए कवर किया जाता है। यह पॉलिसी, डे केयर प्रक्रियाओं के लिए सब-कवरेज पर लागू नहीं होती है। दुर्घटना में मृत्यु और स्थायी पूर्ण दिव्यांगता को एक करोड़ तक के लिए कवर किया जाता है।

स्टार कॉम्प्रिहेंसिव हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी में वेलनेस प्रोगाम भी शामिल है, जिससे प्रीमियम और कंडीशन मैनेजमेंट प्रोगाम पर छूट मिलती है। इसके अलावा, पॉलिसी में हर साल हेल्थ चेकअप कराया जा सकता है साथ ही इंश्योर्ड रकम 100 प्रतिशत तक ऑटोमैटिक रिस्टोर हो जाती है और इसमें संचित बोनस भी मिलता है जो बेसिक इंश्योर्ड रकम का 100 प्रतिशत तक हो सकता है।

## मारुति सुज़ुकी ने बनाये तीन करोड़ वाहन

नयी दिल्ली। यात्री वाहन बनाने वाली देश की सबसे बड़ी कंपनी मारुति सुज़ुकी इंडिया लिमिटेड ने 3 करोड़ से अधिक वाहनों का संचयी उत्पादन करने की घोषणा की है।

इस उपलब्धि में कंपनी के गुरुग्राम, मानेसर (हरियाणा में) और हंसलपुर (गुजरात में) विनिर्माण संयंत्रों में किया गया उत्पादन शामिल है। दिसंबर 1983 में उत्पादन शुरू होने के बाद से रिकॉर्ड 40 वर्ष और 4 महीने में सभी सुज़ुकी उत्पादन बेस के बीच, भारतीय परिचालन यह उपलब्धि सबसे तेज गति से हासिल करने में सफल रहा।

जहां कंपनी के हरियाणा स्थित संयंत्रों में 2.68 करोड़ से अधिक वाहनों का निर्माण किया गया है, वहीं एमएसआईएल की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी सुज़ुकी मोटर गुजरात में 32 लाख से अधिक वाहनों का उत्पादन किया गया है।

देश में मोबिलिटी क्रांति की शुरुआत करने वाले प्रतिष्ठित एम800 ने 29 लाख से अधिक इकाइयों के साथ इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अन्य शीर्ष योगदानकर्ताओं में ऑल्टो 800, ऑल्टो ग्10, स्विफ्ट, वैगनआर, डिज़ायर, ओमनी, बलेनो, ईको, ब्रेज़ा और अर्टिगा जैसे सफल मॉडल शामिल हैं। कंपनी ने 1987 में निर्यात शुरू किया और आज भारत से कुल वाहन निर्यात में लगभग 40 प्रतिशत का योगदान करती है।

इस उपलब्धि को ग्राहकों के प्यार और स्नेह को समर्पित करते हुए, मारुति सुज़ुकी इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ हिसाशी ताकेउचि ने कहा, हम अपने ग्राहकों का धन्यवाद करते हैं जिन्होंने 1983 में विनिर्माण शुरू करने के बाद से साल दर साल हमारे उत्पादों के प्रति अपना विश्वास बनाए रखा है। इन वर्षों में, हम अपने कार्यबल और मूल्य श्रृंखला भागीदारों के निरंतर सहयोग के साथ उत्पादन को अधिकतम बनाने में सक्षम हुए हैं, जिन्होंने हमें ग्राहकों की जरूरतों के अनुरूप उत्पाद बनाने में मदद की है। हम मेक इन इंडिया के प्रति प्रतिबद्ध हैं और घरेलू और वैश्विक बाजारों की जरूरतों को पूरा करते हुए देश में अपने संचालनों को सशक्त बना रहे हैं। हम भारत से कुल वाहन निर्यात में लगभग 40 प्रतिशत का योगदान करते हैं।

ताकेउचि ने कहा, आज भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा यात्री वाहन बाजार है और आने वाले वर्षों में और मजबूत होने के लिए तैयार है। ग्राहकों की मांग और अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए, हम आगे निवेश करने और वित्त वर्ष 2030-31 तक अपनी वार्षिक उत्पादन क्षमता में 40 लाख वाहन तक की वृद्धि करने की योजना बना रहे हैं। इस दिशा में कार्य करते हुए, हम खरखौदा-हरियाणा और गुजरात में दो नए ग्रीन फील्ड विनिर्माण संयंत्र स्थापित करेंगे जिनमें प्रत्येक की उत्पादन क्षमता 10 लाख होगी। हम वित्त वर्ष 2030-31 तक अपने मॉडलों की श्रृंखला को मौजूदा 18 से बढ़ाकर 28 तक कर देंगे।

## नितिन मेंगी लुब्रिज़ोल एडिटिव्स आईएमईए के उपाध्यक्ष नियुक्त

नयी दिल्ली। लुब्रिजोल ने इंडिया, मिडिल ईस्ट और अफ्रीका (आईएमईए) में अपनी विकास के प्रति प्रतिबद्धता जताते हुए श्री नितिन मेंगी को लुब्रिज़ोल एडिटिव्स आईएमईए का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। साथ ही उन्हें लुब्रिज़ोल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। कंपनी ने आज यहां कहा कि यह कंपनी के ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं और अन्य प्रमुख हितधारकों के साथ सफलता सुनिश्चित करते हुए भारत में विकास पर अपना ध्यान केंद्रित करने की संगठन की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है। इस भूमिका में श्री मेंगी कंपनी के एडिटिव्स व्यवसाय के विकास को बढ़ावा देने, परिवहन और औद्योगिक बाजारों की सेवा करने और पूरे क्षेत्र में ग्राहकों के लिए अवसर बढ़ाने में मदद करेंगे। इसके अलावा वह क्षेत्र में कंपनी की रणनीति को आगे बढ़ाने के लिए भावना बिंद्रा का भी सहयोग करेंगे, जो हाल ही में लुब्रिज़ोल आईएमईए के प्रबंध निदेशक के पद पर नियुक्ति हुई हैं।

## 'यूपीआई लेनदेन की वृद्धि 2023 के उत्तरार्ध में 56 प्रतिशत'

मुंबई। पिछले साल दूसरी तिमाही में यूनीफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) लेनदेन की संख्या में सालना आधार पर 56 प्रतिशत का उल्लेखनीय उछाल देखा गया।

भुगतान सेवाओं में अग्रणी वैश्विक कंपनी वर्ल्डलाइन की बुधवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार इस दौरान मूल्य के हिसाब से भी यूपीआई लेनदेन में भी 44 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई।

पिछले वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई - दिसंबर 2023) के लिए वर्ल्डलाइन की भारत डिजिटल भुगतान रिपोर्ट के अनुसार 2023 के उत्तरार्ध में संख्या के हिसाब से यूपीआई लेन-देन एक साल पहले की इसी अवधि की तुलना में 56प्रतिशत बढ़ कर 65.77 अरब के स्तर पर पहुंच गया। वहीं, 2022 की दूसरी छमाही में यह संख्या 42.09 अरब के स्तर पर थी।

इसी समयावधि में यूपीआई लेन-देन उनके कुल मूल्य के हिसाब से 44 फीसदी की वृद्धि के साथ 99.68 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया । वर्ष 2022 की दूसरी छमाही में यूपीआई के माध्यम से कुल 69.36 लाख करोड़ रुपये के लेन-देन किए गए।

वर्ल्डलाइन की यह छमाही डिजिटल भुगतान परिदृश्य में उल्लेखनीय रुझानों और बदलावों की एक श्रृंखला को दर्शाती है। रिपोर्ट से पता चलता है कि भुगतान प्रणाली में यूपीआई का दबदबा बना हुआ है और यह तेजी से भारत से बाहर अपनी पहुंच बढ़ा रहा है।

रिपोर्ट के अनुसार इस दौरान यूपीआई भुगतानों का औसत आकार (एटीएस) एक साल पहले की इसी अवधि के 1648 रुपये से 8 प्रतिशत घटकर 1515 रुपये हो गया । रिपोर्ट में कहा गया है कि सौदों के आकार का घटना देश में डिजिटल भुगतान की प्रवृत्ति के अनुरूप है। यह दर्शाता है कि यूपीआई अब समाज में और अधिक गहन तरीके से अपनाया जाने लगा है और लोग छोटे और सूक्ष्म लेनदेन में इसका प्रयोग कर रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि सौदों के आकार में यह गिरावट मुख्य रूप से व्यक्ति-से-व्यापारी (पी2एम) लेनदेन में वृद्धि के कारण है।

## शार्ट न्यूज

### भवानीश विदेश में लेंगे प्रशिक्षण, टेटे खिलाड़ी और एथलीट को मिलेगी सहायता

नयी दिल्ली। ओलंपिक कोटा हासिल करने वाले निशानेबाज भवानीश मेंदीरत्ता इटली में प्रशिक्षण लेंगे। वहीं एथलीट मुरली श्रीशंकर और टेबल टेनिस खिलाड़ियों को विदेश में होने वाले टूर्नामेंटों के लिए सहायता प्रदान की जायेगी पुरुषों की ट्रैप स्पर्धा में ओलंपिक कोटा हासिल करने वाले भारतीय निशानेबाज भवानीश मेंदीरत्ता को मई में बाकू में होने वाले आईएसएसएफ विश्व कप की तैयारी के लिए चार बार के ओलंपियन, निजी कोच डेनियल डि स्पिग्नो के साथ प्रशिक्षण लेने के लिए इटली जाएंगे और उन्हें भी सहायता प्रदान की जाएगी। इस बीच, तीन निशानेबाज अनंतजीत सिंह नरुका, रायजा ढिल्लों (स्कीट शूटिंग), और राजेश्वरी कुमारी (ट्रैप शूटिंग) और एक पैरा-शटलर पलक कोहली को टॉपस कोर ग्रुप में जोड़ा गया है। सूजौ और दोहा में डायमंड लीग टूर्नामेंट के लिए लॉन्ग जम्पर मुरली श्रीशंकर को भी मदद दी जाएगी। भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा क्रोएशिया में डब्ल्यूटीटी फीडर वरज़दीन और चेक रिपब्लिक के हाविरोव में विश्व मिश्रित युगल ओलंपिक क्वालिफिकेशन स्पर्धा में भाग लेने वाली हैं और उन्हें भी सहायता दी जाएगी। खेल मंत्रालय की टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉपस) के तहत खिलाड़ियों को यह सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी

### पेरिस ओलंपिक से पहले निकहत, लवलीना समेत भारतीय मुक्केबाज तुर्की में लेंगे प्रशिक्षण

नयी दिल्ली। पेरिस ओलंपिक 2024 से पहले विश्व चैंपियन निकहत जरीन और लवलीना बोरगोहेन समेत भारतीय मुक्केबाज तुर्की में विशेष शिविर में प्रशिक्षण लेंगे। युवा मामले और खेल मंत्रालय (एमवाईएएस) ने बुधवार को इसकी घोषणा की। खेल मंत्रालय की टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉपस) के तहत तुर्की में प्रशिक्षण शिविर में निकहत और लवलीना के साथ शामिल होंगी। मुक्केबाजों को दो कोच और एक फिज़ियो भी उपलब्ध कराया जाएगा। उल्लेखनीय है कि निकहत और लवलीना ने पिछले वर्ष एशियन गेम्स 2023 में आगामी ग्रीष्मकालीन खेलों के लिए मुक्केबाजी में भारत के लिए कोटा हासिल किया था। प्रीति पवार और परवीन हुड्डा ने एशियाई खेलों में भारत के लिए ओलंपिक बॉक्सिंग कोटा भी हासिल किया था। अब तक, भारतीय मुक्केबाज आगामी ओलंपिक के लिए चार कोटा सुरक्षित करने में सफल रहे हैं। ये सभी चार कोटा महिला वर्ग से आए हैं।

### मुरली गावित डोप में फंसे

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियां बटोरने वाले लंबी दूरी के एथलीट मुरली गावित डोप में फंस गए हैं। एशियाई चैंपियनशिप में 10 हजार मीटर का रजत पदक जीतने वाले मुरली बीते वर्ष गोआ में हुए राष्ट्रीय खेल केदौरान डोप पॉजिटिव पाए गए हैं। राष्ट्रीय डोप रोधी एजेंसी (नाडा) की ओर से लिए गए उनके सैंपल में एरिथ्रोपोएटिन (ईपीओ) पाया गया है। मुरली ने गोआ राष्ट्रीय खेल में रजत पदक जीता था, जो भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने उनसे छीन लिया है। मुरली के डोप में फंसने के साथ गोआ राष्ट्रीय खेल में डोप में फंसने वाले खिलाडियों की कुल संख्या 26 हो गई है। गोआ में 5000 मीटर में रजत जीतने वाले गावित और कांस्य जीतने वाले अजय कुमार दोनों पॉजिटिव पाए गए हैं। गावित लंबे समय तक भारतीय एथलेटिक्स दल का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने 2019 की दोहा एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 10 हजार मीटर का रजत जीता था। बीते वर्ष ही उन्होंने राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स में भी इसी इवेंट का स्वर्ण जीता था। ईपीओ का प्रयोग मध्यम और लंबी दूरी के एथलीट रेस से ठीक पहले करते हैं। इससे खून में ऑक्सीजन का स्तर बढ़ जाता जो उन्हें रेस के दौरान मदद करता है। भारतीय एथलेटिक्स में ईपीओ के मामले लगातार बढ़ रहे हैं।

### बिंदिया ने विश्वकप में जीता कांस्य पदक



नई दिल्ली। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीतने वाली वेटलिफ्टर बिंदिया रानी देवी ने ओलंपिक क्वालिफायर विश्वकप में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीत लिया। उन्होंने मंगलवार को 55 भार वर्ग में कुल 196 किलो वजन उठाकर पदक जीता। राष्ट्रमंडल खेलों के बाद से लगातार चोटिल चल रहीं बिंदिया भी मीराबाई के साथ सेंटलुई (अमेरिका) इलाज कराने गई थीं। वह भी मीरा की तरह पुनर्वास से गुजर कर यहां वापसी कर रही थीं। मणिपुर की लिफ्टर ने स्नैच में अच्छी शुरुआत नहीं की। उन्होंने यहां 83 किलो की सिर्फ एक लिफ्ट पास की। वह छठे स्थान पर थीं। क्लीन एंड जर्क में उन्होंने 113, 116 की लिफ्ट पास की। रजत जीतने के लिए उन्होंने 119 की लिफ्ट का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं रहीं। बिंदिया ने कांस्य जरूर जीता है, लेकिन उनका पेरिस ओलंपिक का टिकट मुश्किल है। वह अगले माह जारी होने वाली ओलंपिक क्वालिफिकेशन की रैंकिंग में नीचे हैं।

### सूडान में यूएई के तीन चैनलों का प्रसारण बंद

**खार्तूम।** सूडान सरकार ने देश में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के तीन चैनल अल अरबिया, अल हदथ और स्काई न्यूज अरबिया का संचालन बंद कर दिया है। स्थानीय समाचार एजेंसी 'एसयूएनए' ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने मंगलवार को बताया कि सूडान के संस्कृति एवं सूचना मंत्री ग्राहम अब्देल कादर ने तीनों चैनलों को बंद करने का आदेश जारी किया। मंत्री ने कहा कि तीनों चैनल आवश्यक व्यावसायिकता और पारदर्शिता प्रदर्शित करने और लाइसेंस नवीनीकृत करने में विफल रहे हैं। तीनों प्रसारक यूएई में स्थित हैं, स्काई न्यूज अरेबिया अबू धाबी में तथा अल अरबिया और अल हदथ दुबई में स्थित हैं।'द वॉल स्ट्रीट जर्नल' ने गत अगस्त में युगांडा के अधिकारियों के हवाले से रिपोर्ट दी थी कि यूएई ने सूडान में संघर्ष के एक पक्ष - रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के लिए युगांडा के माध्यम से हथियार पहुंचाये थे। यूएई के विदेश मंत्रालय ने हालांकि इस रिपोर्ट का खंडन किया था। अप्रैल 2023 में सूडानी सेना और आरएसएफ के बीच झड़पें हुईं। तब से उन्होंने कई अस्थायी राष्ट्रव्यापी युद्धविराम लागू किये हैं, लेकिन किसी ने भी संघर्ष को सुलझाने में मदद नहीं की है। अक्टूबर के अंत में संघर्षरत पक्षों ने जेद्दा में सऊदी अरब की मध्यस्थता से बातचीत फिर से शुरू की, लेकिन शत्रुता जारी रही।

### ताइवान में 25 साल के सबसे शक्तिशाली भूकंप में सात की मौत, सैकड़ों घायल

**ताइपे/बीजिंग।** ताइवान में बुधवार को आए शक्तिशाली भूकंप से कम से कम सात लोग मारे गए और 700 से अधिक घायल हो गए। पिछले 25 सालों में अब तक के सबसे शक्तिशाली भूकंप के कारण कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं और सुनामी की चेतावनी दी गई जिसे हटाए जाने से पहले जापान और फिलीपींस तक बढ़ा दिया गया था। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 7.4 मापी गयी। अधिकारियों ने कहा कि यह दशकों में द्वीप को हिला देने वाला सबसे शक्तिशाली भूकंप था। उन्होंने आने वाले दिनों में और अधिक भूकंप आने की चेतावनी भी दी। ताइपे के केंद्रीय मौसम प्रशासन के भूकंप विज्ञान केंद्र के निदेशक वू चिएन-फू ने कहा, भूकंप जमीन के करीब है और उथला है। यह पूरे ताइवान और अपतटीय द्वीपों पर महसूस किया गया है। चिएन-फू ने कहा कि सितंबर 1999 में आए 7.6 तीव्रता के भूकंप के बाद यह सबसे शक्तिशाली भूकंप था। वर्ष 1999 में द्वीप के इतिहास की सबसे घातक प्राकृतिक आपदा में लगभग 2,400 लोग मारे गए थे। बुधवार को आए भूकंप की तीव्रता 7.4 थी, जो स्थानीय समयानुसार सुबह 8: 00 बजे से ठीक पहले आया था। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने भूकंप का केंद्र ताइवान के हुलिएन शहर से 18 किलोमीटर दक्षिण में 34.8 किलोमीटर की गहराई में बताया था।

# दूसरे टेस्ट में श्रीलंका ने बंगलादेश को 192 रनों से हराया

**चटगांव।** श्रीलंका के गेंदबाज लाहिरू कुमारा के चार विकेट और कामिंडु मेंडिस के तीन विकेटों की बदौलत दूसरे टेस्ट मैच में बंगलादेश को 192 रनों से करारी हरा दी।

जहूर अहमद चौधरी स्टेडियम में टेस्ट मैच के पांचवें एवं आखिरी दिन बंगलादेश ने सात विकेट पर 268 रनों के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया और 50 रन जोड़कर मेजबान टीम ने अपने आखिरी तीन विकेट गवां दिये। कामिंडु मेंडिस ने तैजुल इस्लाम 14 रन को आउट कर बंगलादेश को आठवां झटका दिया। उसके लाहिरू ने हसन महमूद छह रन और खालिद अहमद दो को आउट कर बंगलादेश की पारी को 318 रन पर समेट दिया। मेहदी हसन मिराज ने बंगलादेश के लिये दूसरे पारी में सबसे अधिक नाबाद 81 रनों की पारी खेली।

श्रीलंका के लाहिरू कुमारा ने दूसरी पारी में चार विकेट लिये। जबकि कामिंड मेंडिस के खाते में तीन और प्रभात जयसूर्या ने दो विकेट झटके। विश्वा फर्नांडो ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले श्रीलंका की दूसरी पारी की शुरुआत खराब रही और उसने दूसरे ओवर में ओपनर दिमुथ करुणारत्ने चार का विकेट गवां दिया। इसके बाद खालिद अहमद ने तीसरे ओवर में कुसल मेंडिस दो रन को बोल्ड आउट किया। निशान मदुश्का 34 रन बनाकर आउट हुये। दिनेश चांडीमल और कामिंदु मेंडिस नौ-नौ रन बनाकर पवेलियन लौट गए। श्रीलंका ने सात विकेट पर 157 रन बनाकर पारी घोषित कर दी थी। पहली




पारी के आधार उसने बंगलादेश को 511 रनों के लक्ष्य दिया था। दूसरी पारी में बंगलादेश के बल्लेबाजों ने पिच पर टिकने के प्रयास किया, लेकिन श्रीलंकाई गेंदबाजों के आगे उन्होंने घुटने टेक दिये। मोमिनुल हक 50 रन, लिटन कुमार दास 38 रन, शाकिब अल हसन 36 रन, नजमुल शान्तो 20 रन और ज़ाकिर हसन 19 रन बनाकर आउट हुये। सातवें विकेट के रूप में शहादत हुसैन 15 रन को कामिंडु ने पगबाधा आउट किया।

टेस्ट मैच के तीसरे दिन श्रीलंकाई गेंदबाजों असिथा फर्नांडो के चार विकेट, विश्वा फर्नांडो, लाहिरू कुमारा और प्रभात जयसूर्या ने दो-दो विकेट चटाते हुए बंगलादेश की पहली पारी को 178 रन पर समेट दिया। उसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंकाई टीम की बल्लेबाजी लड़खड़ा गई।

उसके बल्लेबाजों की बंगलादेश के तेज गेंदबाज हसन महमूद और खालिद अहमद ने खूब खबर ली और किसी को भी पिच पर टिकने नहीं दिया। हसन महमूद ने 51 रन देकर चार विकेट और खलिद अहमद 29 रन देकर दो विकेट की कातिलाना गेंदबाजी के दम पर मैच पर पकड़ बनाने का प्रयास किया।

श्रीलंका ने पहली पारी में कुसल मेंडिस 93 रन, कामिंडु मेंडिस नाबाद 92 रन, दिमुथ करुणारत्ने 86 रन, कप्तान धनंजय डीसिल्वा 70 रन और दिनेश चांदीमल 59 रनों की शानदार परियों के दम पर 531 रन बनाये थे। बंगलादेश ने पहली पारी में जाकिर हसन ने 54 रन, मोमिनुल हक 33 रन, तैजुल इस्लाम 22 और महमुदुल हसन जॉय 21 रनों का योगदान दिया। श्रीलंका को पहली पारी के आधार पर 353 रन की बढ़त मिली थी।

## मुस्तफिजुर का सनराइजर्स के खिलाफ खेलना संदिग्ध

नयी दिल्ली। चेन्नई सुपर किंग्स(सीएसके) के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान टी-20 विश्वकप से पहले वीजा लेने के संबंध में स्वदेश लौट गए हैं ऐसे में उनका शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ होने वाले अगले मैच में खेलना संदिग्ध माना जा रहा है।




मुस्तफिजुर ने अपनी कटर्स और अधिक गति से सीएसके के आक्रमण को धार दी है। वह तीन मैचों में 15.14 की औसत और 8.83 की इकॉनमी से सात विकेट लेकर शीर्ष पर हैं। सीएसके के लिए शुरुआत करते हुए सात में से चार विकेट उनके 10 गेंद के भीतर आए है। यह कारनामा उन्होंने 22 मार्च को चेपॉक में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ पहले मैच में किया था। वह आईपीएल 2024 की नीलामी में बिकने वाले इकलौते बंगलादेशी क्रिकेटर हैं।

मुस्?तफिजुर की अनुपस्थिति में सीएसके श्रीलंका के मिस्ट्री स्पिनर महीश थीक्षणा को हैदराबाद के खिलाफ खिला सकती है। इसके अलावा इंग्लैंड के ऑफ स्पिनर मोईन अली भी एक विकल्प है। सीएसके के गेंदबाजी सलाहकार एरिक सिमंस ने कहा, आपके लाइन-अप में सभी तरह के विकल्प होना बहुत महत्वपूर्ण है। आप यह समायोजन कर सकते है।

## बंगाल क्रिकेट संघ जून में आयोजित करेगा पुरुष और महिला बंगाल प्रो टी-20 टूर्नामेंट

कोलकाता। बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) ने इस वर्ष जून में महिला और पूरुष वर्गो के बंगाल प्रो टी-20 टूर्नामेंट आयोजित करने की घोषणा की है।

कैब के अध्यक्ष स्नेहशीष गांगुली ने कोलकाता में पत्रकार वार्ता में इन लीगों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट आठ टीमों के बीच 21 दिन के भीतर जून में आयोजित होगा जिसमें पुरुष और महिलाओं के मैच होंगे। पुरुषों की टीम में 17 खिलाड़ी होंगे और महिलाओं की टीमों में 16 खिलाड़ी, सभी खिलाड़ी और कोच बंगाल के ही होने चाहिए।

पुरुषों के मैच ईडन गार्डंस और महिलाओं के मैच जादवपुर यूनिवर्सिटी ग्राउंड पर खेले जायेंगे। हर दिन दो मैच होंगे, महिलाओं के मैच सुबह और दोपहर तो पुरुषों के मैच




दोपहर और शाम को खेले जाएंगे। सभी नियम आईपीएल आधारित होंगे।

गांगुली ने कहा, सभी आठ टीम फ्रैंचाइजी आधारित होंगी, जो भारत में राज्य संघ द्वारा आयोजित किया जाने वाला पहला टूर्नामेंट होगा। अभी हमने फ्रैंचाइजी फाइनल नहीं की है, कुछ दिन बाद इसकी घोषणा की जाएगी। सभी टीम पूरी तरह से फ्रैंचाइजी द्वारा खरीदी गई होंगी और सभी खिलाड़ियों को सैलरी कैप से पैसे दिए जाएंगे। कैब लीग का कोई खर्चा नहीं उठाएगा।

उन्होंने कहा, लंबे समय से यह आलोचना चल रही थी कि बंगाल के क्रिकेटरों को तमिलनाडु या कर्नाटका की तरह अवसर नहीं मिलते हैं। यह उसका जवाब है। बंगाल में बहुत कौशल है लेकिन उनके पास अब तक एक बेहतर मंच नहीं था। यह उनके लिए एक शानदार अवसर होगा। यह देश में किसी संघ द्वारा आयोजित किया जाने वाला पहला फ्रैंचाइजी टी-20 महिला टूर्नामेंट होगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) पहले ही महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्युपीएल) आयोजित करती है। कर्नाटका और महाराष्ट्र की पुरुष टी-20 लीगों में भी महिलाओं के एक्जीबिशन मैच होते रहे है। लेकिन अब तक पुरुषों के टूर्नामेंट की तरह देश में ऐसा टूर्नामेंट अब तक नहीं हुआ।

# इजराइली हमले में 7 राहतकर्मियों की मौत

**पीएम नेतन्याहू सफाई देते हुए बोले- जंग में ऐसा होता है, बेगुनाह न मरें इसका ध्यान रखेंगे**

7 अक्टूबर 2023 को शुरू हुई इजराइल-हमास जंग जारी है। इस बीच गाजा में मंगलवार देर रात हुए इजराइली हमले में 7 राहतकर्मियों की मौत हो गई। इस पर इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि जंग में ऐसा होता है।

एक वीडियो संदेश में पीएम नेतन्याहू ने राहतकर्मियों की मौत पर सफाई देते हुए कहा, दुर्भाग्य से, एक दुखद घटना घटी जिसमें हमारी सेना ने अनजाने में गाजा पट्टी में राहतकर्मियों को मार दिया। सेना से गलती हुई। हमें बहुत दुख है कि हमले में राहतकर्मियों की मौत हुई, लेकिन जंग में ऐसा ही होता है। आने वाले समय में किसी बेगुनाह की जान न जाए इस बात का हम ध्यान रखेंगे। इस मामले में जांच होगी।

### मारे गए राहतकर्मी अलग-अलग देश के नागरिक थे

मंगलवार देर रात इजराइली सेना ने वर्ल्ड सेंट्रल किचिन चैरिटी के काफिले पर एयरस्ट्राइक कर दी थी। हमले में 7 वालंटियर मारे गए थे। ये




ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, पोलैंड, अमेरिका के नागरिक थे।

वर्ल्ड सेंट्रल किचिन चैरिटी ने फाउंडर शेफ जोस एंड्रेस ने कहा, राहतकर्मी चैरिटी के लोगो वाली दो बख्तरबंद कारों में थे। उन्होंने अपने आने की जानकारी इजराइली सेना को दी थी। बावजूद इसके सेना ने उन पर हमला किया। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और ब्रिटेन ने प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने इस हमले के लिए इजराइल की निंदा की है। यूएन के मुताबिक, जंग में अब तक 196 राहतकर्मियों की मौत हो चुकी है।

यूएन के मुताबिक, गाजा के 22 लाख लोग भुखमरी की कगार पर हैं। ऐसे में वहां राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है। वर्ल्ड सेंट्रल किचिन चैरिटी का काफिला दीर अल-बलाह इलाके के वेयरहाउस से निकला था। इसमें फिलिस्तीनियों के लिए 100 टन खाना था। ये खाना समुद्र के रास्ते गाजा पहुंचाया गया था।

### चैरिटी ने मदद पहुंचाने पर रोक लगाई

यूएई समुद्र के रास्ते गाजा में मदद भेज रहा था। यहां से अमेरिकी चैरिटी वर्ल्ड सेंट्रल किचिन के राहतकर्मी खाने के बक्से कलेक्ट करके फिलिस्तीनियों तक पहुंचा रहे थे। चैरिटी और UAE ने सुरक्षा के मद्देनजर फिलहाल अपने काम रोक दिए हैं। इजराइल की तरफ से होने वाली जांच पूरी होने के बाद काम दोबारा शुरू किया जाएगा।

### इजराइली सैनिकों ने अपने 3 नागरिकों को गोली मारी थी

इजराइली सेना ने 15 दिसंबर को गाजा में अपने ही तीन नागरिकों को गोली मार दी थी। तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। इन तीनों नागरिकों को हमास ने 7 अक्टूबर को बंधक बनाया था।

इजराइली डिफेंस फोर्स ने कहा- हम इस घटना की जिम्मेदारी लेते हैं। गाजा सिटी के शिजैया इलाके में एक ग्राउंड ऑपरेशन के दौरान सैनिकों को लगा कि ये लोग उनके लिए खतरा हैं। गोली मारने के बाद जब शवों के पास पहुंचे तो मारे गए लोगों की पहचान के बारे में संदेह हुआ। बाद में पता चला कि वो इजराइल के ही नागरिक हैं।

आईडीएफ के स्पोक्स पर्सन हगारी ने कहा- गाजा में एलोन शमरिज, योतम हैम और समेर अल-तलालका की मौत हो गई। वो हमास की कैद से बचकर भागे थे।

### घाना में पादरी ने नाबालिग लड़की से रचाई शादी

अक्करा। घाना में एक पादरी ने एक नाबालिग लड़की से शादी कर ली है जिससे देशभर में आक्रोश व्याप्त है और पादरी की गिरफ्तारी की मांग जोरों पर है। पादरी जी वुलोमो (63) ने शनिवार को यहां राजधानी अक्करा के पास एक पारंपरिक समारोह में 13 वर्षीय लड़की से शादी की। शादी के तुरंत बाद लड़की और उसकी मां को पुलिस सुरक्षा में रखा गया और घाना के अटॉर्नी जनरल ने इस विवाह की जांच शुरू कर दी है। अटॉर्नी जनरल के कार्यालय के एक बयान में कहा गया है, अगर आरोप साबित हो जाता है, तो यह एक अपराध है, जिसमें शामिल सभी व्यक्तियों पर मुकदमा चलाया जायेगा। घाना के कानून के तहत, शादी के लिए कानूनी न्यूनतम आयु 18 वर्ष है। पुलिस और अधिकारियों का कहना है कि लड़की 13 वर्ष की है।संबंधित अधिकारियों का हालांकि कहना है कि वह 16 वर्ष की है। पादरी के प्रवक्ता मनक्रालो श्वोनोटालोर ने बचाव करते हुए कहा कि शादी यौन संबंधों को लेकर नहीं हुयी है। उन्होंने कहा कि लड़की से तब तक वैवाहिक कर्तव्यों को पूरा करने की उम्मीद नहीं की जाएगी जब तक वह 18 वर्ष की नहीं हो जाती। प्रवक्ता ने मीडिया से कहा, यह कोई विवाह समारोह नहीं है। पादरी की पहले से ही तीन पत्नियाँ हैं। यह शादी उनके आध्यात्मिक कर्तव्यों में मदद करने के लिए पारंपरिक भूमिका है। उन्होंने कहा कि लड़की के अधिकारों का उल्लंघन नहीं किया गया है और वह अभी भी स्कूल जा रही है। सामाजिक कार्यकर्ता एवं पूर्व मंत्री एन ओए बम्पोए एडो ने कहा कि यह शादी अवैध है।

### सेना और हूती लडाकों के बीच संघर्ष 21 मरे

अदन। यमन के दक्षिणी प्रांत लाहज में बुधवार को सेना और हूती समूह के बीच हुये संघर्ष में 21 लोग मारे गये। एक सैन्य अधिकारी ने यह जानकारी दी। सैन्य सूत्र ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि लाहज के उत्तर में शुरायजाह मोर्चे पर सेना और हूती आतंकवादियों के बीच जबरदस्त संघर्ष हुआ।जहां सेना और हूती आतंकवादियों की बीच गोलाबारी हुयी। इस गोलीबारी में कमांडर सहित 12 जवानों की मौत हो गयी और अन्य आठ घायल हो गये। इस बीच नौ हूती आतंकवादी मारे गये और 15 से अधिक घायल हो गये। उल्लेखनीय है कि यमन में दो अक्टूबर 2022 से हालात बहुत नाजुक बने हुए हैं। जब संयुक्त राष्ट्र ने छह महीने के संघर्ष विराम को बढ़ाने और यमन सरकार की हूती आतंकवादियों से निपटने की विफलता की घोषणा की थी। गौरतलब है कि यमन 2014 से एक लंबे संघर्ष के बाद हूती लडाकों ने सितंबर 2014 में यमन की राजधानी सना पर कब्ज़ा कर लिया था। वर्ष 2015 में सऊदी के नेतृत्व वाले सैन्य गठबंधन ने सरकार को बहाल करने के लिए हस्तक्षेप किया था ।वर्षों से कूटनीतिक प्रयासों के बावजूद दोनों में से किसी भी पक्ष ने संघर्ष का समाधान निकालने के उद्देश्य से बातचीत करने की इच्छा नहीं दिखाई है। संयुक्त राष्ट्र के अनुमान के मुताबिक यमन में सैकड़ों हजारों लोगों की जान चली गयी है और लम्बे समय से चल रहे युद्ध ने लाखों लोगों को भुखमरी और अकाल के कगार पर धकेल दिया है।

### उ.कोरिया ने हाइपरसोनिक मिसाइल का सफलतापूर्वक किया परीक्षण

सोल। उत्तर कोरिया ने मध्यम दूरी की हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। मीडिया रिपोर्टों में बुधवार को कहा गया कि देश के शीर्ष नेता किम जोंग उन ने इस कार्यक्रम का मार्गदर्शन किया आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने बुधवार को कहा कि परीक्षण ने पहली बार चिह्नित किया कि देश ने ह्वासोंग-16 बी नामक नयी मध्यम दूरी की ठोस-ईंधन वाली बैलिस्टिक मिसाइल का परिक्षण किया है, जो नवविकसित हाइपरसोनिक ग्लाइडिंग वारहेड से लैस थीं। रिपोर्ट में कहा गया कि मिसाइल को उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग के बाहरी इलाके में सेना की एक प्रशिक्षण क्षेत्र से पूर्वोत्तर की ओर दागा गया। रिपोर्ट के अनुसार, मिसाइल से अलग होने के बाद, हाइपरसोनिक ग्लाइडिंग वारहेड 101.1 किलोमीटर की ऊंचाई पर अपनी पहली चोटी पर पहुंचा और 72.3 किलोमीटर की ऊंचाई पर दूसरी चोटी पर पहुंचा, जबकि 1,000 किलोमीटर लंबी उड़ान भरते के बाद वह कोरियाई प्रायद्वीप के पूर्वी जल में सफलतापूर्वक गिरा। रिपोर्ट में कहा गया कि इस परीक्षण से पड़ोसी देशों की सुरक्षा पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा है।

## दुनिया के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति का निधन

**114 साल के थे वेनेजुएला के जुआन विसेंट, रोज शराब पीते थे; 60 से ज्यादा पोते-पोतियां, पड़पोते हैं**

काराकस। दुनिया के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति जुआन विसेंट पेरेज मोरा का 114 साल की उम्र में निधन हो गया। जुआन वेनेजुएला के रहने वाले थे। फरवरी 2022 में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने उन्हें सबसे बुजुर्ग व्यक्ति घोषित किया था। उस वक्त उनकी उम्र 112 साल 253 दिन थी।

वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर जुआन की मौत की जानकारी दी। जुआन का जन्म 27 मई 1909 को हुआ था। उनके 11 बेटे, 41 नाती, पोते-पोतियां, 18 पड़पोते-पोतियां और 12 ग्रेट-ग्रेट ग्रैंडचिल्ड्रन हैं।

गिनीज की रिपोर्ट के मुताबिक, जुआन वो पेशे से एक किसान थे।



उन्होंने बताया था कि उनकी लंबी उम्र का राज कड़ी मेहनत, समय पर आराम करना और रोज एक ग्लास गन्ने से बनी शराब पीना है।

### 5 साल की उम्र से खेतों में काम कर रहे थे जुआन

5 साल की उम्र में जुआन ने अपने पिता और भाइयों के साथ खेत पर काम करना शुरू कर दिया था। वो गन्ने और कॉफी की खेती में उनकी मदद करते थे। इसके बाद वो शेरिफ (लोकल पुलिस अधिकारी) बन गए और अपने क्षेत्र में जमीन से जुड़े मसले सुलझाने लगे। हालांकि, इस दौरान उन्होंने खेती जारी रखी।

साल 1938 में जुआन ने एडिओफिना गार्सिया नाम की महिला से शादी कर ली। उनकी पत्नी की मौत 1997 में हुई। 2022 में जब जुआन को सबसे बुजुर्ग व्यक्ति घोषित किया गया, तब उन्हें कोई गंभीर बीमारी नहीं थी। वे कोई खास दवाइयां नहीं लेते थे। हालांकि, ज्यादा उम्र की वजह से जुआन ऊंचा सुनते थे।

### ब्रिटेन में सोने का शौचालय चोरी के मामले में जेम्स ने जुर्म कबूला

लंदन। ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री सर विंस्टन चर्चिल के ब्लेनहेम पैलेस से सोने का शौचालय चोरी होने के मामले में कुख्यात चोर जेम्स शीन ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। ब्रिटिश अखबार द सन की रिपोर्ट के अनुसार 39 वर्षीय जेम्स ने मंगलवार को चोरी, आपराधिक साजिश रचने और डकैती के मामले में अपना अपराध कबूल किया। अट्ठारह कैरेट वाले इस शौचालय को इतालवी कलाकार मौरिज़ियो कैटेलन ने बनाया था और 2019 में ब्लेनहेम पैलेस में स्थापित करने से पहले इसे पहले अमेरिका के न्यूयॉर्क स्थित सोलोमन आर गुगेनहेम संग्रहालय में प्रदर्शित किया गया था।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस D 85 सेक्टर 6 नोएडा से मुद्रित एवं 240 A अंसल चैंबर II, 6 भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली 110066 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11, ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# बच्चों को आरोग्य कैसे रखें ?

**परमात्मा से अरदास (प्रार्थना) करके लिए गए बच्चों को, हम रोगी कैसे बना देते हैं? बच्चों को रोगी बनाने से, हमें कैसे बचना चाहिए?**

**ठाकुर दलीप सिंह जी**

हम बड़े उत्साह से बच्चों को जन्म देते हैं। कभी-कभी तो हम बच्चों को अरदास करके, अपने भगवान से मांग कर लेते हैं और बड़े उत्साह से पालते हैं। लेकिन, लाड़ प्यार और चाव के कारण हम भावुकता से, भोलेपन में ही; बच्चे के तन और मन दोनों को ही रोगी कर देते हैं। बच्चे का सुनियोजित ढंग से पालन-पोषण करना भी अपने आप में एक कला है। बच्चा पैदा करने से पहले हमें यह पता होना चाहिए कि हम बच्चे के मन और तन को आरोग्य कैसे रख सकते हैं और बच्चे को अच्छे गुणों वाला मनुष्य, हम कैसे बना सकते हैं? परंतु, समस्या यह है कि बच्चा पैदा करने से पहले यह बातें हमें कोई बताता ही नहीं कि बच्चे का बढ़िया ढंग से सफलतापूर्वक पालन-पोषण कैसे करना है? यदि बच्चे के पालन-पोषण की कला सीखने की कोशिश करोगे, तो सफलतापूर्वक पालन-पोषण की कला सीखना असंभव नहीं है; संभव है।

इसलिए सभी माता-पिता से मेरा अनुरोध है कि जब से बच्चा माँ का दूध छोड़े; तब से ही बच्चे को स्वस्थ भोजन की आदत डालें और उसे हानिकारक खाद्य पदार्थों (टॉफी, चॉकलेट, चिप्स आदि) का स्वाद पैदा होने से रोकें। तली वस्तुएं, परांठे, मैदे से बने पदार्थ जैसे- नूडल्स, बिस्कुट, पिज्जा आदि स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक खाद्य पदार्थ हैं। दूध, दही, घी लगी चपाती में शिशु के लिए पर्याप्त मात्रा में चिकनाहट होती है। मक्खन, क्रीम, खोया, बर्फी आदि भोजन भारी होने के कारण, बच्चे के लिए इन्हें पचाना मुश्किल होता है। यह बिना पचा भारी भोजन शिशु को फायदे की बजाय नुकसान पहुंचा देता है। कोका कोला, सभी प्रकार के शीतल पेय (सॉफ्ट ड्रिंक) और बाजारी जूस आदि से भी बच्चों को दूर रखना चाहिए।

माता-पिता अज्ञानतावश कई बार हानिकारक भोजन; बच्चे को स्वयं ही देते हैं। कई बार माता-पिता बच्चे से कोई कार्य करवाने के लिए जानबूझकर भी टॉफी आदि का लालच दे देते हैं, जिसे खाने की बच्चे को आदत हो जाती है। बच्चों को रोगी करने में घर के बड़े-बुजुर्ग भी अज्ञानतावश अपनी बड़ी भूमिका निभाते हैं। बच्चों को अपने पास बुलाने और अपने पास अधिक समय रखने के लिए; उन्हें ऐसा भोजन और वस्तुएँ दे देते हैं; जिन से बच्चों की गलत आदतें बन कर, स्वास्थ्य खराब हो जाता है।

बच्चे को हानिकारक भोजन से बचाने के लिए माता-पिता को स्वयं भी इन भोजनों का त्याग करना होगा। क्योंकि, बच्चे कहने से उतनी बात नहीं अपनाते; जितना वह अपने माता-पिता को देखकर और उनका अनुसरण करके संस्कार धारण करते हैं। टॉफी, चॉकलेट, चिप्स, फास्ट फूड आदि घर लाना और खुद खाना बंद करो। बच्चा चाहे रोए या खाने की जिद करे; तो भी उन्हें स्वास्थ्य के लिए हानिकारक भोजन न दें।

यदि आप नहीं देंगे, तो धीरे-धीरे बच्चे फल, सब्जियाँ आदि खाना आरंभ कर देंगे; जो धीरे-धीरे उनकी जीभ का स्वाद बन जाएगा। इस तरह, बच्चे को जरूरत पड़ने पर, थोड़ा भूखा रख कर या थोड़ा रुला कर भी; सेहत के लिए अच्छा भोजन खाने की ही आदत डालनी चाहिए।

बच्चे को टॉफी, चॉकलेट की जगह सूखे मेवे जैसे खजूर, अंजीर, किशमिश आदि दे सकते हैं। जो परिवार महंगे सूखे मेवे नहीं खरीद सकते; वह गुड़ के छोटे-छोटे टुकड़े करके और नमक वाले भुने चने भी बच्चे को दे सकते हैं। चिप्स की जगह बच्चों को चपाती अच्छी तरह सेक कर, उस में नमक, काली मिर्च, नींबू या चाट मसाला डालकर और छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर बच्चों को दिया जा सकता है। वह चिप्स से भी ज्यादा स्वादिष्ट बनते हैं। टॉफी, चॉकलेट आदि खाने की आदत माता-पिता ही बच्चों में डालते हैं। बच्चे की भलाई के लिए, इन चीजों को खाने की आदत बदलना अत्यंत जरूरी है।

ताजे फल और सब्जियां खाना स्वयं भी आरंभ करें और बच्चे को भी बताएं कि ताजे फल-सब्जियां आदि खाने से और उनका जूस स्वयं निकाल कर लेने से, हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। लेकिन पैसों की कमी के कारण हर परिवार बच्चों को फल नहीं खिला पाता। जो लोग अपने बच्चों को फलों का रस नहीं दे सकते; वह सब्जियाँ, चने या दालें आदि बना कर, इनके सूप में थोड़ा नमक, काली मिर्च, चटनी आदि मिला कर, उसे स्वादिष्ट बना सकते हैं और अपने बच्चों को दे सकते हैं। पापड़ी चाट आदि की जगह अंकुरित अनाज या उबली दाल में कच्ची सब्जियां, खीरा, शिमला मिर्च, टमाटर, नमक, काली मिर्च, नींबू डालने से बहुत स्वादिष्ट बनती है और बच्चे भी इसे खुश हो कर खाते हैं। कोका कोला, सभी प्रकार के शीतल पेय (सॉफ्ट ड्रिंक) और बाजारी जूस की जगह नींबू-पानी (शकंजवी) का प्रयोग शुरू कर दें।

अपने बच्चे को मोबाइल, टी.वी. आदि यथासंभव कम देखने दें, इससे वह बाजारी हानिकारक खाद्य पदार्थों के विज्ञापन से बचेंगे। बच्चों का यह समय घर के कार्यों जैसे-खाना बनाना, बागबानी करना, साफ-सफाई आदि में लगाएं। बच्चों को खेलने के लिए कुछ ऐसी वस्तुएं दें जिस से उनका दिमाग तेज हो।

बच्चे को कोई भी कष्ट आने पर, उस रोग की निवृति- आहार में बदलाव करके, प्राकृतिक उपचार या जड़ी-बूटियों का उपयोग करके किया जाए। तुरंत किसी भी डॉक्टर के पास न जाएँ और न ही दवाएँ देने के चक्कर में पड़ें। अमेरिका, कनाडा आदि विकसित देशों में डॉक्टर जल्दी से दवा देते ही नहीं हैं। जिस प्रकार हम खान-पान, पहनावे, बोलचाल आदि अनेक कार्यों में विकसित देशों की नकल करते हैं, उसी प्रकार हमें बच्चे को दवा न देने की प्रथा का भी अनुसरण करना चाहिए।

बच्चे की उम्र के अनुसार उसे थोड़ा-थोड़ा करके योग-आसन और प्राणायाम शुरू करें। आप यूट्यूब आदि पर देखकर योगासन, प्राणायाम आदि सीख सकते हैं। कई मंदिरों में भी योग केंद्र बने हुए हैं; आप वहां जा कर भी सीख सकते हैं।

अपने बच्चों को आयुर्वेदिक और प्राकृतिक चिकित्सा के गुण- मिट्टी का लेप करना, साधारण जड़ी-बूटियाँ जैसे- काली मिर्च, अजवाइन, हरड़, हल्दी आदि के लाभ बताएं। इन चीजों का उपयोग बच्चों के सामने स्वयं भी करें ताकि बच्चे के मन में बचपन से ही यह बात बैठ जाए कि प्राकृतिक चिकित्सा, जड़ी-बूटियाँ, सादा जीवन, योग-आसन, प्राणायाम और आयुर्वेद; सर्वोत्तम हैं।

इनका प्रयोग करने से मेरा जीवन सुखी चलेगा और मैं आरोग्य रह सकूंगा। उन चीजों और आदतों को स्वयं भी अपनाएं, ताकि बच्चा आप को देखकर उन चीजों को अपनाए। ऐसा करके आप बच्चे को अच्छे संस्कार देंगे, अच्छी आदतें डाल देंगे; जो जीवन भर उसके लिए लाभदायक रहेंगी और जिससे बच्चा आरोग्य भी रहेगा।

## लड़कियां अपने खान-पान व स्वास्थ्य का रखें विशेष ध्यान : डॉक्टर ज्योति



**ललित कुमार गोठवाल**

बादली के राजकीय चौधरी धीरपाल महाविद्यालय में एनएसएस कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप में मुख्य अतिथि के तौर पर सामान्य अस्पताल झज्जर से पंचकर्म विशेषज्ञ डॉक्टर ज्योति व आरसी पूनिया ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। इस अवसर पर एनएसएस अधिकारी डॉक्टर पूनम व विकास कार्यक्रम अधिकारी ने उनका भव्य स्वागत किया। डॉ पूनम एनएसएस अधिकारी ने बताया कि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर आनंद खाद्यान्न के नेतृत्व में चलाई जा रहे एनएसएस कैंप में बच्चों के सर्वांगीण विकास पर बल दिया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान पंचकर्म विशेषज्ञ डॉक्टर ज्योति ने लड़कियों को बताया कि लगातार लड़कियों व महिलाओं में खून की कमी हो रही है। जिससे उन्हें विभिन्न बीमारियां घेरे हुए हैं। उन्हें अपने खान-पान रहन-सहन और ऋ्रतु ऋ्रतु परिवर्तन के दौरान हो रहे वातावरण पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है और हमें आर्गेनिक व पौष्टिक भोजन करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर उन्होंने आयुष विभाग की ओर से रक्त बढ़ाने की दवाइयों के बारे में जानकारी दी और कुछ दवाइयां व आयुर्वेद विभाग की बुकलेट भी वितरित की गई, ताकि छात्र-छात्राओं को अपने खान-पान व रहन-सहन संबंधी जानकारी मिल सके। इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए डॉक्टर ज्योति ने स्पष्ट तौर पर कहा कि हमें मोबाइल से दूरी बनानी होगी, क्योंकि सोशल मीडिया ने लगातार भ्रामक वीडियो होते हैं जो कि छात्र-छात्राओं को तनाव से भर देते हैं वहीं उन्होंने प्रतिदिन अपने खान-पान में पौष्टिक स्वास्थ्यवर्धक खाद्य पदार्थों को शामिल करने की बात कही और योग नियमित करने पर भी पर बल दिया। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर पूनम व विकास ने बताया कि एनएसएस कार्यक्रम के दौरान पहुंची डॉक्टर ज्योति ने छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी बहुत ही फायदेमंद व लाभदायक बातें बताई हैं।

## मायावती और आकाश आनंद करेंगे पहले चरण में प्रचार

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी ने बुधवार को लोकसभा चुनाव के पहले चरण के प्रचार के लिये अपने 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। 19 अप्रैल को होने वाले चुनाव के लिये बसपा सुप्रीमो मायावती, उनके भतीजे आकाश आनंद और पार्टी महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा समेत 40 स्टार प्रचारक बसपा प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार करेंगे। इनके अलावा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल, मुनकाद अली, राजकुमार गौतम, समसुद्दीन राइन और नरेश गौतम भी स्टार प्रचारकों की फेहरिस्त में शामिल है। अपने बूते लोकसभा चुनाव में उतरी बसपा ने बुधवार को पार्टी प्रत्याशियों की तीसरी सूची भी जारी कर दी है।

## शार्ट न्यूज

### डा. महेश शर्मा ने नामांकन दाखिल किया



गौतमबुद्धनगर लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी व वर्तमान सांसद एवं पूर्व मंत्री भारत सरकार डा. महेश शर्मा ने सर्वप्रथम अपनी मां का आर्शीवाद लेकर धर्मपत्नी डा. उमा शर्मा एवं परिवार सहित श्री सनातन धर्म मंदिर सैक्टर 19, नोएडा में पूजा अर्चन की और आर्शीवाद लेकर कलेक्टर परिसर सूरजपुर जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मनीष कुमार वर्मा के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले भाजपा प्रत्याशी डा. महेश शर्मा ने कहा कि वह पीएम नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं को धन्यवाद किया उन्होंने कहा कि एक बार फिर पार्टी ने मुझ पर भरोसा जताया है। डा. महेश शर्मा नामांकन की प्रक्रिया समाप्त होने के बाद ग्रेटर नोएडा स्थित शारदा विश्वविद्यालय पहुंचे, जहां उ0 प्र0 के उप मुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक जी ने भाजपा के लिए वोट मांगें।

### विश्व ऑटिज्म दिवस पर आजीवसन के शिक्षकों सुरेश वाडकर और पद्मा वाडकर का उल्लेखनीय समर्पण



मुंबई (अनिल बेदाग)। इस विश्व ऑटिज्म दिवस पर, हम आजीवसन के शिक्षकों के अटूट समर्पण और अथक प्रयासों की सराहना करते हैं। चुनौतियों के बीच, ऑटिज्म और डाउन सिंड्रोम से पीड़ित बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए उनकी प्रतिबद्धता जगमगाती है। उनके अथक प्रयास और दयालु दृष्टिकोण समावेशिता और सशक्तिकरण की भावना को मूर्त रूप देते हैं। आज, हम इन असाधारण व्यक्तियों के जीवन में उनके अमूल्य योगदान का जश्न मनाते हैं। आजीवसन हॉल (सांताक्रूज़ पश्चिम) में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में पद्मश्री सुरेश वाडकर जी और प्रेम वसंत जी की गरिमामयी उपस्थिति होगी, जो औपचारिक दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। इस शाम का मुख्य आकर्षण हमारे विशेष छात्रों द्वारा संगीत के माध्यम से अपनी प्रतिभा और क्षमताओं का प्रदर्शन करते हुए दिल को छू लेने वाली प्रस्तुतियाँ होंगी। इसके अलावा, उपस्थित लोगों को प्रसिद्ध संगीत चिकित्सक आइवी रॉय जी के साथ एक खुले प्रश्नोत्तर सत्र में भाग लेने का अवसर मिलेगा, जिसमें विशेष आवश्यकताओं वाले व्यक्तियों के लिए संगीत के चिकित्सीय लाभों पर चर्चा की जाएगी।

### सुलतानपुर के लोगों को मैंने सुरक्षा, विकास और ताकत दी : मेनका गांधी



सुलतानपुर। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद मेनका गांधी ने बुधवार को कहा कि जाति और धर्म पूछे बगैर उन्होने संसदीय क्षेत्र के हर नागरिक को सुरक्षा, विकास और ताकत दी है। अपने चुनावी दौरे के तीसरे दिन दो दर्जन से अधिक स्वागत व नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुये गांधी ने कहा मैंने कभी किसी की जाति और कौम नहीं पूछा। केवल तकलीफ पूछती हूं और फौरन मदद करती हूं। मैं भ्रष्टाचार के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस रखती हूं। उन्होने नुक्कड़ सभाओं का सिलसिला गोसाईगंज से शुरू किया जो महादेवपुर, उघड़पुर, बरौसा, मोतिगरपुर, पाण्डेबाबा, पारसपट्टी में समाप्त हुआ। गांधी ने कहा मुझे सुलतानपुर की सांसद होने पर गर्व महसूस होता है। सुलतानपुर मेरा परिवार है। मैंने पांच वर्षों में माहौल को बदला है। आज सुल्तानपुर में एक आशा का माहौल बना है। 2019 में आई तो निराशा का माहौल था। तब मेरे ऊपर लोगों का विश्वास भी कम था। यहां पर बड़े-बड़े लोग यहां आए और जीत कर चले गए। फिर जनता के बीच नही दिखाई पड़े। आज सुलतानपुर की जनता को मालूम है कि किसी के साथ अन्याय हुआ तो मैं मदद के लिए हूं। पांच वर्षों में मैं हर 15 दिन में आती रही। तीन दिन रुक कर 700-800 लोगों की समस्याओं का निदान कराती रही।

## अजय देवगन ने पहली बार सुनी सैयद अब्दुल रहीम की सच्ची कहानी



मुंबई (अनिल बेदाग)। भारत में फुटबॉल में क्रांति लाने वाले एक शख्स की कहानी को लेकर काफी उम्मीदें हैं। सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका में अजय देवगन के साथ, प्रशंसक इस प्रेरक जीवन यात्रा को सामने लाने के लिए इंतजार नहीं कर सकते। निर्माताओं ने हाल ही में टीम इंडिया हैं हम को रिलीज़ किया है, जिससे मैदान की रिलीज़ के लिए एड्रेनालाईन और उत्साह की भावना पैदा हुई है।

फिल्म और सैयद अब्दुल रहीम के बारे में बात करते हुए अजय देवगन ने साझा किया, एक बेहतरीन कहानी होने के अलावा, मुझे कभी नहीं पता था कि हमारे देश में ऐसा कुछ हुआ था और फुटबॉल अपने चरम पर पहुंच गया था और केवल इसकी वजह से, मैं कुछ नहीं कह सकता। आदमी लेकिन एक आदमी और ये खिलाड़ी जिन्होंने 50 और 60 के दशक में फुटबॉल की दिशा बदल दी। वास्तव में मैं हैरान और आश्चर्यचकित था कि ऐसा हुआ होगा और उसके जैसा कोई व्यक्ति था और यह पहली बात थी कि इस कहानी को बताया जाना चाहिए। मैदान में प्रियामणि, गजराज राव और बंगाली अभिनेता रुद्राणी घोष भी हैं।

ज़ी स्टूडियोज़, बोनी कपूर, अरुणव जॉय सेनगुप्ता और आकाश चावला द्वारा निर्मित, पटकथा और संवाद क्रमशः सैविन क्वाड्रास और रितेश शाह द्वारा लिखे गए हैं, संगीत एआर रहमान द्वारा और गीत मनोज मुंतशिर शुक्ला द्वारा हैं। यह फिल्म इस ईद 2024 पर दुनिया भर के सिनेमाघरों में 10 अप्रैल 2024 को आईमैक्स में भी रिलीज होने के लिए तैयार है।

## रेडीनेस फेस्टिवल में डीपीओ ने प्ले स्कूल का किया उद्घाटन

**आंगनवाड़ी केंद्रों को राजकीय विद्यालयों मे शिफ्ट करते हुए बनाए गए प्ले स्कूल**

- जिला महेन्द्रगढ़ में 142, नांगल चौधरी ब्लॉक में 22 प्ले स्कूल
- नौनिहालों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध प्ले स्कूल
- प्रवेशोत्सव में 3 से 6 वर्ष के बच्चों का नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ
- महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी समेत स्टाफ ने रेडीनेस मेले में लिया भाग



**कपिल शर्मा। गौरवशाली भारत**

नांगल चौधरी। पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परिसर में सरकार द्वारा निर्देशित एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित रेडीनेस मेले के अन्तर्गत जिला कार्यक्रम अधिकारी संगीता यादव ने गर्ल्स स्कूल में प्ले स्कूल का उद्घाटन किया। सीडीपीओ कांता देवी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में सुपरवाइजर सुनीता यादव और कार्यालय सहायक हेमंत कुमार शामिल हुए।

प्ले स्कूल प्रवेशोत्सव के शुभारंभ पर डीपीओ संगीता यादव ने बताया कि, नांगल चौधरी और गांव नायन में बुधवार को रेडीनेस मेले के तहत प्ले स्कूल का उद्घाटन किया गया है। इसमें नौनिहालों की माताओं को आंगनवाड़ी गतिविधियों से अवगत कराया गया है। अब आंगनवाड़ी केन्द्र में पंजीकृत बच्चों को स्कूल के लिए तैयार किया जाएगा।

प्राइवेट प्ले स्कूलों में औपचारिकताएं होती है। लेकिन आंगनवाड़ी में नौनिहाल लाभार्थियों को घर जैसा माहौल मिलने पर खेल-खेल में बच्चों को शब्द, संकेत, भाषा और अक्षर, गिनती, रंगों का ज्ञान सिखने को मिलेगा और बच्चों के मानसिक एवं बौद्धिक विकास में वृद्धि होगी और शिक्षा के साथ सर्वांगीण विकास होगा। ब्लॉक नांगल चौधरी में 22 जगह पर प्ले स्कूल चल रहे हैं। सभी में रेडीनेस मेले लगाए जा रहे हैं।

इस कार्यक्रम में सुपरवाइजर सुनीता यादव ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं प्ले स्कूल संचालिकाओं को अपने संदेश में कहा कि आंगनवाड़ी में उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाएँ सभी लाभार्थियों तक पहुंचाए और बच्चों के पांच विकास को ध्यान में रखते हुए एक्टिविटी करवांए। सभी कार्यकर्ता स्कूल समय पर खोलें और घर जैसा महौल उपलब्ध करवाएं। साथ ही सभी नौनिहालों को प्ले स्कूल आने के लिए प्रेरित करें।

शहर की गर्ल्स स्कूल में लगाए गए रेडीनेस मेले में सीडीपीओ सहायक हेमंत कुमार ने बताया कि, सरकार के निर्देशन में आंगनबाड़ी केंद्रों को अपग्रेड करते हुए प्ले स्कूल बनाया गया है। सभी केद्रों को प्ले स्कूलों में बदलने के बाद संसाधन भी बढ़ाए गए हैं। रेडीनेस मेले के साथ अप्रैल माह से नौनिहालों के प्रवेशोत्सव की विधिवत शुरुआत हुई है। इन प्ले स्कूल के माध्यम से बच्चों को खेल-खेल में पढ़ना लिखना सिखाया जाएगा। साथ ही बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न बौद्धिक गतिविधियां करवाई जाएंगी।

पंजीकृत नौनिहालों को महिला एवं बाल विकास विभाग से शैक्षणिक एवं खेल सामग्री मुहैया करवाते हुए पेयजल आरओ की सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी।

रेडीनेस फेस्टिवल के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी एवं कार्यलय स्टाफ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं लाभार्थी नौनिहालों की माताओं समेत राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य रघुबीर सिंह एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## बड़े-बड़े घराने अनाज के व्यापार पर अपना पूरी तरह से कब्जा करना चाहते हैं : बजरंग गर्ग

**ललित कुमार गोठवाल**



झज्जर। सरकार द्वारा सरसों की सरकारी खरीद आढ़तियों के माध्यम से ना करने व गेहूं खरीद पर आढ़त कम करने के विरोध में हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कांन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग के नेतृत्व में झज्जर मंडी में जोरदार प्रदर्शन किया गया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। धरने पर भारी संख्या में व्यापारी मौजूद थे। इस अवसर पर व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने उपस्थित व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण प्रदेश से लगातार व्यापारी पलायन कर रहे है। भाजपा सरकार में आढ़तियों को आढ़त नहीं मिलती, पल्लेदारों को मजदूरी नहीं मिलती व किसानों को फसल के पूरे भाव नहीं मिलते हैं। जिसके कारण व्यापारी, किसान, मजदूर व आम जनता में इस सरकार के प्रति बड़ी भारी नाराजगी है। सरकार ने गेहूं व धान पर पिछली खरीद में भी आढ़तियों का कमीशन काट कर काफी कम दिया था और अब सरकार सरसों, कपास, बाजरा, मूंग, चना, सुरजमुखी की खरीद आढ़तियों के माध्यम से ना करने से व्यापारियों में सरकार के प्रति बड़ी भारी नाराजगी है अगर सरकार ने किसान की फसल आढ़तियों के माध्यम से नहीं खरीदी तो व्यापारी व किसान भाजपा को वोट की चोट से जवाब देगा। भाजपा सरकार ने व्यापारी व आम जनता पर नए-नए टैक्स लगाकर व टैक्सों में बढ़ोतरी करके जनता की जेबों में डाका डालने का काम किया है। सरकार की गलत नीतियों के कारण प्रदेश में गांव स्तर पर 80 प्रतिशत छोटे-छोटे उद्योग बंद हो गए हैं। जिसके कारण हरियाणा में लाखों परिवार बेरोजगार हुए हैं जिसके कारण बेरोजगारी बड़ी है। अब सरकार बड़े-बड़े घरानों को लाभ पहुंचाने के लिए सरकारी मंडी बंद करना चाहती है। बजरंग गर्ग ने कहा कि बड़े-बड़े घराने हरियाणा व पूरे देश में वेयरहाउस व साइलो बनाकर अनाज के व्यापार पर अपना पूरी तरह से कब्जा करना चाहते हैं अगर अनाज के व्यापार पर बड़े घरानों का नियंत्रण हो गया तो आटा, दाल व हर अनाज की कीमतें पहले से दो-तीन गुना ज्यादा हो जाएगी। सरकारी यही चाहती है। इसलिए सरकार सरसों व अन्य अनाज की खरीद आढ़तियों के माध्यम से नहीं कर रही है।

गर्ग ने कहा कि सरकार किसान व आढ़तियों के साथ पोर्टल-पोर्टल खेल रही है जबकि सरकार का पोर्टल काम करता नहीं है। सरकार को अनाज खरीद ऑनलाइन करने की बजाएं ऑफलाइन खरीदनी चाहिए और हर अनाज खरीद आढ़तियों के माध्यम से करके व्यापारियों को 2.5 प्रतिशत पूरी दामी सरकार को देनी चाहिए। सरकार द्वारा सरसों की सरकारी खरीद आढ़तियों के माध्यम से ना करने के विरोध में हरियाणा की अनाज मंडियां अलग-अलग समय पर 5 अप्रैल तक व्यापारी प्रदर्शन करेगा।

## अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम पर स्वास्थ्य विभाग की छापेमारी








**रमेश शर्मा। गौरवशाली भारत**

बलरामपुर। मीडिया में प्रकाशित खबरों का संज्ञान लेते हुए बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने अवैध रूप से संचालित अस्पतालों तथा नर्सिंग होम पर नकेल कसने के लिए टीम गठित कर कार्रवाई करने हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभियान चलाया गया। इस क्रम में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष कुमार श्रीवास्तव द्वारा सानिया पाली क्लीनिक एवं जच्चा बच्चा केंद्र रानीपुर पेहर बाजार उतरौला के नाम से अवैध रूप से हॉस्पिटल का संचालन सुहेल खान द्वारा किया जा रहा था, जिसमे अप्रशिक्षित स्टाफ द्वारा असुरक्षित प्रसव कराया जाता है, मरीजों को भर्ती करके उपचार किया जाता है। जिसे बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी के आदेशानुसार डॉ संतोष कुमार श्रीवास्तव अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी नोडल अधिकारी हॉस्पिटल रजिस्ट्रेशन एवं डॉक्टर योगेंद्र चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला द्वारा सीज किया गया। हुसैन क्लीनिक उतरौला एवं सारंग पॉली क्लीनिक उतरौला को नोटिस दिया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी द्वारा अवैध रूप से संचालित अस्पतालों का निरीक्षण किया गया।

सीएमओ की गाड़ी देखते ही अवैध नर्सिंग होम संचालकों के हाथ पांव फूल गए, अफरा तफरी मच गई, कई अवैध नर्सिंग होम संचालक फरार हो गए। सीएमओ ने गैंडास बुजुर्ग के चिरकुटिया बाजार के मां सेवा हॉस्पिटल के संचालक भाग गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर ने उतरौला बाजार में संचालित सावित्री हॉस्पिटल पर छापा मारा तो वहां का संचालक भी भाग गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने बताया कि जनपद में अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम, अस्पतालों व पैथोलॉजी पर अभियान चला कर नियमित रूप से कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम संचालकों से अपील किया है कि जिनके भी अस्पताल का पंजीकरण न हुआ हो वे मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में अपने अस्पताल का पंजीकरण नियमानुसार करवाना सुनिश्चित कर लें अन्यथा उन सब के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए भारतीय दण्ड संहिता की सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करवा दिया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने यह भी कहा कि जिन भी नर्सिंग होम अस्पतालों तथा पैथोलॉजी सेंटरों में अप्रशिक्षित और अयोग्य कर्मियों द्वारा कार्य लिया जा रहा है उनसे तत्काल कार्य लेना बंद कर दें। अन्यथा किसी भी तरह की जनहानि होने पर नर्सिंग होम संचालकों पर व्यक्तिगत जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए इस आपराधिक कृत्य के लिए कठोर विधिक कार्यवाही किया जाएगा।